CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 22°C

नई दिल्ली, बुधवार 6 अगस्त 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 125 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 11 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



पश्चिमी-पूर्वी उप्र के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी

पेज 2




हर कप्तान चाहता है सिराज जैसा गेंदबाजः गिल

खेल टाइम्स



अपनी स्पष्टवादिता के लिए याद रहेंगे सत्यपाल मलिक

सम्पादकीय



भारत अच्छा बिजनेस पार्टनर नहीं: ट्रम्प

पेज 12

# उत्तराखंड में धराली समेत तीन जगह बादल फटा ,गांव जमींदोज, चार की मौत

### पहाड़ से पानी और मलबा आया, 34 सेकंड में घर, होटल मलबे में दबे, 50 से ज्यादा लापता

### बाढ़ से हर्षिल हेलीपैड में पानी भरा, सेना के 8 से 10 जवान लापता, सेना के जवान बचाव कार्य में जुटे

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देहरादून/उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के धराली में बादल फटने से खीर गंगा गांव बह गया है। घटना मंगलवार दोपहर 1.45 बजे की है। घटना के कई वीडियो और फोटोज सामने आए हैं। इनमें दिख रहा है कि पहाड़ी से बारिश का पानी और मलबा आया और 34 सेकंड में पूरा गांव बहा ले गया। उत्तरकाशी के डीएम प्रशांत आर्या ने बताया कि अब तक चार लोगों की मौत की खबर मिली है। 50 से ज्यादा लोग लापता हैं। कई लोगों के दबे होने की खबर है।

धराली गांव देहरादून से 218 किमी और गंगोत्री धाम से 10 किमी दूर है। रेस्क्यू टीम एसडीआरएफ, एनडीआरएफ के साथ आर्मी भी मौके पर पहुंच गई है। पानी का सैलाब गांव की तरफ आते ही लोगों में चीख पुकार मच गई। कई होटलों में पानी और मलबा घुस गया है। धराली बाजार पूरी तरह तबाह हो गया है। कई होटल दुकानें ध्वस्त हो चुकी हैं। यहां पिछले 2 दिनों से भारी बारिश हो रही है। सीएम धामी ने कहा कि हम हालातों पर नजर बनाए हुए हैं। उत्तरकाशी में पिछले 2 दिनों से बारिश हो रही है, इस दौरान मंगलवार सुबह बादल फटा और धराली गांव की ओर मलबा आया। नदी में मलबे की वजह से ओवरफ्लो हो गया और मलबा और पानी बाहर निकल गया। पूरा धराली गांव मलबे के नीचे दबने से तबाह हो गया है। उत्तरकाशी प्रशासन ने बताया कि धराली के अलावा हर्षिल और सुक्की में बादल फटा है। फिलहाल इस घटना को लेकर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। धराली के खीर गंगा में आई बाढ़ से हर्षिल हेलीपैड के क्षेत्र में जलभराव हो गया है। उत्तरकाशी के निचले हिस्सों में बाढ़ का खतरा बन सकता है। एसडीआरएफ कमांडेंट अर्पण यदुवंशी ने बताया कि एसडीआरएफ टीमें घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। लगातार बारिश हो रही है। इसकी वजह से रेस्क्यू में दिक्कत आ रही है। बाढ़ के पानी के साथ काफी तादाद में मलबा आ गया है। भारतीय सेना, एसडीआरएफ, आईटीबीपी और पुलिस की टीमें साथ मिलकर समन्वय -**शेष पृष्ठ दो पर**

## प्रभावित लोगों की हरसंभव मदद की जा रही है: मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तरकाशी के धराली में बादल फटने की त्रासदी से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए प्रभावित लोगों के कुशलक्षेम की कामना भी की है। प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भी बात की और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि जरूरतमंदों को समय पर सहायता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। श्री मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उत्तरकाशी के धराली में हुई इस त्रासदी से प्रभावित लोगों के प्रति मैं अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। इसके साथ ही सभी पीड़ितों की कुशलता की कामना करता हूं। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी जी से बात कर मैंने हालात की जानकारी ली है। राज्य सरकार की निगरानी में राहत और बचाव की टीमें हरसंभव प्रयास में जुटी हैं। लोगों तक मदद पहुंचाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जा रही है। श्री शाह ने कहा है कि उन्होंने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से बात कर घटना की जानकारी ली है।

## विपक्ष अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने में माहिर: मोदी

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित संसद भवन परिसर में मंगलवार को एनडीए संसदीय दल की बैठक हुई। इसमें एनडीए सांसदों ने ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव की सफलता पर पीएम नरेंद्र मोदी को सम्मानित किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीएम को हार पहनाया। सांसदों ने 'हर-हर महादेव', 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पीएम ने सांसदों को अपने संबोधन में कहा कि संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग करके विपक्ष ने गलती की। इसमें उनकी ही फजीहत हुई। विपक्ष अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने में माहिर है। विपक्ष रोज ऐसी चर्चा कराए, हम इस फील्ड में माहिर हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार में वोटर्स लिस्ट रिविजन के मुद्दे पर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। देश की जनता सब देख रही है।

## शाह सबसे लंबे समय तक गृह मंत्री रहने वाले व्यक्ति बने

**नई दिल्ली।** अमित शाह मंगलवार को भारत के सबसे लंबे समय तक केंद्रीय गृह मंत्री रहने वाले व्यक्ति बन गए हैं। वे 2,258 दिनों से पद पर हैं। शाह ने 30 मई, 2019 को मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में गृह मंत्री का कार्यभार संभाला था। शाह ने गृह मंत्री का पहला कार्यकाल 9 जून 2024 को पूरा किया था। 10 जून, 2024 को वे फिर से गृह मंत्री बने और तब से इस पद पर हैं। गृह मंत्रालय के अलावा, वे देश के पहले सहकारिता मंत्री भी हैं। इससे पहले शाह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और गुजरात के गृह मंत्री रह चुके हैं।

## लालकिले में डमी बम डिटेक्ट नहीं कर पाए सात पुलिसकर्मी नपे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किले की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी एक डमी बम का पता नहीं लगा पाए। इसके बाद कॉन्स्टेबल और हेड कॉन्स्टेबल समेत सात पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। घटना 2 अगस्त की है। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को लेकर पुलिस रोजाना अभ्यास करती है। स्पेशल सेल की एक टीम शनिवार को सादे कपड़ों में मॉक ड्रिल के लिए पहुंची थी। वे अपने साथ एक नकली बम लेकर लालकिले में दाखिल हुए। उस समय, लालकिले की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी बम डिटेक्ट नहीं कर सके। पुलिसकर्मियों को सुरक्षा में लापरवाही बरतने पर नलंबित कर दिया गया है।

## कुबेरेश्वर धाम में भगदड़, दो महिला श्रद्धालुओं की मौत

**सीहोर।** मध्य प्रदेश के सीहोर जिले स्थित कुबेरेश्वर धाम मेंरुद्राक्ष वितरण के दौरान भारी भीड़ के कारण कथित तौर पर मची भगदड़ में दो महिलाओं की मौत हो गई और 10 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। भीड़ इतनी बढ़ गई कि ठहरने और दर्शन की व्यवस्थाएं ध्वस्त हो गईं। यहां आने वाले श्रद्धालु प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगा रहे हैं।

## गोवा विधानसभा में एसटी को मिलेगा आरक्षण, मणिपुर में राष्ट्रपति शासन बढ़ा

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने गोवा विधानसभा में अनुसूचित जनजातियों (एसटी) को आरक्षण देने वाला बिल पास कर दिया। इस दौरान विपक्ष बिहार में मतदाता सूची संशोधन पर चर्चा की मांग को लेकर विरोध करता रहा। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गोवा राज्य की विधानसभा क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुनर्समायोजन विधेयक, 2025 को चर्चा और पारित करने के लिए पेश किया। हंगामे के बीच यह बिल ध्वनिमत से पास हो गया। आरक्षण को लेकर बिल में बताया गया है कि गोवा में अनुसूचित जनजातियों की आबादी 2011 की जनगणना के अनुसार काफी बढ़ी है। 2011 में गोवा की कुल आबादी 14,58,545 थी, जिसमें एससी की आबादी 25,449 व एसटी की आबादी 1,49,275 थी। इसके बावजूद, 40 सदस्यीय गोवा विधानसभा में एसटी समुदाय के लिए कोई भी सीट आरक्षित नहीं है, जबकि एससी के लिए एक सीट आरक्षित है। बिल का मकसद इस असमानता को दूर करना है, ताकि एसटी समुदाय को भी संविधान में दिए गए आरक्षण का लाभ मिल सके। यह बिल पिछले साल यानी 6 अगस्त 2024 को लोकसभा में पेश किया गया था, लेकिन अब जाकर पारित हुआ है। यह संसद के मौजूदा मानसून सत्र में लोकसभा द्वारा पारित किया गया पहला बिल है।

## संसद में मिलकर उठाएंगे जनता के मुद्दे: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि इंडिया गठबंधन के दलों के नेताओं की संसद भवन परिसर में बैठक हुई जिसमें मिलकर जनता के मुद्दों को उठाने पर चर्चा की गई।

बैठक में एक न्यायाधीश की श्री गांधी पर की गई टिप्पणी पर भी चर्चा हुई। बैठक में सीमाओं की रक्षा का मामला भी उठा और कहा गया कि सरकार देश की सीमाओं को सुरक्षित करने में विफल रही है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया फेसबुक पोस्ट में यह जानकारी देते हुए कहा कि आज संसद में कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी की मौजूदगी में इंडिया गठबंधन के फ्लोर लीडर्स की बैठक में शामिल हुआ। हम मिलकर जनता के हक़ और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सदन में आवाज़ उठाते रहेंगे। इस बीच कांग्रेस पार्टी ने बैठक में उठाए गए मुद्दों की जानकारी दी।

## जज तय नहीं करेंगे कौन सच्चा भारतीय: प्रियंका गांधी

नई दिल्ली, वार्ता



**कहा: सरकार से सवाल पूछना विपक्ष के नेता का कर्तव्य**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में कहा कि माननीय जजों का पूरा सम्मान रखते हुए मैं ये कहना चाहती हूं कि वे यह तय नहीं करेंगे कि सच्चा भारतीय कौन है।

उन्होंने कहा कि सरकार से सवाल पूछना विपक्ष के नेता का कर्तव्य है। मेरा भाई कभी भी सेना के खिलाफ नहीं बोलेगा, उनके प्रति सम्मान रखता है। भाई की बातों का गलत मतलब निकाला गया। दरअसल, प्रियंका का ये जवाब सुप्रीम कोर्ट के राहुल के सच्चे भारतीय होने पर उठाए सवाल पर आया। 4 अगस्त को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सेना पर की गई टिप्पणी मामले पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई थी।

## पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का निधन

### 79 की आयु में बीमारी के चलते आरएमएल में ली अंतिम सांस

शाह टाइम्स ब्यूरो




**पीएम मोदी व राहुल गांधी सहित कई नेताओं ने जताया दुख**

**नई दिल्ली।** बिहार और जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल और मशहूर किसान नेता सत्यपाल मलिक का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद यहां राम मनोहर लोहिया अस्पताल में निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे।

सोशल मीडिया एक्स पर दी गई जानकारी के अनुसार उन्हें गत 11 मई को अस्पताल में संक्रमण की शिकायत के बाद भर्ती कराया गया था। किडनी की समस्या के कारण उनकी अस्पताल में डायलिसिस की जाती थी। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि श्री सत्यपाल मलिक जी के निधन से दुखी हूं। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और समर्थकों के साथ हैं। ओमशांति। लोकसभा नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने शोक संदेश में कहा कि लोग उन्हें हमेशा ऐसे इंसान के रूप में याद रखेंगे, तो आखिरी वक्त तक बिना डरे सच बोलते रहे और जनता के हितों की बात करते रहे। र मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने संदेश में कहा कि वे बेबाकी और निडरता से सत्ता को सच्चाई का आइना दिखाते रहे। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने शोक व्यक्त किया।

## वायुसेना व नौसेना ने ब्रह्मोस मिसाइलों का दिया बड़ा ऑर्डर

शाह टाइम्स ब्यूरो




**पाकिस्तान के खिलाफ किए गए ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस मिसाइलों ने निभाई थी अहम भूमिका**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस मिसाइलों ने अहम भूमिका निभाई थी। अब खबर आई है कि भारतीय वायुसेना और नौसेना ब्रह्मोस मिसाइलों का एक बड़ा ऑर्डर देने जा रही हैं। ब्रह्मोस मिसाइलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अहम भूमिका निभाई थी और पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठानों को भारी नुकसान पहुंचाया था।

एक शीर्ष रक्षा विशेषज्ञ ने एक न्यूज एजेंसी को बताया कि रक्षा मंत्रालय की एक उच्च स्तरीय बैठक जल्द होगी, जिसमें बड़ी संख्या में ब्रह्मोस मिसाइलों के अधिग्रहण को मंजूरी दी जाएगी। ये खरीद भारतीय नौसेना के युद्धक जहाजों और भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों के लिए की जाएगी। ब्रह्मोस एक लंबी दूरी की सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल प्रणाली है जिसे जमीन, समुद्र और हवा तीनों जगह से प्रक्षेपित (लॉन्च) किया जा सकता है। ब्रह्मोस को डीआरडीओ, भारत और रूस के एनपीओएम द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। नौसेना अपने वीर-क्लास युद्धक जहाजों में ब्रह्मोस मिसाइलों का इस्तेमाल करेगी। वहीं वायुसेना अपने लड़ाकू जहाज एसयू-30 एमकेआई के बेड़े में इन खतरनाक मिसाइलों को तैनात करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे एयर डिफेंस सिस्टम, मिसाइल, ड्रोन्स और खासकर ब्रह्मोस मिसाइल ने आत्मनिर्भर भारत की ताकत को साबित किया। बीती 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था, जिसमें 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्ममता से हत्या कर दी गई थी। इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थित लश्कर ए तैयबा के छद्म संगठन टीआरएफ ने ली थी। हमले के बाद भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए 7 मई को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की थी। भारत की कार्रवाई में प्रमुख तौर पर ब्रह्मोस मिसाइल का इस्तेमाल किया गया। जिसने बेहद सटीकता से आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इसके बाद पाकिस्तान ने कायराना हरकत करते हुए भारत में नागरिक और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की। हालांकि भारत के एयर डिफेंस के सामने उसकी एक न चली।

## 1971 के अखबार से भारतीय सेना का अमेरिका पर निशाना

**कहा-अमेरिका ने युद्ध के लिए पाकिस्तान को हथियार दिए, कल ट्रम्प ने धमकी दी थी**

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने मंगलवार को 1971 के एक अखबार की कटिंग शेयर कर अमेरिका पर निशाना साधा है। इसमें दिखाया गया है कि 1971 के युद्ध की तैयारी में अमेरिका पाकिस्तान को हथियार दे रहा था। सेना की ईस्टर्न कमान ने एक्स पोस्ट में लिखा कि इस दिन, उस साल, युद्ध की तैयारी पांच अगस्त 1971, फैक्ट जानें।

1954 से अब तक (1971) पाकिस्तान को 2 अरब डॉलर के अमेरिकी हथियार भेजे गए। इंडियन आर्मी का ये पोस्ट अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भारत पर ज्यादा टैरिफ लगाने की धमकी के एक दिन बाद आया है। ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर उसे खुले बाजार में मुनाफे के साथ बेच रहा है। मैं भारत पर लगने वाले टैरिफ में भारी इजाफा करूंगा। पांच अगस्त 1971 का अखबार, जिसे भारतीय सेना ने मंगलवार को शेयर किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### समर्थ पोर्टल के जरिये होंगे एमबीबीएस बीडीएस के दाखिले

**लखनऊ।** नीट यूजी 2025 के तहत एमबीबीएस और बीडीएस में पहले चरण की च्वाइस फीलिंग के बाद दाखिले के इच्छुक छात्रों के प्रवेश समर्थ पोर्टल के जरिए होंगे। सरकार की मंशा केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया को प्रभावी बनाना है। इस बाबत किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के डीन प्रो. वीरेंद्र आतम की ओर से आदेश जारी किया गया है। समर्थ को लागू करने के पीछे सरकार की मंशा है कि पोर्टल के जरिए होने से पूरा डेटा संग्रहित रहेगा। जरूरत पड़ने पर एक क्लिक में पूरी जानकारी उपलब्ध हो जाएगी। इसको देखते हुए सरकार ने 2025-26 से समर्थ पोर्टल को अनिवार्य कर दिया है। ऐसे में जैसे बीए, बीएससी और बीकॉम जैसे परंपरागत पाठ्यक्रमों के प्रवेश ज्यादातर विश्वविद्यालय में समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही हो रहे हैं। उसी तरह से अब मेडिकल के दाखिले भी पोर्टल पर होने हैं। इसके लिए नीट काउंसिलिंग के माध्यम से केजीएमयू में मौका पाने वाले अभ्यर्थियों को खुद को समर्थ पोर्टल पर पंजीकृत करना होगा।

### विदेशी नागरिक से धोखाधड़ी में दो साल की कैद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर की एक जिला अदालत ने एक विदेशी नागरिक से जमीन बेचने को लेकर की गई 34 लाख रुपए की ठगी के 12 साल पुराने मामले में दो भाइयों को दो साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने श्रीनगर के अबी-करपोरा निवासी दो भाइयों मुख्तार अहमद गुरु और नज़ीर अहमद गुरु को आरपीसी की धारा 420 और 109-बी के तहत धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र का दोषी पाया।

# स्वदेशी अपनाना आज की सबसे बड़ी जरूरत

## वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना आज देश के अंदर एक मॉडल बनी हुईः योगी

अलीगढ़, वार्ता



■ हमारा ही पैसा अगर हमारे ही कारीगर और हस्तशिल्पियों के पास जाएगा, तो यह विकास और समृद्धि का आधार बनेगा

स्वदेशी को देश की जरुरत बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना आज देश के अंदर एक मॉडल बनी हुई है।

योगी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आज स्वदेशी अपनाना हम सब लोगों की सबसे बड़ी आवश्यकता है। हमारा ही पैसा अगर हमारे ही कारीगर और हस्तशिल्पियों के पास जाएगा, तो यह विकास और समृद्धि का आधार बनेगा। प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने में निर्णायक भूमिका का निर्वहन करेगी। मंगलवार को अलीगढ़ के नुमाइश मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में 958 करोड़ रुपए की 186 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लेकिन अगर हमारा यह पैसा विदेशी हाथों में जाएगा तो आतंकवाद के रूप में धर्मांतरण के रूप में अव्यवस्था के रूप में विस्फोट के रूप में भारत को अस्थिर करने के लिए भारत के खिलाफ ही इस्तेमाल किया जाएगा। योगी ने आने वाले सभी त्योहारों पर लोगों से अपने स्वजनों को स्वदेशी उत्पादों को गिफ्ट के रूप में देने की अपील की। समारोह में योगी ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, सहायता राशि, टैबलेट, आवास की चाबियां और आयुष्मान कार्ड वितरित किए। उन्होंने स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और भगवान कृष्ण के रूप में सजे बच्चों को दुलारते हुए उन्हें चॉकलेट, माखन और खिलौने भेंट किए। योगी ने अलीगढ़ को 957 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का उपहार देते हुए कहा कि रक्षाबंधन के ठीक पहले अलीगढ़ को यह विकास का तोहफा समर्पित है। इन परियोजनाओं में पेयजल पुनर्गठन योजना, विधि विज्ञान प्रयोगशाला, अतरौली से रेलवे स्टेशन मार्ग का चौड़ीकरण और सुंदरीकरण, अतरौली में डिग्री कॉलेज और 900 किलोलीटर क्षमता के जलाशय का लोकार्पण शामिल है। इसके अतिरिक्त, कई अन्य परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया, जो अलीगढ़ को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी। योगी ने कहा कि ये परियोजनाएं अलीगढ़ को एक नई पहचान देंगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करेंगी। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने अलीगढ़ की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को रेखांकित किया।

# केन्द्र पर संविधान-लोकतंत्र को नष्ट करने का आरोप

श्रीनगर, वार्ता

■ अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण की छठी वर्षगांठ पर नेशनल कॉन्फ्रेंस-पीडीपी ने किया विरोध प्रदर्शन

जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण की छठी वर्षगांठ के मौके पर मंगलवार को कश्मीर के प्रमुख राजनीतिक दलों ने केंद्र पर संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने इसका जश्न मनाते हुए तिरंगा रैली निकाली।

पांच अगस्त-2019 को भाजपा नीत केंद्र सरकार ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द कर दिया था और तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था। नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और कांग्रेस ने श्रीनगर में अलग-अलग प्रदर्शन किए तथा आज के दिन को 'संवैधानिक विश्वासघात' और जम्मू-कश्मीर को निशाना बनाने का प्रतीक बताया। दोनों ही पार्टियों के विरोध प्रदर्शन हालांकि अपने-अपने पार्टी मुख्यालयों तक ही सीमित रहे। पुलिस ने दोनों पार्टी के नेताओं को लाल चौक की ओर मार्च करने से रोक दिया। प्रदर्शनकारियों को सड़कों पर जाने से रोकने के लिए कार्यालयों के आसपास पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की भारी तैनाती की गयी थी। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने संवाददाताओं से कहा कि लगभग 100-150 पार्टी कार्यकर्ता और नेता यहां विरोध प्रदर्शन के लिए एकत्र हुए थे और कार्यालय के प्रवेशद्वार के बाहर हजारों सुरक्षाकर्मी तैनात थे। यह अपने आप में जम्मू-कश्मीर की कहानी बयां करता है। बाद में सुश्री मुफ्ती ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि पांच अगस्त न केवल जम्मू कश्मीर के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक काला दिन है। इस दिन संविधान को विदेशी हाथों से नहीं, बल्कि हमारे लोकतंत्र के केंद्र में क्रूर बहुमत के जरिए नष्ट किया गया था। जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे का असंवैधानिक हनन अंत नहीं था, बल्कि संवैधानिक मूल्यों पर एक व्यापक हमले की शुरुआत थी।

# अंबेडकरवादी सिद्धांत पर चलने वाला दल है बसपा

लखनऊ, वार्ता



■ कुछ लोग बसपा की छवि खराब करने में लगे: मायावती

बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने साफ किया है कि उनकी पार्टी भारतीय जनता पार्टी अथवा कांग्रेस जैसे दलों से अलग अंबेडकरवादी सिद्धांत और नीति पर चलने वाली है।

सुश्री मायावती ने मंगलवार को एक्स पर लिखा कि कुछ लोग बसपा की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। इसलिए उन्हें कहना है कि बसपा ना तो बीजेपी के एनडीए गठबंधन के साथ है और ना ही कांग्रेस के इण्डिया समूह (गठबंधन) के साथ है तथा ना ही अन्य किसी और भी फ्रन्ट के साथ है। बल्कि इन दोनों व अन्य और किसी भी जातिवादी गठबंधनों से अलग अपनी 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' के अम्बेडकरवादी सिद्धान्त व नीति पर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद खासकर दलित, आदिवासी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विरोधी तथा इन वर्गों के प्रति जातिवादी मानसिकता रखने वाले कुछ मीडिया बसपा की इमेज को बीच-बीच में धूमिल करने व राजनीतिक नुक़सान पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते हैं, जिसको लेकर पार्टी को लगातार अपने लोगों को इनसे सतर्क करते रहने की ज़रूरत पड़ती रहती है।

## यूपी के अधिकांश जिले बाढ़ और बारिश की चपेट में

# पश्चिमी-पूर्वी उप्र के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ अगले 24-36 घंटों तक बिना किसी खास बदलाव के बारिश जारी रहने की उम्मीद

■ वाराणसी में बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त, गंगा खतरे के निशान से ऊपर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिले इस समय बाढ़ और बारिश की चपेट में हैं। बाढ़ की वजह से पूर्वांचल के कई गांव जलमग्न हो चुके हैं। प्रशासन लगातार राहत और बचाव कार्य में जुटा है। इस बीच मौसम विभाग ने पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भारी बारिश हो रही है और अगले 24-36 घंटों तक बिना किसी खास बदलाव के जारी रहने की उम्मीद है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों के लिए रेड अलर्ट और पूर्वी तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दोनों के लिए अगले 24 घंटों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया। मौसम विभाग के एक अधिकारी मुताबिक मानसून की रेखा अपनी सामान्य स्थिति से उत्तर की ओर खिसक गई है और लखनऊ, कानपुर, अयोध्या, शामली आदि से होकर गुज़र रही है। बिहार से सटे राज्य के उत्तर-पूर्वी हिस्से पर बना एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र भारी बारिश में योगदान दे रहा है। गौरतलब है कि मौसम के कहर का असर खास तौर पर कानपुर, लखनऊ और अयोध्या जैसे शहरों में दिखाई दिया, जहां सड़कें नालों में बदल गईं और एहतियात बरतना ज़रूरी हो गया। बारिश ने गाजीपुर में रात भर जमकर कहर बरपाया, जिससे सड़कें नालों में बदल गईं। तस्वीरों में वाहन आधे डूबे हुए और निवासी छाती तक गहरे पानी में तैरते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### अब तक 16 लोगों की मौत, सवा लाख से अधिक प्रभावित

**लखनऊ।** गंगा, यमुना, घाघरा, राप्ती, शारदा और रामगंगा सहित प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। अब तक प्रदेश में कुल 16 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जिनमें डूबने, करंट लगने, सर्पदंश और दीवार गिरने की घटनाएं प्रमुख हैं। सरकारी रिपोर्टों और विभिन्न समाचार माध्यमों के अनुसार, राज्य में बाढ़ से प्रभावित लोगों की संख्या बढ़कर लगभग 1 लाख 72 हजार हो चुकी है। इनमें से लगभग 47 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों और राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। राज्य सरकार ने कुल 905 राहत शिविर स्थापित किए हैं, जिनमें भोजन, चिकित्सा और अन्य मूलभूत आवश्यकताएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रयागराज, वाराणसी, गाजीपुर, बलिया, चंदौली, गोरखपुर, लखीमपुर खीरी, मिर्जापुर, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, औरैया, कानपुर, लखनऊ, आगरा, एटा, हमीरपुर, कानपुर देहात, गाज़ियाबाद और जालौन जैसे जिले सर्वाधिक प्रभावित बताए जा रहे हैं। इन जिलों में कई स्थानों पर घरों में पानी भर गया है, सड़कें जलमग्न हैं और जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। वाराणसी में गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने के कारण घाटों को बंद कर दिया गया है।

---

सेंसेक्स 80710.25
निफ्टी 24649.55

सोना रु. 99759
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 111508
प्रति किलो



# घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली हावी रही

मुंबई, वार्ता



भारत पर आयात शुल्क और बढ़ाने संबंधी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की चेतावनी के बाद मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली हावी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 308.47 अंक यानी 0.38 प्रतिशत टूटकर 80,710.25 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 73.20 अंक (0.30 प्रतिशत) फिसलकर 24,649.55 अंक पर बंद हुआ। ट्रम्प ने सोमवार को धमकी दी थी कि भारत ने रूस से कच्चे तेल का आयात नहीं रोका तो अमेरिका आयात शुल्क और बढ़ा देगा। अमेरिका ने 1 अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया है। इसके बाद आज तेल एवं गैस क्षेत्र की कंपनियों के शेयर सबसे ज्यादा दबाव में रहे। एफएमसीजी, सूचना प्रौद्योगिकी और फार्मा क्षेत्र की कंपनियां भी दबाव में रहीं। रियलिटी और स्वास्थ्य क्षेत्र की कंपनियों के सूचकांक भी लुढ़क गए। बाजार में आज शुरू से ही बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स करीब 72 अंक टूटकर 80,946.43 अंक पर खुला। यह ऊपर 81,010.49 अंक और नीचे 80,554.40 अंक को छूने के बाद अंत में 80,710.25 अंक पर बंद हुआ।

निफ्टी.50 भी 2.50 अंक की मामूली गिरावट में 24,720.25 अंक पर खुला। इसका दिन का उच्चतम स्तर 24,733.10 अंक और निचला स्तर 24,590.30 अंक रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में तिमाही परिणामों की घोषणा के बाद अडानी पोर्ट्स का शेयर 2.38 फीसदी लुढ़क गया। एकल आधार पर पहली तिमाही में कंपनी के मुनाफे में 35 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है। रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.40 फीसदी, इंफोसिस में 1.39 फीसदी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 1.19 नीचे बंद हुए। इटरनल, बीईएल, एचडीएफसी बैंक और पावरग्रिड में भी गिरावट रही। सेंसेक्स में टाइटन का शेयर सबसे अधिक 2.16 प्रतिशत की बढ़त में रहा। मारुति सुजुकी में 1.30 प्रतिशत, ट्रेंट में 1.22 प्रतिशत और भारती एयरटेल में 0.77 प्रतिशत की तेजी रही। एनएसई में 100 शेयरों पर आधारित निफ्टी.100 सूचकांक 0.29 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप-50 में 0.58 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 में 0.16 प्रतिशत की गिरावट रही।

### सेवा क्षेत्र की रफ्तार जुलाई में और बढ़ी

**मुंबई।** विदेशों से नए ऑर्डर आने से देश के सेवा क्षेत्र की रफ्तार जुलाई में बढ़ती हुयी 11 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

एसएंडपी ग्लोबल द्वारा मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार मासिक आधार पर सेवा क्षेत्र की गतिविधि को आंकने वाला एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबार गतिविधि सूचकांक जून के 60.4 से बढ़कर जुलाई में 60.5 पर पहुंच गया। यह पिछले साल अगस्त के बाद का उच्चतम स्तर है। गौरतलब है कि सूचकांक का 50 से ऊपर रहना गतिविधियों में तेजी और उससे नीचे रहना गिरावट दिखाता है, जबकि 50 का स्तर बताता है कि कोई बदलाव नहीं हुआ है।

# चार करोड़ डुप्लिकेट रसोई गैस कनेक्शन डिएक्टिवः पुरी

नई दिल्ली, वार्ता



सरकार ने 10 साल में चार करोड़ से ज्यादा डुप्लिकेट, फर्जी या लंबे समय से रिफिल न कराने वाले रसोई गैस (एलपीजी) कनेक्शनों की पहचान कर उन्हें ब्लॉक, निलंबित या डिएक्टिवेट कर दिया है।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि जनवरी 2015 में शुरू की गई 'पहल' योजना से ऐसे कनेक्शनों की पहचान करने में मदद मिली है। अब सभी घरेलू एलपीजी सिलेंडर ग्राहकों को बिना सब्सिडी के बाजार मूल्य पर दिए जाते हैं और सब्सिडी की रकम सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाती है। यदि किसी कारणवश सब्सिडी की राशि खाते में भेजने में दिक्कत आती है, तो एसएमएस के जरिए उसकी भी सूचना दी जाती है। सरकार लगातार एलपीजी वितरण और सब्सिडी हस्तांतरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उपाय कर रही है। 'पहल' की शुरुआत के बाद से 1 जुलाई 2025 तक 4.08 करोड़ डुप्लिकेट, फेक और निष्क्रिय कनेक्शनों की पहचान कर उन्हें ब्लॉक, निलंबित या डिएक्टिवेट किया गया है। आधार आधारित सत्यापन, बायोमीट्रिक प्रमाणन और अवैध तथा डुप्लिकेट कनेक्शनों को रोकने से लक्षित सब्सिडी वितरण की प्रणाली मजबूत हुई है। मंत्री ने कहा कि अनुपालना सुनिश्चित करने और अनुचित कामों को रोकने के लिए तेल विपणन कंपनियों के फील्ड अधिकारी एलपीजी वितरकों के यहां नियमित और औचक निरीक्षण करते रहते हैं। इसके अलावा, रीजनल, जोनल तथा डिविजनल कार्यालयों के अधिकारी और मिलावट रोकने वाली इकाई, गुणवत्ता निगरानी करने वाली इकाई और विजिलेंस विभाग के अधिकारी भी वितरकों के गोडाउन, शोरूम, वितरण स्थलों और रास्ते में औचक निरीक्षण करते हैं, ताकि एलपीजी के अवैध इस्तेमाल को रोका जा सके। पुरी ने बताया कि 01 जुलाई 2025 तक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की 67 प्रतिशत लाभार्थियों बायोमीट्रिक आधार प्रमाणन पूरा हो चुका है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**उत्तराखंड में...**

के साथ काम कर रही हैं। कमांडेंट ने यह भी बताया कि धराली काफी भूगर्भीय चुनौती वाली जगह है। वहां राहत बचाव का काम करना बहुत मुश्किल टास्क है। मौसम अभी सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है, लगातार बारिश हो रही है। रात में बहुत ठंड हो जाती है। इसकी वजह से रेस्क्यू चुनौतीपूर्ण है। धराली उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में एक छोटा सा गांव है, जो गंगोत्री के पास हर्षिल एरिया से सिर्फ 2 किमी आगे ही है। यहां से गंगोत्री धाम 8-10 किलोमीटर दूर है। चारधाम यात्रा मार्ग पर पड़ने की वजह से धराली में बहुत सारे होटल, रेस्टोरेंट और होमस्टे हैं। इसकी वजह से बाढ़ में कई लोगों की मौत होने की आशंका है। धराली गंगा नदी के तट पर बसा हुआ है। यह समुद्र तल से लगभग 2,700 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और हिमालय की गोद में बसा होने के कारण यह पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के लिए आकर्षक स्थल है। भारतीय सेना ने बताया कि मंगलवार दोपहर लगभग 1:45 बजे, हर्षिल स्थित भारतीय सेना शिविर से लगभग 4 किलोमीटर दूर, धराली गांव के पास बादल फटने से लैंडस्लाइड हुआ। निचले हर्षिल क्षेत्र में एक शिविर से 8-10 भारतीय सेना के जवान लापता बताए जा रहे हैं। सेना ने 150 कर्मियों को तैनात किया जो 10 मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंच गए और तुरंत बचाव कार्य शुरू कर दिया। अब तक 15-20 लोगों को सफलतापूर्वक निकाला जा चुका है और घायलों को हर्षिल स्थित भारतीय सेना के चिकित्सा केंद्र ले जाया गया। सर्च और रेस्क्यू का काम चल रहा है। फंसे हुए लोगों का पता लगाने और उन्हें निकालने के लिए सभी संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है। स्थिति पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है और भारतीय सेना प्रभावित नागरिकों को हर संभव मदद कर रही है। उत्तरकाशी में बादल फटने की घटना पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव आरके सुधांशु ने कहा कि जिला मजिस्ट्रेट और एसपी दोनों घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। जान-माल के नुकसान की आशंका है। हमने एसडीआरएफ के साथ-साथ एनडीआरएफ को भी भेजा है। हम पहले आकलन कर रहे हैं और जैसे ही हमें नुकसान का स्तर पता चलेगा, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उत्तरकाशी में बादल फटने की घटना पर गढ़वाल मंडल के कमिश्नर विनय शंकर पांडे ने बताया कि काफी संपत्ति का नुकसान हुआ है। हताहतों के बारे में अभी कुछ कहना संभव नहीं है। हमारी सेना की टीम, जो हर्षिल में है, मौके पर पहुंच गई है। साथ ही जिलाधिकारी, एसएसपी भी वहां पहुंच रहे हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ को भी वहां भेजा गया है। पहली प्राथमिकता लोगों को बचाना है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम सक्रिय कर दी गई है। एसडीआरएफ के आईजी अरुण मोहन जोशी ने कहा कि जैसे ही हमें घटना की जानकारी मिली, हमारी टीम मौके पर पहुंच गई। दो अन्य टीमें भी जल्द ही पहुंचने वाली हैं। राहत और बचाव कार्य समन्वय के साथ किया जा रहा है। आसपास की एनडीआरएफ और सेना की टीमें भी घटनास्थल पर पहुंच रही हैं। हमारे एसडीआरएफ बटालियन मुख्यालय से विशेष उपकरण भेजे जा रहे हैं, जो इस आपदा में उपयोगी हो सकते हैं।

# एक्सप्रेसवे के आसपास की संपत्तियों पर विकास शुल्क बढ़ेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार अब एक्सप्रेसवे के आसपास की संपत्तियों के लिए विकास शुल्क बढ़ाने की योजना बना रही है। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने इसको लेकर मंगलवार को एक बैठक बुलाई थी, जिसमें कई प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

प्राधिकरण के अधिकारियों की मानें तो जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर के लिए एक एजेंसी नियुक्त करने और अनंतनगर आवास योजना, आईटी सिटी सहित आगामी आवासीय योजनाओं के लिए बजट आवंटित करने के प्रस्ताव पर प्राधिकरण ने बैठक बुलाई थी जिसमें इन मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि शहीद पथ, किसान पथ और ग्रीन कॉरिडोर के 500 मीटर के दायरे में स्थित संपत्तियों के लिए विशेष सुविधा शुल्क बढ़ाने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई है। एकत्रित राशि का उपयोग इन क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे और नागरिक सुधारों के लिए किया जाएगा। इसके अलावा जेपीएनआईसी के प्रबंधन और एलडीए को नियंत्रण हस्तांतरित करने के लिए एक एजेंसी को मंजूरी देने का मामला भी बैठक में उठा। इसके अलावा, अनंतनगर, आईटी सिटी और कामधेनु नगर सहित आवासीय योजनाओं के लिए बजट आवंटन की समीक्षा की गई। बोर्ड में कबीर नगर देवपुर पारा आवास योजना में निर्माणाधीन फ्लैटों को 1बीएचके और 2बीएचके इकाइयों में परिवर्तित करने के प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई। ऐशबाग, बसंत कुंज, गोमती नगर (विराज खंड) और गोमती नगर एक्सटेंशन के सेक्टर-4 में नई समूह आवास योजनाओं पर मंथन किया गया। मूल रूप से टेलीफोन एक्सचेंज, डाकघरों और सबस्टेशनों के लिए निर्धारित भूखंडों के भूमि उपयोग में परिवर्तन का प्रस्ताव किया गया।

### अटल शताब्दी आवासीय योजना को लेकर योगी का जताया आभार

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने मेरठ शहर में शुरू होने जा रही टाउनशिप योजना को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर अटल शताब्दी आवासीय योजना करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है। उन्होंने कहा है कि लंबे समय से यह एक सपना था जो अब पूरा हुआ है। वाजपेयी ने कहा कि मैने मुख्यमंत्री से आग्रह किया था कि आप मेरठ में आवासीय योजना की शुरुआत करने आ रहे हैं। मेरा आग्रह है कि आप इसका नामकरण पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से करें।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# 8 वर्ष में भ्रष्टाचार का 1 रुपया भी बरामद नहीं: सिसोदिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आप नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में क्लोजर रिपोर्ट को मंजूरी मिलने के बाद आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया ने निशाना साधते हुए कहा कि आठ साल तक जांच चली लेकिन भ्रष्टाचार का एक रुपया भी बरामद नहीं हुआ।

मनीष सिसोदिया ने एक्स पर लिखा कि आठ साल तक जांच चली। सीबीआई-ईडी की रेड और मीडिया ट्रायल हुआ। यहां तक कि बच्चों के कपड़े तक खंगाले गए। लेकिन कोर्ट में खुद सीबीआई ने कहा कि एक रुपये का भी भ्रष्टाचार नहीं मिला। आगे लिखा कि तो जिन्होंने झूठा केस गढ़ा था। जिन्होंने सत्येंद्र जैन को विलेन बनाकर चैनलों पर चीख-चीखकर टीआरपी बटोरी गई। जिन्होंने "भ्रष्टाचार उजागर" की भाजपाई स्क्रिप्ट पढ़ पढ़कर सत्येंद्र को जेल भेजने का जश्न मनाया था। सिसोदिया ने भाजपा पर तंज कसते हुए लिखा कि भाजपा और उसकी झूठ फैलाने की नौकरी बजाकर जीने वाली जमात को अब माफी मांगनी चाहिए कि देश से, सच्चाई से और उस परिवार से जिसे आठ साल तक बदनाम किया गया। क्या झूठ फैलाने वालों की कोई जवाबदेही नहीं होती है। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने सत्येंद्र जैन पर केस क्लोज होने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक्स पर भारद्वाज ने लिखा कि दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता विजेंद्र गुप्ता झूठीशिकायत करते हैं। एलजी उसे सीबीआई को भेज देते हैं। शिकायत में कुछ होता नहीं, फिर भी सत्येंद्र जैन पर झूठा केस दर्ज होता है। बिना सबूत के सीबीआई जांच शुरू करती है और सत्येंद्र जैन और उनके परिवार और पार्टी को लगातार परेशान किया जाता है। क्या इस तरह के उत्पीड़न के लिए कानूनी कार्रवाई नहीं होनी चाहिए?

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में पेशेवरों की अनियमित नियुक्ति और असं. बंधित परियोजना निधि से भुगतान के आरा. ेपों से संबंधित एक मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) की तरफ से दायर क्लोजर रिपोर्ट को राउज एवेन्यू कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। मामला दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन और अन्य के खिलाफ था। विशेष न्यायाधीश दिग्विनय सिंह ने कहा था कि कई वर्षों की जांच के बावजूद आरोपितों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम या किसी अन्य अपराध के तहत आरोपों का समर्थन करने के लिए कोई सुबूत नहीं मिला। कोर्ट ने कहा कि इतने लंबे समय बाद भी जांच एजेंसी को कोई सुबूत नहीं मिला ऐसे में आगे की कार्यवाही का कोई औचित्य नहीं है। भ्रष्टाचार के प्रावधानों को लागू करने के लिए कुछ सामग्री तो होनी ही चाहिए।

केवल कर्तव्य की उपेक्षा या कर्तव्य का अनुचित प्रयोग ही अधिनियम के तहत उल्लंघन नहीं माना जा सकता। दिल्ली सरकार के सतर्कता निदेशालय की एक शिकायत के आधार पर सत्येंद्र जैन और अन्य लोक निर्माण विभाग अधिकारियों के खिलाफ २०१८ में प्राथमिकी की गई थी।

## स्वच्छता अभियान के बावजूद नहीं सुधर रहे पूर्वी दिल्ली में हालात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लक्ष्मी नगर, मयूर विहार, पटपड़गंज, विनोद नगर, शाहदरा, गांधीनगर मार्केट, शास्त्री पार्क, सीलमपुर, जाफराबाद, बाबर पुर, गोकुलपुरी और ताहिरपुर गांव समेत अन्य इलाकों में जगह-जगह कूड़े का अंबार लगा हुआ है। इन इलाकों में कई दिनों से कूड़ा नहीं उठाया गया है।

लोगों का कहना है कि चुनाव से पहले नेता गलियों को साफ-सुथरा करने का वादा करके चले जाते हैं, लेकिन चुनाव जीत जाने के बाद वह लौट कर कभी इन गलियों की ओर नहीं देखते हैं। वह खुद भी इन्हीं सड़कों से होकर गुजरते तो जरूर हैं, मगर उनका ध्यान कूड़े के ढेर पर नहीं जाता है। यह ढेर ऐसे ही कई दिनों तक पड़ा रहता है। कर्मचारी इसे साफ करने की थोड़ी सी भी जहमत नहीं उठाते हैं।

# नौकर लेकर भागा 55 लाख रुपये, चढ़ा पुलिस के हत्थे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली** केशवपुर इलाके में 55 लाख रुपये की चोरी की वारदात में स्थानीय पुलिस ने एएटीएस टीम के साथ मिलकर नौकर नरेन्द्र शर्मा को गिरफ्तार करके वारदात में चोरी पूरी रकम को बरामद कर लिया है। आरोपी ने निजी लालच और ऐशो-आराम की जिंध्दगी जीने की चाहत में वारदात की थी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते २७ जुलाई को लॉरेंस रोड इलाके में रहने वाले शिकायतकर्ता नंद किशोर ने पुलिस को बताया कि वह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं और उसी पते पर अपना कार्यालय चलाते हैं। नरेंद्र शर्मा उनके साथ डिलीवरी बॉय के रूप में काम करता था। उसने नौकर नरेन्द्र को ५५ लाख रुपये एक संपत्ति की बिक्री और खरीद से संबंधित पार्टी को देने के लिये दिये थे। कुछ देर बाद नरेन्द्र से संपर्क करने की को. शिश की। उसने फोन स्वीच ऑफ कर दिया। एसीपी रणजीत ढाका और आकाश रावत की देखरेख में एसएचओ सतेन्द्र कुमार और जितेन्द्र तिवारी के निर्देशन में पुलिस टीम ने दो सौ से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर छापे मारे लेकिन आरोपी पुलिस के चंगुल से बचने के लिए बार-बार अपने ठिकाने बदलता रहा था।

आरोपी को दिल्ली में उसके ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया। उसने गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार ठिकाने बदलकर और डिजिटल फुटप्रिंट से बचकर भूमिगत रहने की योजना बनाई थी। उसके परिवार में उसकी पत्नी, दो बच्चे और माता-पिता हैं। उसने ९वीं कक्षा तक पढ़ाई की है। उसने बताया कि उसने २०२० में शिकायतकर्ता के साथ काम शुरू किया था। २०२३ में, पारिवारिक समस्याओं के कारण उसने अपनी नौकरी छोड़ दी। मार्च २०२५ में, जब उसे पैसों की सख्त जरूरत थी।

# एससी बस्तियों का होगा कायाकल्प : इंद्राज सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण एवं एससी/एसटी कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने बवाना विधानसभा क्षेत्र के कटेवरा गांव में एससी बस्तियों में गलियों, सड़कों और नालियों के पूर्ण हुए निर्माण कार्यों को आमजन को समर्पित किया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि एससी बस्तियों में सभी बुनियादी सुविधाएँ विकसित कर उनका कायाकल्प किया जाएगा।

एससी/एसटी कल्याण मंत्री ने कहा कि एससी बस्तियों को बुनियादी सुविधाएं देना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि कटेवरा गांव की एससी बस्तियों में लंबे समय से बुनियादी ढांचे की कमी थी, जिसे दूर करने पर लगातार काम हो रहा है।

उन्होंने स्थानीय निवासियों के साथ गांव में चल रहे अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया और निर्माणाधीन चौपाल का कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिये। एससी/एसटी कल्याण मंत्री ने ग्रामीणों के साथ संवाद में दिल्ली सरकार की योजनाओं की जानक. ारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ताबके स्पष्ट निर्देश हैं कि सभी एससी बस्तियों में सड़कें, पेयजल, बिजली, पार्क, बेहतर जल निकासी जैसी मूलभूत सुविधाएं विकसित हों। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि एससी छात्रों की प्री मैट्रिक/पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, मेरिट छात्रवृति सभी पात्र छात्रों को समय पर देने के निर्देश हैं। पॉलिटेक्निक, आईटीआई और स्किल डेवलपमेंट का कोर्स करने वाले छात्रों को प्रतिमाह एक हजार रुपये देने की योजना है। साथ ही विदेश में पढ़ने जाने वाले एससी छात्रों की आर्थिक सहायता राशि बढ़ाने की भी योजना है। दिल्ली में एससी/एसटी छात्रों के लिए लम्बे समय से बंद पड़े हॉस्टल भी शुरू किये जाएंगे। साथ ही हर जिले में एक हॉस्टल शुरू करने की योजना है। गरीब एवं वंचित वर्ग को वित्तीय सहायता देकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए बने डीएसएफडीसी का पुनर्गठन किया जा रहा है।



11वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस कार्यक्र का उद्घाटन करते वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह।

## एक नजर

### एफडी दरों में किया बदलाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** श्रीराम ग्रुप की प्रमुख कंपनी, श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने विभिन्न अवधियों की एफडी पर ब्याज दरों में संशोधन की घोषणा की है। नई दरें 5 अगस्त 2025 से लागू होंगी। इस तरह मिलेंगे अतिरिक्त लाभ :वरिष्ठ नागरिक सालाना 0.50% अतिरिक्त ब्याज के पात्र होंगे, महिला जमाकर्ताओं को सालाना 0.5% अतिरिक्त ब्याज,मैच्योरिटी डिपॉजिट के रिन्यूअल पर 0.15% सालाना अतिरिक्त ब्याज मिलेगा। इसके साथ 10 करोड़ रुपए से अधिक के डिपॉजिट के लिए लागू ब्याज दर यहां दी गई दर से अलग हो सकती है।

### नया डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया


**नई दिल्ली।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने रेमिटफर्स्ट२इंडिया नाम से एक नया डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है, जो एनआरआई ग्राहकों को भारत में रहने वाले अपने परिवार को पैसे भेजने की सुविधा देता है, वह भी तेज, सुरक्षित तरीके से और बिना किसी ट्रांसफर शुल्क के। रेमिटफर्स्ट2इंडिया की शुरुआत सिंगएक्स के साथ साझेदारी में की गई है, जो कि मॉनिटरी अथॉरिटी ऑफ सिंगापुर से लाइसेंस प्राप्त एक अग्रणी मनी ट्रांसफर सेवा प्रदाता है। इस लॉन्च के बारे में बात करते हुए, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के हेड रिटेल लायबिलिटीज आशीष सिंह ने कहा, कि रेमिटफर्स्ट2इंडिया सिर्फ एक रेमिटेंस समाधान नहीं है, बल्कि हमारी कस्टमर-फर्स्ट सोच का उदाहरण है। हमने इसे आसान, पारदर्शी और पूरी तरह डिजिटल अनुभव बनाने के लिए तैयार किया है। सिंगएक्स के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर अतुल गर्ग ने कहा, ष्दुनिया का ध्यान फिलहाल भारत पर केंद्रित है, ऐसे में भारत में एनआरआई निवेश अगले पाँच वर्षों में दोगुना हो सकता है। हमें आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के साथ साझेदारी कर यह इनोवेटिव सर्विस लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है, जिससे एनआरआई को भारत में अधिक सहज और किफायती ढंग से पैसे ट्रांसफर करने की सुविधा मिलेगी।

### धूमधाम से मनाया 60वां जन्मदिन

**नई दिल्ली।** समाज सेवक राजीव जोली खोसला का६० वां जन्मदिन एग्जिबिशन ग्राउंड ग्रेटर नोएडा में ऑल इंडिया टेंट डीलर ऑर्गेनाइजेशन रजिस्टर्ड के महासचिव करतार सिंह कोचर की अध्यक्षता में बनाया गया । जिसमें प्रसिद्ध गोकथा वाचक मोहम्मद फैयाज खान, अपना कीमती समय निकालकर उत्सव में शामिल हुए ।

उत्तर भारत की प्रथम महिला ऑटो चालक सुनीता चौधरी, ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष विपुल सिंघल , प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य महेश जैन , ग्रेटर नोएडा मध्यम वर्ग दबे कुचले वर्ग की आवाज बुलंद करने वाली झांसी की रानी बहन सविता शर्मा, सरगम मंदिर संस्था के महासचिव डॉक्टर दीपक शर्मा जी का भी आज ही जन्मदिन था दोनों ने मिलकर बिना मोमबत्ती बुझाई केक काटा साथ में उनकी धर्मपत्नी नीरा शर्मा जी भी मौजूद थी सभी ने एक ही बात कही कि हम मिलकर हिंदू मुस्लिम सिख इसाई एक होकर भारत की उन्नति में योगदान करें ।

### 120 बहादुर के टीजर में दिखा फरहान अख्तर का दमदार अवतार



**नई दिल्ली।** पोस्टर के खुलासे के सिर्फ एक दिन बाद, 120 बहादुर के मेकर्स ने अब वो टीजर रिलीज कर दिया है जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार था। यह टीजर पैमाने, जज्बात और जोशीली देशभक्ति से भरपूर है। इसमें फरहान अख्तर मेजर शैतान सिंह भाटी (पीवीसी) के दमदार किरदार में नजर आ रहे हैं। पहली झलक ही दिखा देती है कि यह फिल्म हौसले और बलिदान से जुड़ी एक शानदार वॉर एपिक बनने वाली है। 1962की रेजांग ला की असली बहादुरी से जुड़ी इस कहानी में, टीजर दिखाता है कि कैसे 120 भारतीय सैनिक हजारों दुश्मनों के सामने मजबूती से खड़े रहे और इतिहास बना दिया। इसके बीच गूं. जती है एक दमदार लाइन "हम पीछे नहीं हटेंगे!" जो हर सीन में सुनाई देती है और फिल्म की असली भावना को दिखाती है।

# दूरी बनाई, तो साथी के साथ हत्या, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने मधु विहार क्षेत्र में हुए जघन्य हत्या में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित ने आरोपी से दूरी बनानी शुरू कर दी थी जिसे आरोपी ने विश्वासघात समझा और उसने साथी के साथ हत्या की वारदात को अंजाम दे दिया। दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि ०४ अगस्त के डीडी के आधार पर, एसआई मोहित असीवाल,दिनेश, एएसआई दीपक कुमार, हेड कांस्टेबल करमजीत और अजय यादव की टीम ने एक गुप्त सूचना पर दो संदिग्ध रेहान उर्फ इक्का, (१९) और मोहम्मद सरवर, (२०) को पकड़ा था।पुलिस पुछताछ मे दोनों संदिग्धों ने एक ट्रांसजेंडर व्यक्ति करण उर्फ अन्नू की हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार की थआरोपियों ने बताया कि उन्होंने टेल्को टी-पॉइंट के पास नाले के किनारे झाड़ियों में चाकुओं से वार करके पीड़ित की हत्या कर दी थी। पुलिस पूछताछ के दौरान, पता चला कि रेहान उर्फ इक्का और मृतक करण उर्फ अन्नू पिछले चार महीनों से लिव-इन रिलेशनशिप में थे।

# हाट ऑन व्हील्स के शुभारंभ के साथ मना राष्ट्रीय हथकरघा दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत की समृद्ध हथकरघा परंपरा को सम्मानित करते हुए, वस्त्र मंत्रालय ने राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी) के सहयोग से जनपथ स्थित हैंडलूम हाट में 11वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर "हाट ऑन व्हील्स" मोबाइल रिटेल वैन और 116 पारंपरिक बुनाई शैलियों की विशेष प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। इस वर्ष समारोह की थीम 'मेरा हथकरघा, मेरा गौरव; मेरा उत्पाद, मेरा गौरव' रखी गई है।

आयोजन में भारत भर की 116 विशिष्ट बुनाई शैलियाँ प्रदर्शित की गईं, जो विविध और समृद्ध हथकरघा परंपराओं की जीवंत झलक प्रस्तुत करती हैं। इस कार्यक्रम का उद्घाटन वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने किया। उन्होंने कहा, "हथकरघा न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है, बल्कि यह

**■ भारत भर की 116विशिष्ट बुनाई शैलियाँ प्रदर्शित की गई**

ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और देशभर में लाखों बुनकरों की आजीविका का आधार है। उन्होंने "हाट ऑन व्हील्स" पहल को कारीगरों और उपभोक्ताओं के बीच की दूरी कम करने वाली एक ऐतिहासिक पहल बताया।

11वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के इस अवसर पर मंत्रालय का मुख्य उद्देश्य बुनकरों को राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनाना और उनकी परंपरा को गौरव और सम्मान के साथ आगे बढ़ाना है। एक हफ्ते चलने वाले इस हैंडलूम एक्सपो का आयोजन एक्सप्रेशन 360 सर्विसेज इंडिया लिमिटेड कर रही है यह नवाचार 'वोकल फॉर लोकल', स्वदेशी शिल्प के संवर्धन और सतत् फैशन जैसे राष्ट्रीय अभियानों को भी मजबूती प्रदान करेगा।पबित्रा मार्गेरिटा, माननीय विदेश राज्य मंत्री एवं राज्य मंत्री - कपड़ा मंत्रालय ने भी अपनी उपस्थिति से इस समारोह की शोभा बढ़ाई। हैंडलूम एक्सपो, जो 10 अगस्त तक जनता के लिए खुला रहेगा, देश भर से आए कुशल बुनकरों और उनके क्षेत्रीय उत्पादों को एक मंच पर लाता है।

इस प्रदर्शनी में 116 पारंपरिक बुनाई शैलियों को प्रस्तुत किया गया है, जिनमें कई बुनाई के लाइव डेमो भी शामिल हैं ख्र जिससे आगंतुकों, छात्रों और शिल्प प्रेमियों को एक समृद्ध शैक्षणिक अनुभव प्राप्त होता है। "हाट ऑन व्हील्स" और 116 बुनाई शैलियों की प्रदर्शनी के माध्यम से मंत्रालय का उद्देश्य परंपरा और नवाचार को जोड़ना है, ताकि भारत की हथकरघा विरासत न केवल संरक्षित रहे, बल्कि आधुनिक बाजारों में और वैश्विक मंचों पर भी अपनी पहचान को सशक्त रूप से स्थापित कर सके।



ललित कला अकादमी ने कमानी आडोटोरियम में मनाया 71 वां स्थापना दिवस। फोटो: भूपेश गुप्ता

# ब्रिटेन प्रतिनिधिमंडल ने की विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इस अवसर पर गुप्ता ने कहा कि , "भारत और ब्रिटेन के बीच साझा लोकतांत्रिक मूल्य और ऐतिहासिक संबंध हमारी आधुनिक साझेदारी को दिशा देते हैं।" उन्होंने भारत-ब्रिटेन संबंधों में हो रहे रणनीतिक परिवर्तन, जैसे व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता और इंडिया-यूके विजन २०३५ का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों देश अब व्यापार, शिक्षा, रक्षा और जलवायु परिवर्तन जैसे अनेक क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं।प्रतिनिधिमंडल में शामिल गणमान्य व्यक्तियों में हाउस ऑफ कॉमन्स की क्लर्क असिस्टेंट सारा डेवीस, उपाध्यक्ष की निजी सचिव अबीगेल सैमुअल्स, ब्रिटिश उच्चायोग में राजनीतिक मामलों की प्रमुख नटैलिया लेह, उपप्रमुख अलेक्जेंड्रा नोएल्स, वरिष्ठ सलाहकार भावना विज और राजनीतिक सलाहकार पारुल काविया शामिल थीं।बैठक में शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग को लेकर विशेष चर्चा हुई। गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में १. ७ लाख से अधिक भारतीय छात्र ब्रिटेन के विश्व. विद्यालयों में अध्ययन कर रहे हैं।

उन्होंने गुरुग्राम में साउथहैम्पटन विश्वविद्यालय के आगामी परिसर की पहल का स्वागत किया और २०२२ में हुए शैक्षणिक डिग्रियों की पारस्परिक मान्यता को एक अहम कदम बताया। गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा की ऐतिहासिक पहलों से भी प्रतिनिधिमंडल को अवगत कराया, जिनमें ई-विधान प्रणाली के माध्यम से पूरी तरह पेपरलेस कार्यप्रणाली अपनाना और ५०० किलोवाट सौर ऊर्जा संयंत्र की शुरुआत प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली विधानसभा देश की पहली नेट-जीरो कार्बन विधान सभा बन चुकी है।

# भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया रक्षाबंधन का त्योहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा द्वारा प्रदेश कार्यालय में रक्षा बंधन त्योहार का आयोजन किया गया जिसमे प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष ऋचा पांडे मिश्रा सहित अन्य मोर्चा पदाधिकारियों ने दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को हर्षोल्लास के साथ राखी बांधी।



इस मौके पर महिला मोर्चा की प्रभारी श्यामबाला, मोर्चा महामंत्री प्रियल भारद्वाज, सरिता तोमर और वैशाली पोद्दार सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी वीरेंद्र सचदेवा को राखी बांधी। इस मौके पर विभिन्न स्कूल से आई छात्राओं ने भी दिल्ली भाजपा अध्यक्ष को राखी बांधी।

स्कूल की छात्राओं के द्वारा "बीजों" की राखी भी अध्यक्ष जी को बांधी गई। महिला मोर्चा की बहने गीत संगीत , मिठाइयों के साथ श्री वीरेंद्र सचदेवा को राखी की शुभकामनाएँ दी। वीरेंद्र सचदेवा ने मीडिया से बात करते हुए सभी को रक्षाबंधन की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, यह हमारे सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों की जीवंत अभिव्यक्ति है।उन्होंने कहा कि आज दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की हमारी बहनों ने रक्षासूत्र बाँधकर जो स्नेह, आशीर्वाद और आत्मीयता प्रदान की, वह वास्तव में अमूल्य है। मैं इस भावपूर्ण आयोजन में सम्मिलित होकर स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूँ। सचदेवा ने कहा कि यह राखियाँ केवल कलाई पर नहीं, दिल पर बंधती हैं और ये सेवा, समर्पण और अपनत्व के अद्भुत बंधन है और इसका अपना एक महत्व है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का त्योहार एक पवित्र और भावनात्मक त्योहार है, जो भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के बंधन का प्रतीक है।यह पर्व न केवल पारिवारिक संबंधों को मजबूत करता है, बल्कि समाज में आपसी विश्वास, प्रेम और समर्पण की भावना को भी बढ़ावा देता है।

ऋचा पांडे मिश्रा ने कहा कि रक्षा बंधन के पावन पर्व को महिला मोर्चा दिल्ली की सभी २५६ सेवा बस्तियों में मनाएगा। हर सेवा बस्ती एवं झुग्गी बस्ती में मिठाई खिला कर , राखी बांधी जाएगी। इस के निमित पूरी दिल्ली में २५६ जगहों पर झुग्गी प्रवास होगा एवं भाजपा के झुग्गी विस्तारकों एवं पालकों के साथ महिला मोर्चा की बहने धूम धाम से यह पर्व मनाएँगी।

# दिल्ली सरकार लाएगी फीस पारदर्शिता विधेयक

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने निजी स्कूलों की फीस को नियंत्रित करने और अभिभावकों का भरोसा मजबूत करने के लिए दिल्ली स्कूल शिक्षा (फीस निर्धारण और विनियमन में पारदर्शिता) विधेयक, २०२५ पेश किया है। इसका उद्देश्य निजी अनुदानरहित स्कूलों में फीस ढांचे को पारदर्शी, पूर्वानुमेय और जवाबदेह बनाना है। यह विधेयक एक तीन- स्तरीय प्रणाली के माध्यम से स्कूलों में फीस निर्धारण की प्रक्रिया को पारदर्शी और भागीदारीपूर्ण बनाएगा। स्कूल स्तर पर समिति, जिला स्तरीय अपीलीय समिति और राज्य स्तरीय पुनरीक्षण समिति होगी। इन समितियों में अभिभावक, शिक्षक और स्कूल प्रबंधन की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि छात्रों पर फीस न देने पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जा सकेगी। अगर कोई स्कूल ऐसा करता है तो उस पर प्रति छात्र ५०,००० का जुर्माना लगेगा, जो २० दिन बाद दोगुना और फिर २० दिन में तीन गुना हो सकता है। यदि स्कूल फीस नियमों का लगातार उल्लंघन करता है तो १० लाख तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं






फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना महत्वपूर्ण व लाभप्रद योजनाः डीएम

■ जन कल्याण व पर्यावरण हित में है पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजनाः जिलाधिकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के मद्देनजर यूपीनेडा, विद्युत विभाग, पंजीकृत वैन्डर्स के साथ प्रगति समीक्षा बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान घ्वरिष्ठ परियोजना अधिकारी, यूपीनेडा एसके सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 2025ख्र 26 हेतु जनपद को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के मद्देनजर 15670 घरेलू सोलर पॉवर प्लांट लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान समय सोलर पॉवर प्लांट लगाने हेतु लाभार्थियों द्वारा ऑनलाईन https://pmsuryaghar.gov.in व स्कैनर के माध्यम से 8756 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 3276 सोलर पॉवर प्लांट लगाये गये हैं, शेष 5480 कनैक्शन लगाने हेतु सम्बंधित 68 वैन्डर्स द्वारा कार्यवाही प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि प्राप्त शेष 5480 आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही हेतु उन्हें सभी 68 वैन्डर्स में बांट दिया जाएं और नये आवदेनों हेतु मीडिया, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार कराया जाएं।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एक महत्वपूर्ण व लाभप्रद योजना हैं, जो कि लाभार्थी ही नहीं अपितू पर्यावरण के लिए भी लाभप्रद है और इससे लोगों के बिजली बिलों में कटौती भी होगी। इस योजनान्तर्गत खप्त से अधिक बिजली उत्पादन होने पर विद्युत विभाग द्वारा निर्धारित दरों पर उपभोक्ता को भुगतान दिया जाता है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना विद्युत आपूर्ति हेतु महत्वपूर्ण व आवश्यक साधन हैं। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना जन कल्याण व पर्यावरण हित में है।

वैन्डर्स द्वारा विद्युत विभाग व बैंक द्वारा उपरोक्त कार्य में पूर्ण सहयोग ना देने की बात कहीं गयी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि योजना हेतु शत-प्रतिशत पूर्ण कराने में सहयोग प्रदान किया जाए व वैन्डर्स द्वारा योजना सम्बंधित अपलोड दस्तावेजों की ही जांच की जांए तथा वैन्डर्स से अनावश्यक अभिलेख ना मंगवायें जाएं। उन्होने कहा कि शीघ्र घ्ही इस सम्बंध में पुनः बैठक की जायेगी जिसमें पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से सम्बंधित सभी विभागों के साथ भी बैठक की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एसपीओ पीओ नेडा, विद्युत विभाग के तीनों मुख्य अभियंता, जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण व वैन्डर्स उपस्थित रहे।

श्री हंस इंटर कॉलेज में एनवायरमेंट क्लब की ओर से

## पेड़ों की रक्षा के लिए वृक्षा बंधन का किया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** गंग नहर स्थित श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर में एनवायरमेंट क्लब की ओर से पेड़ों की रक्षा के लिए वृक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार ने पेड़ों को हस्त निर्मित राखी बांधकर कार्यक्रम का श्री गणेश किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने सभी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह वृक्षाबंधन पेड़ों की रक्षा व उनके संरक्षण का कार्यक्रम है। हमें इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर पेड़ पौधों की रक्षा की शपथ लेनी चाहिए ।जिससे हम अपने आसपास के वातावरण को हरा भरा व सुंदर बना सके। तथा आने वाली पीढ़ी को हरा भरा पर्यावरण व शुद्ध वायु दे सकें।

इसलिए हमें अपने आसपास ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए तथा पेड़ लगाकर उनकी रक्षा करनी चाहिए। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र छात्राओं व एनवायरमेंट क्लब के सदस्यों ने पेड़ों को हस्त निर्मित राखी बांधकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार, एनवायरमेंट क्लब के संस्थापक सावन कनौजिया, गाजियाबाद टीम के सदस्य उत्कर्ष शर्मा, मनीष राठौर, परवेज, कशिश, अर्शी, जोया, आंचल, ऋतिक आदि लोग उपस्थित थे।

## कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ने थपथपाई अपने हनुमान की पीठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** 20 अगस्त को नई दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाने के लिए निषाद पार्टी का वसुंधरा में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें काफी संख्या में निषाद पार्टी के पदाधिकारी व जनपद गाजियाबाद के अलावा मेरठ,गौतम बुद्धनगर, हापुड़ आदि क्षेत्रों से आए कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं की अधिक संख्या को देखकर काफी खुश नजर आए। उन्होंने जिला अध्यक्ष के साथ-साथ निषाद पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित प्रताप सिंह की काफी तारीफ की। इस दौरान संजय निषाद ने कहा मैं सुमित गुर्जर के पार्टी प्रति के इस समर्पण से काफी खुश हूं तथा यह घोषणा करता हूं कि आगामी चुनाव में गुर्जर सुमित प्रताप सिंह को अहम जिम्मेदारी पार्टी द्वारा सौंपी जाएगी। सुमित पार्टी के लिए हर क्षण तैयार रहता है।



सभी कार्यकर्ताओं का सुमित से सीख लेनी चाहिए, उन्होंने कहा कि सुमित प्रताप सिंह व संजीव गुर्जर लोनी क्षेत्र के अलावा पूरे जनपद में पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचने में काफी मेहनत और लग्न से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो कार्यकर्ता पार्टी हित में सच्ची लगन, निष्ठा, मेहनत व ईमानदारी से कार्य करता है उसको पार्टी अहम जिम्मेदारी बिल्कुल देती है इसलिए कार्यकर्ताओं से आह्वान करता हूं कि वह पार्टी के प्रति लगन और ईमानदारी से कार्य करते रहे जिससे उन्हें उसका फल मिल सके। इस मौके पर पार्टी पदाधिकारी वह सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राजनीति पंडित पहले से ही सुमित गुर्जर को डॉ. संजय निषाद का हनुमान बता चुके हैं और आने वाले समय में बड़ी शक्ति के साथ बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के गाजियाबाद जिला अध्यक्ष संजीव कुमार गुर्जर ने कहा कि पार्टी एनसीआर क्षेत्र के अलावा कई जनपदों में काफी अच्छी पहचान बना चुकी है युवा वर्ग से लेकर हर वर्ग के लोग पार्टी की विचारधारा को पसंद करते हुए सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 20 अगस्त को दिल्ली के तालकटोरा में निषाद पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन ऐतिहा. सिक होगा। गाजियाबाद से सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता इस सम्मेलन में पहुंचेंगे।



**गाजियाबाद। पार्षद संतोष राणा पूर्वांचल भोजपुरी नवयुवक मंच द्वारा आयोजित स्नेह भोज में सम्मिलित हुए। आपको बता दे कि अनिल सिंह द्वारा यह भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी के साथ आत्मीय मिलन का अवसर प्राप्त हुआ।**

## विधायक ने किया दो कार्यों का लोकार्पण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक डॉ. मंजू शिवाच जी द्वारा दो महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का लोकार्पण संपन्न हुआ। बताया कि गांव विद्यापुर में विधायक निधि से निर्मित शाहजहांपुर रोड से भोपाल सिंह के खेत तक खड़ंजा निर्माण कार्य का लोकार्पण फीता काटकर किया गया। इस कार्य की अनुमा. नित लागत 4.71 लाख है व गांव शाहजहांपुर में विधायक निधि से निर्मित शाहजहांपुर मेन रोड से टिंकू पुत्र कमरपाल सिंह के मकान तक इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य का लोकार्पण भी फीता काटकर संपन्न हुआ। इस कार्य की अनुमानित लागत 3.07 लाख है।

इस अवसर पर विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने ग्रामीणों से भेंट कर उनका हालचाल जाना एवं उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। इन विकास कार्यों से क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा एवं स्वच्छ और सुदृढ़ बुनियादी ढांचा प्राप्त होगा।

## साहिबाबाद रोटरी क्लब ने जीता दिल

**गाजियाबाद।** इस दौरान आश्रम में रह रहे वृद्ध जनों तथा डे केयर में रह रहे बच्चों के लिए एक माह का राशन उपलब्ध कराया गया। इस सामान में मुख्य रूप से आटा, चावल, दालें, रिफाइंड तेल, सरसों का तेल, देसी घी, पोहा, सूजी बेसन, दलिया, ओट्स, मैगी, चीनी, चाय पत्ती, बिस्कुट, रस्क, सभी तरह के मसाले, नहाने व कपड़े धोने के साबुन, सर्फ, शैंपू, वाइपर, एवं वस्त्र इत्यादि वस्तुएं शामिल थी। कार्यक्रम में रोटरी क्लब साहिबाबाद के अध्यक्ष शलभ अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विभा सिंह, क्लब सदस्य गण तरु अग्रवाल, किरण मक्कड़, कविता जिंदल, अरुण शर्मा,वीरेंद्र सिंह, पूजा गुप्ता, रुद्राक्ष गुप्ता के साथ-साथ आंगन और आंचल की संचालिका सुदर्शना, आश्रम का स्टाफ तथा आश्रम में रह रहे वृद्धजन एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## किडजी प्री-स्कूल मोदीनगर में पीटीएम एवं आधार कार्ड कैंप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** सीकरी कलां स्थित किडजी प्री-स्कूल, मोदीनगर में अभिभावक-शिक्षक बैठक (PTM) का सफल आयोजन किया गया, जिसके साथ-साथ आधार कार्ड कैंप भी आयोजित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल बच्चों की शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा करना था, बल्कि अभिभावकों को सुविधाजनक रूप से आधार सेवाएं उपलब्ध कराना भी था। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंध निद. ेशक अनमोल बंसल ने कहा कि आधार हमारी पहचान है, और एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते यह हमारा कर्तव्य है कि हम सभी के पास सही और अपडेटेड आधार हो।" कार्यक्रम में प्रधानाचार्य तारिका माटा की



देखरेख में सभी शिक्षकगण और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उपस्थित शिक्षकों में रीता वर्मा, स्नेहा, अंतीमा शर्मा, फिजा जैदी, साक्षी वत्स, गीता मेहरा, भावना और स्वाति शामिल थीं। किडजी मोदीनगर क्षेत्र का एक अग्रणी प्री-स्कूल है, जो बच्चों को एक सुरक्षित, संस्कारयुक्त और सीखने के लिए प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करता है। यहां बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को रचनात्मक गतिविधियों, स्मार्ट शिक्षण विधियों और व्यक्तिगत देखभाल के माध्यम से मजबूत किया जाता है। यह संयुक्त कार्यक्रम सभी के सहयोग से बेहद सफल रहा और अभिभावकों व शिक्षकों के बीच संवाद का एक बेहतरीन अवसर बना।



## सपाइयों ने मनाई छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सपा कार्यालय पर परम श्रद्धेय छोटे लोहिया जेनेश्वर मिश्र जी की जयंती मनाई गई। इस आयोजन में मुख्य रूप से जनेश्वर मिश्र जी नाती भारत भूषण तिवारी जी व कुल भूषण तिवारी जी उपस्थित रहे। उन्होंने जनेश्वर मिश्र जी के जीवन और विचारों के बारे में अवगत कराया। जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन ने कहा जनेश्वर मिश्र कोई व्यक्ति नहीं वो एक विचार हैं और विचार कभी मरता नहीं है, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने कहा जनेश्वर मिश्र जी ने हमेशा शोषित समाज की लड़ाई लड़ी है, हमे उनके विचारों को जन जन तक पहुंचना चाहिए। सभी पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा जनेश्वर मिस्र जी को पुष्पांजलि अर्पित की गई। जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट कुलभूषण तिवारी जिला महासं. चव नितिन त्यागी महानगर महासं. चव राजन कश्यप प्रदेश सचिव अलाउद्दीन अब्बासी वरिष्ठ सपा नेता रमेश यादव एडवोकेट जिला कषाध्यक्ष मनीष बंसल महानगर कोषाध्यक्ष प्रेमचंद गुप्ता महानगर उपाध्यक्ष गुलाब यादव महानगर उपाध्यक्ष नरेश बत्रा महानगर उपाध्यक्ष योगेश सिरोही लोनी विधानसभा अध्यक्ष ललित गुर्जर प्रदेश सचिव महिला सभा कमलेश चौधरी युवजन सभा जिला अध्यक्ष जीतू पंडित युवजन सभा महानगर अध्यक्ष ठाकुर विक्की सिंह आदिल मालिक पूर्व पार्षद पूर्व पार्षद हाजी आसिफ चौधरी महानगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा मोहम्मद अब्बास हैदर लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष असलम कुरैशी प्रदेश सचिव लोहिया वाहिनी विक्रांत पंडित छात्र सभा जिला अध्यक्ष अंशु ठाकुर रोहित माथुर राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा रजत परेवाला महानगर अध्यक्ष व्यापार सभा कमलेश यादव जिला सचिव कृष्ण यादव सर्वेश यादव ब्रह्मपाल सिंह उमेश कश्यप आदिल लाल जिला सचिव बिट्टू सिंह मनीराम यादव पूर्व पार्षद भारत यादव जिला सचिव जिला सचिव खालिद बुखारी जितेंद्र जाटव जिले खान सलमानी अभिषेक राजपूत संजीत यादव शुभम त्यागी अरविंद कटारिया अजय कुमार फरमान अली वसीम चौधरी जयवीर सिंह, सोनू प्रधान, अकरम प्रधान मुकेश कुमार एडवोकेट जिला अजय कुमार ब्लॉक अध्यक्ष राजापुर लोहिया वाहिनी महानगर सचिव साजिद सैफी चांद कुरैशी महानगर सचिव प्रताप पाल महानगर सचिव संजय कुमार युसूफ मलिक शिवानंद चौबे अंकुर यादव उपेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## कौशांबी में विकास कार्यों का किया गया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** पार्षद कुसुम गोयल की पार्षद निधि से कौशांबी में शिवालिक कैलाश त्रिशूल कमद. गिरि टावर के सामने दीवार पर प्लास्टर और रंगाई पुताई का कार्य का शुभारंभ कराया गया। समा. जसेविका उषा अग्रवाल एवं लता सिंगल द्वारा नारियल फोड़कर इस कार्य का शुभारंभ किया गया। पार्षद द्वारा सभी सम्मानित और वरिष्ठ जनों का माला पहनकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल द्वारा बताया गया कौशांबी में निरंतर विकास कार्य जारी है तथा इस कार्य के लिए महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक का आभार प्रकट करा वहां उपस्थित सम्मानित नागरिकों द्वारा क्षेत्र में



हो रहे निरंतर विकास कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर समाजसेवी लक्ष्मीकांत चानना जगमोहन शर्मा भाजपा नेता अवधेश कटिहार मुकुल गुप्ता आर के धर जयप्रकाश झा धीरज जैन ललित गुप्ता उषा गुप्ता रमा शर्मा गीता खन्ना सुधामनी सिंह अटल पांडे सुशीला धर राजेश महरोत्रा संदीप आनंद ज्योति जैन अर्चना सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## बदमाशों की अब खैर नहीं चीता बाइक पर सवार हुई पुलिस

**गाजियाबाद।** पुलिस ने अपराध पर लगाम लगाने और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए एक नई पहल शुरू की है, जिसे 'चीता बाइक' के नाम से जाना जा रहा है। पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड़ ने अपने 100 दिन पूरे होने के अवसर पर सोमवार को इंदिरापुरम और ट्रांस हिंडन जोन में 20 हाईटेक चीता बाइक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिले की पुलिस ने चोरों पर लगाम लगाने के लिए चीता बाइक नाम की पहल को शुरु कर किया है जो दिन रात अपराधों पर नजर बनाये रखेगी। ये न केवल अपराध नियंत्रण में प्रभावी साबित होगी, बल्कि ट्रैफिक प्रबंधन और आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। चीता बाइक यूनिट्स को अत्याधुनिक तकनीक से लैस किया गया है। इनमें वायरलेस सिस्टम, हाई-विजिबिलिटी लाइट्स, हूटर और लाउडस्पीकर शामिल हैं, जो रियल-टाइम नेटवर्किंग के माध्यम से आपसी समन्वय को मजबूत करते हैं। ये बाइकें 24ञ7 गश्त करेंगी, जिससे चेन स्नैचिंग, लूट और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर तुरंत अंकुश लगाया जा सकेगा। पुलिस कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि इस पहल का उद्देश्य अपराधियों में भय पैदा करना और आम नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाना है। यह पहल गाजियाबाद पुलिस की हाल की सक्रियता का हिस्सा है, जिसमें एफआईआर की कॉपी पीड़ितों के घर पहुंचाना और अपराधियों को सुधार का मौका देना जैसे कदम शामिल हैं।

### आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में किया गया

## कैंपस टू कॉरपोरेट शीर्षक से पुनर्अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आई.टी.एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट पीजीडीएम (2024-26) बैच के लिए द्रोणाचार्य ऑडिटोरियम में कैंपस से कॉर्पोरेटः बदलती अपेक्षाएँ शीर्षक से पुनर्अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को शैक्षिक जीवन से कॉर्पोरेट जीवन की ओर सुचारू रूप से अग्रसर करने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन विशेष अतिथि मुकेश मोहन गुप्ता, अध्यक्ष, भारतीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम



मंडल, सह-संयोजक, भाजपा सीए प्रकोष्ठ, दिल्ली एवं नोडफॉल्टर्स.कॉम के सीईओ, मेघना मक्कड़, संस्थापक, मैट्रिक्स लाइफ ट्रेनिंग, पॉश और डीईआई के लिए कॉर्पोरेट प्रशिक्षक, सुभ्रांशु मोहंती, पूर्व प्रमुख, मानव संसाधन, एवरेस्ट इंडस्ट्रीज लिमिटेड, सत्यक्की भट्टाचार्य (ट्रांसफॉर्मिंग मैनेजमेंट सिस्टम्स के संस्थापक और सीईओ, आई.टी.एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय कुमार व पीजीडीएम की चेयरपर्सन डॉ अनुषा अग्रवाल के द्वारा परंपरागत रूप से सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलित कर के किया गया। संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अनुप्रयोग-आधारित शिक्षा, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, नैतिक आचरण, अनुकूलनशीलता, निरंतर कौशल संवर्धन और व्यक्तिगत ब्रांडिंग की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ अनुषा अग्रवाल द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए की गई, जिसमें उन्होंने कैंपस से कॉर्पोरेटः बदलती अपेक्षाएँ थीम के महत्व पर प्रकाश डाला। मुकेश मोहन गुप्ता ने कहा कि कॉर्पोरेट दुनिया में आपकी पहचान आपके विचारों और क्रियान्वयन की क्षमता से बनती है। उन्होंने छात्रों को बड़े सपने देखने, असफलताओं से सीखने, मार्गदर्शकों को महत्व देने, नैतिकता बनाए रखने और कौशल को निरंतर उन्नत करने के लिए प्रेरित किया।

# लाल किले में बिना रोक-टोक घुसी डमी बस, सात पुलिसकर्मी सस्पेंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लाल किले की सुरक्षा को भली प्रकार से जांचने के लिए सुरक्षा कर्मियों से भरी एक डमी बस को लाल किले ले जाया गया जो कि लाल किले में बिना रोक-टोक दाखिल हो गई और वहां तैनात पुलिसकर्मियों ने कोई खास ध्यान नहीं दिया जिसके चलते पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने ड्यूटी पर तैनात सात पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया। बाद में पता चला कि यह पुलिस का मात्र अभ्यास भर था। किले की सुरक्षा व्यवस्था की परख के लिए स्पेशल सेल की टीम डमी बस लेकर आई थी। घटना से सबक लेते हुए लालकिले में तैनात अधिकारियों को नए सिरे से सुरक्षा योजना बनाने के आदेश जारी हो गए हैं।

पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने बताया कि सुरक्षा की जांच 15 अगस्त से पहले सुरक्षा इंतजामों की जांच के लिए की गई थी। अधिकारियों को इसकी पहले से जानकारी थी, लेकिन सुरक्षा में तैनात स्टाफ को जानबूझकर इसके बारे में नहीं बताया गया। इतनी आसानी से लालकिला के भीतर पहुंच जाना सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। कार्रवाई के बाद पुलिस उपायुक्त ने लाल किला की सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों को तत्काल सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर नए सिरे से प्लानिंग करने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा सुरक्षा घेराबंदी को और चाक-चौबंद करने के लिए कहा गया है। फिलहाल वहां पर पुलिस बल की तैनात बढ़ा दी गई है। बता दें कि लाल किला हमेशा से आतंकियों और असामाजिक तत्वों के निशाने पर रहता है। ऐसे में स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व के दौरान किसी भी तरह की चूक राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। फिलहाल, निलंबन के साथ-साथ लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।

# मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस पर बच्चोंकी सुरक्षा को लेकर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस के अवसर पर बेसिक फाउंडेशन की पहल पर उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए एक कार्यक्रम में बाल संरक्षण और बाल अधिकारों के क्षेत्र से जुड़े सभी प्रमुख हितधारक एक साथ आए। इस कार्यक्रम में भारतीय रेलवे के कर्मचारी, रेलवे सुरक्षा बल और आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर कार्य करने वाले कुली, ऑटो चालक सभी लोगो ने हिस्सा लिया और एक सुर से स्वीकार किया कि बाल दुर्व्यापार यानी बच्चों की ट्रैफिकिंग से निपटने के लिए सभी एजेंसियों व विभागों को साथ मिलकर कार्रवाई करने की सख्त जरूरत है ताकि ट्रैफिकिंग गिरोहों में कानून का भय पैदा हो सके। बच्चों की ट्रैफिकिंग से निपटने में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सामने आने वाली वाली चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने सामूहिक रूप से यह माना कि मौजूदा कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, संवेदनशील तबकों को ट्रैफिकिंग गिरोहों और उनके कामकाज के तरीकों के बारे में संवेदनशील बनाना और सभी एजेंसियों के बीच समन्वय को मजबूत करना तत्काल जरूरी है, ताकि मुक्त कराए गए बच्चों के लिए तय समयसीमा में न्याय और पुनर्वास सुनिश्चित किया जा सके।




बेसिक फाउंडेशन ने उत्तर पूर्वी दिल्ली मे पिछले वर्ष के दौरान २७० बच्चों को बाल श्रम, ट्रैफिकिंग और बाल विवाह से बचाया है। बेसिक फाउंडेशन के निर्देशक अधिवक्ता जलालुद्दीन ने यह रेखांकित किया कि बच्चों की ट्रैफिकिंग केवल बाल मजदूरी या मुनाफे के लिए यौन शोषण तक ही सीमित नहीं है। बहुत से बच्चे, खास तौर से लड़कियां, जबरन विवाह के लिए भी ट्रैफिकिंग का शिकार बनती हैं। यह एक एक ऐसी समस्या है जिसके बारे में कम ही चर्चा की जाती है और रोकथाम के उपायों पर भी ज्यादा बात नहीं होती।

बेसिक फाउंडेशन ने रेलवे सुरक्षा बल के साथ मिलकर बच्चों की ट्रैफिकिंग के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए रेलवे स्टेशनों पर अभियान चलाया। चूंकि ट्रैफिकिंग गिरोह अक्सर बच्चों को दूसरे राज्य ले जाने के लिए रेल मार्ग का उपयोग करते हैं, इसलिए इस अभियान का फोकस यात्रियों, रेल कर्मियों, विक्रेताओं, दुकानदारों और कुलियों को बाल तस्करी के संकेतों की पहचान करने और संदिग्ध मामलों की सुरक्षित रूप से रिपोर्ट करने के लिए संवेदनशील बनाना था।

# शराब रैकेट का भंडाफोड़ ,दो कुख्यात सप्लायर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस के एएनटीएफ ने शराब रैकेट का भंडाफोड़ कर दो कुख्यात सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से १४९६ क्वार्टर अवैध शराब बरामद की है।

आरोपी पहले २६ मामलों में शामिल रहा है।दिल्ली के शाहद. रा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि ४ अगस्त को, एक विश्वसनीय सूचना पर एसीपी ऑपरेशन की देखरेख में

**पुलिस ने आरोपी के पास से 1496 क्वार्टर अवैध शराब बरामद की**

इंस्पेक्टर अर्जुन सिंह के नेतृत्व में एसआई सत्यदेव पंवार, एएसआई सुल्तान सिंह, हेड कांस्टेबल राजेश ,विनय वेदपाल , विकास , योगेश , कांस्टेबल अर्जुन महिला कांस्टेबल शिवानी और डीए चजी दिनेश की टीम ने शाहदरा फ्लाईओवर के पास अपना जाल बिछाया । इस दौरान टीम ने दिए गए विवरण से मेल खाते एक वाहन को रोका । जाँच करने पर उसमें अवैध शराब का कार्टून मिला। टीम को डिक्की में छिपाकर रखी गई १४९६ क्वार्टर (प्रत्येक १८० मिली) देसी शराब मिली, जिस पर ष्केवल हरियाणा में बिक्री के लिएष्का लेबल लगा था।

इसके बाद टीम ने आरोपी मोहित कुमार (२३) और संदीप (४४) को गिरफ्तार कर लिया।उन्होंने शराब की खेप की आपूर्ति करने की बात कबूल कर ली है और उनके पास से एक वाउचर भी बरामद किया है।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता तिमारपुर विधानसभा की संजय बस्ती ,सफाई अभियान का नेतृत्व करते हुए।

# लड़कियों को सपने दिखाकर वेश्यावृत्ति करवाने वाला पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बिहार, झार खंड, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों से लड़कियों को सुनहरे सपने दिखाकर दिल्ली लाकर उनको वैश्यावृत्ति के धंधे में धकेलने वाले एक गैंग के सदस्य को मोहन गार्डन पुलिस ने एक एनजीओ की सहायता से गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक लडकी को भी छुड़वाया है। आरोपी की निशानदेही पर उसके पूरे नेटवर्क के बारे में पता लगाकर जहां आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है वहीं उनके कब्जे से लड़कियों को भी छुड़ाने की कोशिश की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक बीते सोमवार को, एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन नामक एनजीओ ने मोहन गार्डन पुलिस से संपर्क किया। पुलिस टीम ने एनजीओ की सहायता से एक फ्लैट पर छापेमारी करके जहां पीडिघ्त लडकी को सकुशल बरामद किया। वहीं इब्राहिम नामक एक दलाल को भी गिरफ्तार किया। मौके पर से शराब की खाली बोतलें, दर्द निवारक दवाइयां, कुछ एंटी बायोटिक और यौन संक्रमण के इलाज में काम आने वाली कुछ दवाइयां मिलीं। पूछताछ करने पर पता चला कि उसके गैंग में आधा दर्जन से ज्यादा लोग हैं,जो लड़कियों को बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों से दिल्ली लाकर उनको वैश्यावृत्ति धंधे में धकेल देते हैं। पीडिघ्त लडकी का मेडिकल करवाया गया। पूछताछ करने पर पता चला कि उसको उसी की एक सहेली ने एक लड़े से मिलवाया था। पैसे कमाने के सपने दिखाकर दिल्ली ले आया और उसकी अश्लील वीडियो व फोटो क्लिक करके उसको वायरल देने की धमकी देने लगा। उसको शाम होते ही देर रात तक ग्राहकों के पास भेजा जाता था। इस काम में उसे कोई छुट्टी नहीं मिलती थी और उसे रोजाना पांच से दस लोग उसके साथ गलत काम करते थे। उसको आरोपियों से अपने लिये पैसे मांगने पड़ते थे। उसकी मां की साल भर पहले मौत हो गई थी। वह अपने पिता के साथ रहती है जिन्हें शराब पीने की लत है। पिता को बता रखा था कि वह कॉल सेंटर में नौकरी करती है।

# सालों से बंद 'यू स्पेशल बस सेवा' फिर होगी शुरूः मुख्यमंत्री




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली विश्व. विद्यालय के अधीन संचालित सोशल सेंटर स्कूल के नए शैक्षणिक ब्लॉक का उद्घाटन करते हुए राजधानी के छात्रों को एक बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि वर्षों से बंद पड़ी यू स्पेशल बस सेवाओं को फिर से शुरू किया जाएगा। ये बसें अब आधुनिक सुविधाओं से युक्त होंगी, जिनमें एयर कंडीशनिंग, एलईडी लाइटिंग और म्यूजिक सिस्टम जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। मुख्यमंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि दिल्ली विश्वविद्यालय को कुछ स्कूलों को गोद लेना चाहिए, ताकि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और छात्र नियमित रूप से इन विद्यालयों में जाकर स्कूली बच्चों का मार्गदर्शन करें।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि कॉलेज आने-जाने में विद्यार्थियों को जो कठिनाइयाँ होती हैं, उसे देखते हुए हम यू स्पेशल बस सेवा दोबारा से शुरू करने जा रहे हैं ताकि विद्यार्थियों को सुलभ, सुरक्षित और सम्मानजनक परिवहन सुविधा मिल सके।मुख्यमंत्री ने सोशल सेंटर स्कूल की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि १९४७ में सामाजिक सेवा के उद्देश्य से शुरू हुआ यह स्कूल अब एक भव्य चार मंजिला इमारत और २१ आधुनिक कक्षाओं वाले संस्थान में बदल चुका है। मुख्यमंत्री ने इस स्कूल के देखरक व नवीनीकरण के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय की सराहना की। मुख्यमंत्री ने मौके पर विद्यालय को कक्षा १२वीं तक की पढ़ाई के लिए मान्यता देने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि दिल्ली विश्वविद्यालय को कुछ स्कूलों को गोद लेना चाहिए, ताकि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और छात्र नियमित रूप से इन विद्यालयों में जाकर स्कूली बच्चों का मार्गदर्शन करें। उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्रों से भी अनुरोध किया कि वे वंचित और जरूरतमंद बच्चों को बड़े भाई-बहन की तरह सहयोग और शिक्षा प्रदान करें, ताकि वे अपने जीवन की दिशा तय कर सकें और मुख्यधारा से जुड़ सकें।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी एक अहम सामाजिक विडंबना की ओर भी ध्यान दिलाया।

उन्होंने कहा आज अभिभावक अपने बच्चों को सरकारी यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में भेजने को उत्सुक हैं, लेकिन सरकारी स्कूलों के नाम पर पीछे भी हटते हैं। इसका कारण है सरकारी स्कूलों की छवि और गुणवत्ता को लेकर गलत धारणा बनी हुई है। लेकिन अब यह स्थिति बदलेगी। हमारी सरकार दिल्ली के सरकारी स्कूलों को निजी स्कूलों से बेहतर बनाएगी, इतना बेहतर कि लोग खुद गर्व से अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिल कराएंगे। इस उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री के साथ दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद, दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह, महापौर राजा इकबाल सिंह, स्थानीय विधायक, विश्वविद्यालय एवं शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा बड़ी संख्या में छात्र मौजूद थे। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने कहा कि शिक्षा सुधारों के प्रति हमारी सरकार की प्रतिबद्धता और छात्रों के भविष्य को लेकर उनकी संवेदनशीलता दिल्ली को 'श्रेष्ठ शिक्षा, श्रेष्ठ भविष्य' की दिशा में मजबूती से आगे ले जा रही है।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में तिमारपुर से स्वच्छता अभियान को दी गई नई गति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्वच्छ दिल्ली की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए तिमारपुर विधानसभा की संजय बस्ती, मॉल रोड (बंसल स्वीट्स के पास) में "दिल्ली को कूड़े से आजादी" अभियान के अंतर्गत चल रहे महीने भर के सफाई अभियान का नेतृत्व किया और खुद झाड़ू लगाकर नागरिकों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान में आम जन की भागीदारी को और प्रबल बनाने के लिए 'स्वच्छता चौलेंज' जल्द शुरू किया जाएगा। इस अभियान में सेलिब्रेटीज को भी जोड़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने तिमारपुर क्षेत्र में स्थित जेजे कॉलोनी और आसपास की गलियों का निरीक्षण करते हुए पाया कि सफाई व्यवस्था को लेकर अब जागरूकता तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आज मैंने एक युवा को स्वेच्छा से बस स्टैंड की सफाई करते देखा। यह संकेत है कि अब दिल्ली में स्वच्छता एक आंदोलन बन चुका है। यही नागरिक भागीदारी इस अभियान की आत्मा है।

मुख्यमंत्री ने यह भी जानक. ारी दी कि डीडीए की खाली पड़ी जमीनों को भी इस अभियान में शामिल किया गया है और उनकी तत्काल सफाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी शासकीय एजेंसियों को मिलकर एकजुटता से कार्य करना होगा, तभी दिल्ली को वास्तव में कूड़े से मुक्त किया जा सकेगा।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लोगों से अपील की कि वे इस अभियान को केवल सफाई तक सीमित न समझें, बल्कि इसे एक व्यवहार परिवर्तन की पहल मानें। उन्होंने कहा यह अभियान दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर और स्वास्थ्यप्रद बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने यह भी कहा हमारा लक्ष्य केवल सफाई करना नहीं, बल्कि लोगों की सोच को बदलना है। दिल्ली सरकार राजधानी को एक स्वच्छ, आधुनिक और नागरिक-केंद्रित राजधानी बनाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। इस अभियान से राजधानी दिल्ली में एक नई शुरुआत हो चुकी है। इस जन-जागरण की पहल में मुख्यमंत्री के साथ स्थानीय विधायक सूर्य प्रकाश खत्री, महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, एमसीडी आयुक्त, अधिकारीगण, सफाईकर्मी, आरडब्ल्यूए प्रतिनिधि, सामा. जिक संस्थाओं के सदस्य और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी भी शामिल हुए।

एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली को कूड़े से आजादी अभियान में आम जन की भागीदारी को और प्रबल बनाने के लिए 'स्वच्छता चौलेंज' जल्द शुरू किया जाएगा। इस चौलेंज के तहत देश की आजादी के ७८ वर्षों की प्रतीकात्मकता को ध्यान में रखते हुए, प्रारंभ में ७८ नागरिकों को नामित किया जाएगा। प्रत्येक नामित व्यक्ति आगे पांच और लोगों को चुनकर अभियान से जोड़ेगा, जिससे राजधानी में स्वच्छता का एक सशक्त और विस्तृत नेटवर्क तैयार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान में युवाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रख्यात सेलिब्रेटीज को भी जोड़ा जाएगा।


## महत्वपूर्ण सूचना

समस्त रेल यात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्नलिखित एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को उनके समक्ष दर्शाये स्टेशनों पर ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | स्टेशन | समय | | प्रभावी तिथियाँ से |
|---|---|---|---|---|
| | | आगमन | प्रस्थान | |
| 14017 रक्सौल जं. – आनन्द विहार टर्मिनल सदभावना एक्सप्रेस | बैरगनियां | 00:34 | 00:36 | 08.08.2025 |
| 14018 आनन्द विहार टर्मिनल – रक्सौल जं. सदभावना एक्सप्रेस | बैरगनियां | 19:56 | 19:58 | 07.08.2025 |
| 14007 रक्सौल जं. – आनन्द विहार टर्मिनल सदभावना एक्सप्रेस | घोड़ासहन | 00:13 | 00:15 | 07.08.2025 |
| 14008 आनन्द विहार टर्मिनल – रक्सौल जं. सदभावना एक्सप्रेस | घोड़ासहन | 20:22 | 20:24 | 06.08.2025 |
| 14017 रक्सौल जं. – आनन्द विहार टर्मिनल सदभावना एक्सप्रेस | घोड़ासहन | 00:13 | 00:15 | 08.08.2025 |
| 14018 आनन्द विहार टर्मिनल – रक्सौल जं. सदभावना एक्सप्रेस | घोड़ासहन | 20:22 | 20:24 | 07.08.2025 |
| 13225 जयनगर – दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस | पण्डौल | 11:34 | 11:36 | 06.08.2025 |
| 13226 दानापुर – जयनगर इंटरसिटी एक्सप्रेस | पण्डौल | 13:12 | 13:14 | 06.08.2025 |
| 14649 जयनगर – अमृतसर जं. सरयू यमुना एक्सप्रेस | पण्डौल | 08:06 | 08:08 | 08.08.2025 |
| 14650 अमृतसर जं. – जयनगर सरयू यमुना एक्सप्रेस | पण्डौल | 23:22 | 23:24 | 07.08.2025 |
| 14673 जयनगर – अमृतसर जं. शहीद एक्सप्रेस | पण्डौल | 08:06 | 08:08 | 06.08.2025 |
| 14674 अमृतसर जं. – जयनगर शहीद एक्सप्रेस | पण्डौल | 23:22 | 23:24 | 06.08.2025 |
| 14005 सीतामढ़ी – आनन्द विहार टर्मिनल लिच्छवी एक्सप्रेस | रुन्नीसैदपुर | 02:52 | 02:54 | 06.08.2025 |
| 14006 आनन्द विहार टर्मिनल – सीतामढ़ी लिच्छवी एक्सप्रेस | रुन्नीसैदपुर | 19:28 | 19:30 | 06.08.2025 |
| 14007 रक्सौल जं. – आनन्द विहार टर्मिनल सदभावना एक्सप्रेस | रुन्नीसैदपुर | 01:52 | 01:54 | 07.08.2025 |
| 14008 आनन्द विहार टर्मिनल – रक्सौल जं. सदभावना एक्सप्रेस | रुन्नीसैदपुर | 18:51 | 18:53 | 06.08.2025 |
| 14017 रक्सौल जं. – आनन्द विहार टर्मिनल सदभावना एक्सप्रेस | रुन्नीसैदपुर | 01:52 | 01:54 | 08.08.2025 |
| 14018 आनन्द विहार टर्मिनल – रक्सौल जं. सदभावना एक्सप्रेस | रुन्नीसैदपुर | 18:51 | 18:53 | 07.08.2025 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2377/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## महत्वपूर्ण सूचना

समस्त रेल यात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्नलिखित एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को उनके समक्ष दर्शाये स्टेशनों पर ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | स्टेशन | समय | | प्रभावी तिथियों से |
|---|---|---|---|---|
| | | आगमन | प्रस्थान | |
| 13005 हावड़ा – अमृतसर मेल एक्सप्रेस | भदौरा | 05:45 | 05:47 | 07.08.25 |
| 13006 अमृतसर – हावड़ा मेल एक्सप्रेस | भदौरा | 19:00 | 19:02 | 07.08.25 |
| 12435 जयनगर – आनंद विहार (ट.) गरीबरथ एक्सप्रेस | गहमर | 20:14 | 20:16 | 08.08.25 |
| 12436 आनंद विहार (ट.) – जयनगर गरीबरथ एक्सप्रेस | गहमर | 03:30 | 03:32 | 10.08.25 |
| 15623 जोधपुर – कामाख्या एक्सप्रेस | गहमर | 00:35 | 00:37 | 14.08.25 |
| 15624 कामाख्या – जोधपुर एक्सप्रेस | गहमर | 15:08 | 15:10 | 09.08.25 |
| 20801 इस्लामपुर – नई दिल्ली मगध एक्सप्रेस | गहमर | 19:42 | 19:44 | 06.08.25 |
| 15652 जम्मू तवी – गुवाहाटी लोहित एक्सप्रेस | अक्षयवट राय नगर | 02:18 | 02:20 | 08.08.25 |
| 15933 न्यू तिनसुकिया – अमृतसर एक्सप्रेस | अक्षयवट राय नगर | 14:06 | 14:08 | 13.08.25 |
| 15934 अमृतसर – न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस | अक्षयवट राय नगर | 21:33 | 21:35 | 09.08.25 |
| 14005 सीतामढी – आनंद विहार (ट.) लिच्छवी एक्सप्रेस | अवतार नगर | 06:31 | 06:33 | 07.08.25 |
| 14006 आनंद विहार (ट.) – सीतामढी लिच्छवी एक्सप्रेस | अवतार नगर | 14:32 | 14:34 | 08.08.25 |
| 13019 हावड़ा – काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस | नयागांव | 11:33 | 11:35 | 08.08.25 |
| 13020 काठगोदाम – हावड़ा बाघ एक्सप्रेस | नयागांव | 18:18 | 18:20 | 08.08.25 |
| 14005 सीतामढी – आनंद विहार (ट.) लिच्छवी एक्सप्रेस | नयागांव | 06:07 | 06:09 | 07.08.25 |
| 14006 आनंद विहार (ट.) – सीतामढी लिच्छवी एक्सप्रेस | नयागांव | 14:55 | 14:57 | 08.08.25 |
| 14005 सीतामढी – आनंद विहार (ट.) लिच्छवी एक्सप्रेस | परमानन्दपुर | 06:00 | 06:02 | 07.08.25 |
| 11123 ग्वालियर – बरौनी एक्सप्रेस | सराय | 08:28 | 08:30 | 08.08.25 |
| 11124 बरौनी – ग्वालियर एक्सप्रेस | सराय | 22:14 | 22:16 | 07.08.25 |
| 14523 बरौनी – अंबाला हरिहर एक्सप्रेस | सराय | 07:57 | 07:59 | 07.08.25 |
| 14524 अंबाला – बरौनी हरिहर एक्सप्रेस | सराय | 21:35 | 21:37 | 10.08.25 |
| 14007 रक्सौल – आनंद विहार (ट.) सदभावना एक्सप्रेस | सोनपुर | 04:55 | 04:57 | 09.08.25 |
| 14008 आनंद विहार (ट.) – रक्सौल सदभावना एक्सप्रेस | सोनपुर | 15:31 | 15:33 | 08.08.25 |
| 14017 रक्सौल – आनंद विहार (ट.) सदभावना एक्सप्रेस | सोनपुर | 04:55 | 04:57 | 09.08.25 |
| 14018 आनंद विहार (ट.) – रक्सौल सदभावना एक्सप्रेस | सोनपुर | 16:08 | 16:10 | 14.08.25 |
| 14649 जयनगर – अमृतसर सरयू यमुना एक्सप्रेस | सोनपुर | 12:55 | 12:57 | 08.08.25 |
| 14650 अमृतसर – जयनगर सरयू यमुना एक्सप्रेस | सोनपुर | 18:05 | 18:07 | 08.08.25 |
| 14673 जयनगर – अमृतसर शहीद एक्सप्रेस | सोनपुर | 12:55 | 12:57 | 07.08.25 |
| 15231 बरौनी – गोंदिया एक्सप्रेस | सोनपुर | 13:10 | 13:12 | 07.08.25 |
| 15715 किशनगंज – अजमेर गरीब नवाज़ एक्सप्रेस | सोनपुर | 15:15 | 15:17 | 08.08.25 |
| 15716 अजमेर – किशनगंज गरीब नवाज़ एक्सप्रेस | सोनपुर | 17:13 | 17:15 | 08.08.25 |
| 19053 सूरत – मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस | सोनपुर | 02:26 | 02:28 | 10.08.25 |
| 19054 मुजफ्फरपुर – सूरत एक्सप्रेस | सोनपुर | 21:15 | 21:17 | 10.08.25 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2386/2025

पर हमें फॉलो करें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जर्जर स्कूल की इमारत ढही, टला बड़ा हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र के छोटे बाजार में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। भारी बारिश के कारण एक पुरानी सरकारी स्कूल की इमारत अचानक ढह गई। इस दौरान वहां से गुजर रही एक महिला बाल-बाल बच गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

वीडियो में दिख रहा है कि इमारत एक के बाद एक ढह रही है और उसी समय एक महिला वहां से गुजरती है। यदि वह कुछ सेकंड की देरी से निकलती, तो मलबे की चपेट में आ सकती थी।

स्थानीय लोगों के अनुसार, यह स्कूल भवन कई सालों से बंद था और बहुत जर्जर हो चुका था। उन्होंने कई बार इसकी शिकायत प्रशासन से की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने प्रशासन की इस लापरवाही पर नाराजगी जताई है। घटना की जानकारी मिलने पर गढ़मुक्तेश्वर थाना प्रभारी नीरज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

मलबा हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। एसडीएम अंकित वर्मा ने कहा कि शुरुआती जांच में पता चला है कि यह स्कूल भवन कई सालों से खाली और जर्जर था। उन्होंने बताया कि इस हादसे में किसी की जान को कोई नुकसान नहीं हुआ है और मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि अब क्षेत्र में अन्य जर्जर भवनों की पहचान करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।



# यूरिया की कथित कालाबाजारी के विरोध में भाकियू का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में यूरिया खाद की कथित कृत्रिम किल्लत और कालाबाजारी के विरोध में भाकियू महाशकित ने सोमवार को एडीएम से मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापना सौंपा।

भाकियू महाशक्ति के पदाधिकारियों ने एडीएम को बताया कि निजी खाद विक्रेता यूरिया की कालाबाजारी कर रहे हैं और निर्धारित मूल्य से अधिक दाम वसूल रहे हैं। इसके बावजूद, स्टॉक होने पर भी वे किसानों को खाद देने से मना कर देते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्राइवेट विक्रेता यूरिया की कालाबाजारी कर रहे हैं और किसानों से अधिक दाम ले रहे हैं। उन्होंने मांग की कि ऐसे दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही किसान नेताओं ने सुझाव दिया कि सरकार को खुद खाद की आपूर्ति की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। एडीएम ने भाकियू महाशक्ति के पदाधिकारियो को आश्वासन दिया कि उनकी शिकायतें प्रदेश सरकार तक पहुंचाई जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को खाद की आपूर्ति में कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। प्रशासन इस मामले को गंभीरता से ले रहा है और जांच के बाद दोषी पाए जाने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के राष्ट्रीय सचिव प्रेम शर्मा, पश्चिम उत्तर प्रदेश के मुख्य महासचिव अंकुर चौधरी और मंडल मंत्री अंकित सिंघल समेत अन्य प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे।

# जिला पंचायत उम्मीदवारों के चयन पर कांग्रेसियों ने की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार को दिल्ली रोड स्थित जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर कांग्रेस जनों ने जिला पंचायत चुनाव के उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा की।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में जल्द ही जिला पंचायत चुनाव होने जा रहे हैं। इस संदर्भ में कांग्रेसियों की पूरी-पूरी तैयारी हो चुकी है। इस बार कांग्रेस उत्तर प्रदेश में अकेले खुद के दम पर जनपद हापुड़ में जिला पंचायत की सभी 19 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने जा रही है। इसे लेकर भी संगठन में उम्मीदवारों के नाम पर माथापच्ची भी शुरू हो गई है। उम्मीदवारों ने जिला पंचायत चुनाव में वार्डो से अपने नाम पर चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है।



जिला पंचायत चुनाव में वार्ड नंबर 6 से शाइस्ता चौधरी व एडवोकेट शहजादा चौधरी और वार्ड नंबर 2 से जिला कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट शहजादा चौधरी ने जिला पंचायत चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है। वही मंडल कांग्रेस कमेटी की रिपोर्ट लेने के लिए मेरठ से जिला कोऑर्डिनेटर अवनीश काजला जिला कांग्रेस मुख्यालय पर पहुंचे। जिला कोऑर्डिनेटर अवनीश काजला ने चारों ब्लॉकों के अध्यक्षों को निर्देश दिए है कि जल्द से जल्द 15 अगस्त तक सभी ब्लॉक अध्यक्ष जनपद की चारों ब्लॉक में मंडलों के अध्यक्ष और उनकी कमेटी को बना कर दें। उन्होंने कहा है कि इस बार उत्तर प्रदेश में परिवर्तन निश्चित है। इस दौरान जिला कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट शहजादा चौधरी, गढ़ ब्लॉक अध्यक्ष बिजेंद्र त्यागी, जिला कोषाध्यक्ष भरत लाल शर्मा, धौलाना ब्लॉक अध्यक्ष चमन लाल शर्मा, सिंभावली ब्लॉक अध्यक्ष जमील अहमद खान, जिला महासचिव और धौलाना ब्लॉक प्रभारी इकबाल प्रधान, जिला महासचिव और गढ़ ब्लॉक प्रभारी गौरव गर्ग, मास्टर लोकपाल सागर, कंट्रोल रूम प्रभारी गोपाल भारती, कार्यालय सचिव प्रेम कुमार, महबूब आदि कांग्रेसी पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

# हर घर तिरंगा व मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक आगामी 'हर घर तिरंगा' अभियान और मतदाता पुनरीक्षण अभियान की रणनीति को लेकर आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश तोमर ने की। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी सतपाल सैनी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल सैनी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को धूमधाम से मनाया जाएगा और इसके अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए सभी मंडलों को उनकी जिम्मेदारी सौंप दी गई है। उन्होंने बताया कि आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को देखते हुए मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी नागरिकों को मतदाता सूची में जोड़ना अनिवार्य है, जिसके लिए सभी बूथ प्रमुखों को सक्रियता से कार्य करना होगा। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक नए वोटर जोड़ना है। बैठक में हर घर तिरंगा अभियान के संयोजक पुनीत गोयल और मतदाता पुनरीक्षण अभियान के संयोजक शामेंद्र त्यागी उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष नरेश तोमर ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को उनकी-उनकी जिम्मेदारियाँ सौंप दी गई हैं और तय समयसीमा में सभी कार्यों को पूर्ण कर लिया जाएगा।



इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नगर, विधायक हरेंद्र तेवतिया, पूर्व मंत्री मदन चौहान, ब्लॉक प्रमुख निशांत सिसोदिया, क्षेत्र महामंत्री विकास अग्रवाल, क्षेत्र मंत्री कविता माध्रे, सतपाल यादव, संजय त्यागी, मनोज बाल्मीकि, गढ़ नगरपालिका अध्यक्ष राकेश बजरंगी, राजीव सिरोही, फ्रुल्ल सारस्वत, तरुण चौहान, दिनेश त्यागी, कपिल सिंगल, आशीष चौधरी, पवन गर्ग, सुनील वर्मा, विनोद गुप्ता, अशोक बबली, पायल गुप्ता, शैलेंद्र राणावत और जिला मीडिया प्रभारी सुयश वशिष्ठ समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# समाजवादी पार्टी ने मनाई जनेश्वर मिश्र की 93वीं जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने महान समाजवादी चिंतक स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र की 93वीं जयंती मनाई। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान आनंद गुर्जर ने कहा कि जनेश्वर मिश्र, जिन्हें छोटे लोहिया के नाम से भी जाना जाता था। उन्होंने समाज में व्याप्त छुआछूत और जातिवाद जैसी कुरीतियों को खत्म करने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। उन्होंने लोकतंत्र में लोगों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने का महान काम किया। उनका अधिकांश जीवन संघर्षों में बीता क्योंकि वे



समाजवाद के सिद्धांतों के प्रति पूरी तरह समर्पित थे। इस अवसर पर सभी समाजवादियों ने जनेश्वर मिश्र के दिखाए रास्ते पर चलने और संविधान के अनुरूप जनहित के अधिकारों के लिए आवाज उठाने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में इकबाल कुरेशी, राजेश यादव, आदेश गोस्वामी, अख्तर मलिक, इकरामुद्दीन, पुरुषोत्तम वर्मा, प्रीति रानी और अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एबीवीपी का 16 हजार 140 सदस्यों को सदस्यता अभियान के माध्यम से जोड़ने का लक्ष्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हापुड़ जिले की सदस्यता कार्यशाला का शुभारंभ विवेकानंद भवन कार्यालय पर विद्या की देवी मां शारदे व युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पार्पण के साथ किया गया।

कार्यशाला में हापुड़ जिले के 9 नगर इकाइयों से लगभग 50 छात्र छात्राएं व शिक्षक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला में ज़िला सयोजक आकाश शर्मा ने सभी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सदस्यता अभियान की रूपरेखा व सदस्यता के महत्व पर चर्चा की। एबीवीपी अपने स्थापना काल से ही प्रत्येक वर्ष सदस्यता अभियान चलाती है जिसे कार्यकर्ता एक पर्व की तरह मनाते हैं। विभाग संगठन मंत्री अनुज ठाकुर ने संबोधित करते हुए बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो लगातार 76 वर्षों से छात्र छात्राओं व शिक्षकों के हित में कार्य करता है। जिला संगठन मंत्री सागर शर्मा ने अपने उद्बोधन में सभी को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष अधिक से अधिक छात्र छात्राओं व शिक्षकों को जोड़ने का कार्य एबीवीपी हापुड़ जिले द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऐसे सभी विद्यार्थियों का संगठन में स्वागत है जो राष्ट्र को सर्वोपरि मानकर समाजहित में व छात्रहित में कार्य करना चाहते हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् कार्यकर्ता निर्माण से व्यक्तित्व निर्माण के ध्येय पर कार्य करने वाला छात्र संगठन है। परिषद् के कार्यकताओं द्वारा जिले के प्रत्येक महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान हेल्प डेस्क की व्यवस्था तथा नव प्रवेशार्थी विद्यार्थियों का अभिनंदन समारोह आयोजित करने की योजना है। उन्होंने बताया कि सदस्यता करने हेतु नगर अनुसार व विभिन्न कॉलेजों व प्रखंडों की टोली भी गठित की गई हैं।

## एक नजर

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने एक अहम कार्रवाई करते हुए नाबालिग से दुष्कर्म के गंभीर मामले में एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना क्षेत्र पिलखुवा में दर्ज इस संवेदनशील मामले में पुलिस लगातार अभियुक्त की तलाश में जुटी हुई थी। सूत्रों के अनुसार आरोपी घटना के बाद से ही फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी सहायता व मुखबिर की सूचना के आधार पर दबिश देकर अभियुक्त को दबोच लिया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी करने वाली टीम को सराहना दी गई है।

### मानसिक रूप से पीड़ित युवक पिटाई करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना नगर कोतवाली क्षेत्र के गांव सबली में सोमवार रात को एक दुखद और चिंताजनक घटना सामने आई, जिसमें मानसिक रूप से पीड़ित एक विकलांग युवक को चोर समझकर ग्रामीणों ने बेरहमी से पीट दिया। मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सात नामजद और कुछ अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार सोमवार की रात गांव सबली में कुछ ग्रामीण पहरा दे रहे थे। इस दौरान एक मानसिक रूप से पीड़ित और विकलांग युवक गांव में घूमता हुआ दिखाई दिया। युवक की गतिविधियों को देखकर ग्रामीणों को उस पर संदेह हुआ और उन्होंने उससे पूछताछ शुरू कर दी। मानसिक स्थिति के कारण युवक स्पष्ट उत्तर नहीं दे पाया, जिसके चलते ग्रामीणों ने उसे चोर समझकर पहले गाली-गलौज की और फिर उसकी पिटाई शुरू कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को ग्रामीणों की भीड़ से बचाया। पुलिस द्वारा घायल युवक को उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल भेजा गया, वहीं मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना नगर कोतवाली पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप सिंह ने बताया कि इस मामले में विक्रम पुत्र महेन्द्र सिंह उर्फ सौंटी, पवन पुत्र मांगेराम, रामपाल पुत्र हरदेव, रवि पुत्र बाबू, पिन्टू पुत्र रतन सिंह, विनोद पुत्र लाल सिंह सहित एक अन्य अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल अन्य अज्ञात व्यक्तियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर न्यायिक कार्रवाई की जाएगी।

# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का बाढ़ पर दिया गया बयान दुर्भाग्यपूर्ण: पंडित गोपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑल इंडिया हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी के यूपी प्रदेशाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बाढ़ पर दिए बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।



ऑल इंडिया हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने आरोप लगाया है कि प्रयागराज, बनारस, मिर्जापुर, गोंडा, बिजनौर और हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर में नदियों के उफान पर होने के बावजूद सरकार ने आँखें मूंद रखी हैं। उन्होंने कहा गया है कि गोंडा जिले में बाढ़ आपदा के कारण 11 लोगों की दुखद मृत्यु हुई है, जिनमें से 9 सदस्य एक ही परिवार के थे। उन्होंने आरोप लगाया कि बाढ़ पीड़ितों को न तो कोई राहत सामग्री दी गई है और न ही आर्थिक सहायता मिली है। पंडित गोपाल शर्मा ने उपमुख्यमंत्री के इस बयान को कि बाढ़ तो आती ही है, दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि इससे लगता है कि पीड़ितों को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है।

# शालोम चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया 12 वी बार पोषाहार वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में लगातार क्षय रोगियों के सहयोग में स्वयंसेवी संस्थाओं की सहभागिता बढ़ रही है इसी क्रम में मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हापुड़ पर शालोम चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा लगातार बारहवें माह टीवी रोगियों को पोषाहार वितरण किया गया।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया की हमारी संस्था द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हापुड़ पर अगस्त 2024 से लगातार प्रतिमाह टीवी रोगियों को पोषाहार वितरण किया जा रहा है। संस्था द्वारा पोषाहार ले रहे रोगियों में से अब तक 350 रोगी पूर्णतया स्वस्थ हो चुके हैं। एवं भविष्य में भी इसी प्रकार टीवी रोगियों को पोषण सहायता दिए जाने की कोशिश रहेगी। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश सिंह ने बताया की संस्था द्वारा निरंतर टीवी रोगियों को सहयोग प्रदान किया जा रहा है और हम जनपद की सभी स्वयंसेवी संस्थाओं व औद्योगिक घरानों से अपील करते हैं की सभी प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करें। यदि किसी भी व्यक्ति को दो सप्ताह या उससे अधिक से खांसी हो खांसी में बलगम आना बलगम के साथ खून आना वजन का घटना भूख कम लगना रात्रि में सोते समय कमर में पसीना आना या शरीर में गांठ हो जाना या हल्का बुखार रहना आदि यदि किसी को ऐसे लक्षण है तो यह संभावित टीवी हो सकती है ऐसे में तुरंत ही अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल जाकर जांच



करना चाहिए। भारत सरकार द्वारा सभी टीवी रोगियों को1000 महीना नि:शुलक क्षय पोषण योजना के अंतर्गत दिया जाता है एवं सभी सरकारी अस्पतालों में टीवी की जांच एवं उपचार निशुल्क उपलब्ध है। इस अवसर पर संस्था के प्रवीण कुमार, नीरज कुमार, प्रदीप कुमार, धनेश जैन, राघव गर्ग, क्षमा सिंह, भारती सिंह, वंदना एवम् स्वास्थ्य विभाग से वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक हसमत अली, लैब टेक्नीशियन वेदव्यास यादव एवं टीबी एच वी राजकुमार सिंह उपस्थित रहे।

# कैश संग्रह एजेंट से लाखों की लूट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** शिकारपुर क्षेत्र में फाइनेंस कंपनी का कैश संग्रह कर लौट रहे एजेंट से बाइक सवार तीन लुटेरों ने लाखों रुपयों से भरा बैग लूट कर फरार हो गए। करीब साढ़े सात लाख रुपये बैग में होने की चर्चा है। लूट की सूचना पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एसएसपी समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। एसएसपी ने कोतवाली प्रभारी को लुटेरों को पकड़ने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर तेजवीर सिंह ने बताया कि सोमवार की रात करीब साढ़े 10 बजे शिकारपुर के मोहल्ला खेल निवासी अब्दुल कादिर पुत्र इकराम बाइक द्वारा फाइनेंस कंपनी के कई जगहों से एकत्रित किए हुए रुपयों से भरा बैग लेकर घर लौट रहा था। रास्ते में मेरठ-बदायूं हाईवे पर शिकारपुर सीओ ऑफिस के पास पीछे से आए बाइक सवार तीन लुटेरों ने टक्कर मारकर बाइक को गिरा दिया और गोली मारने की धमकी देते हुए पीठ पर लटके रुपयों से भरे बैग को छीनकर फरार हो गए। एसएसपी मौके पर पहुंचे, लुटेरों की तलाश में कांबिंग लूट की सूचना पर एसएसपी दिनेश कुमार सिंह, एसपी देहात डॉ0 तेजवीर सिंह, सीओ शिकारपुर मधुप कुमार और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंदगीराम भारी पुलिस फोर्स को लेकर मौके पर पहुंचे। लुटेरों की तलाश में कांबिंग की, लेकिन पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली। एसएसपी ने लुटेरों की तलाश में पुलिस की तीन टीम लगाई हैं। शिकारपुर, सलेमपुर, अहमदगढ़, पहासू सहित अन्य थानों की पुलिस अलग-अलग स्थानों पर बैरिकेडिंग करते हुए लुटेरों की तलाश में जुट गई। सीओ दफ्तर के नजदीक लूट की वारदात लोगों में चर्चा का विषय बनी हुई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंदगीराम ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लुटेरों की तलाश की जा रही है। अभी यह नहीं पता है कि बैग में कितने रुपये थे। कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। जिन पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। जल्द ही लुटेरों को पकड़ लिया जाएगा।

# प्रेमिका से तंग आकर युवक ने की आत्महत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भीमपुर के जंगल में प्रेमी ने प्रेमिका से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर प्रेमिका तथा नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

क्षेत्र के ग्राम भीमपुर निवासी राजकुमार पुत्र भरत सिंह ने मंगलवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका 23 वर्षीय छोटा भाई तेजेन्द्र कुमार का गांव की ही एक महिला से करीब एक वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि प्रेमिका तथा एक अन्य व्यक्ति बननी सिंह आए दिन उसके भाई को तंग करते रहते थे। जिससे प्रताड़ित होकर उसके छोटे भाई तेजेंद्र ने गांव के बाहर जंगल में सोमवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि रतन सिंह ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

मृतक के भाई की तहरीर पर आरोपी महिला तथा बननी सिंह के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार करके न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# गौआश्रय स्थल में बीमार मिले पशु

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने एनिमल लॉक बुक अपडेट न होने पर नाराजगी जतायी तथा पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि पशुओं के स्वास्थ्य पर हर समय नजर रखी जाये। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने अस्थाई गौआश्रय स्थल कताई मिल का निरीक्षण किया। उन्होने साफ सफाई पर ध्यान देने के लिए केयरटेकर को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि वह सभी अभिलेख अपडेट रखें तथा पशुओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। बिजली आपूर्ति बाधित होने पर जनरेटर से मोटर चलाकर चारा काटा जाये। गौआश्रय स्थल पर लगभग चार हेक्टेयर भूमि पर हरा चारा बोया गया है। डीएम ने कहा कि भूसा पर्याप्त मात्रा में भंडारित किया जाये। बताते चलें कि इस गौआश्रय स्थल का संचालन स्वयं सहायता समूह की दीदीयों द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान डीएम को दो पशु बीमार मिले जिनके उपचार के निर्देश डीएम द्वारा दिये गये हैं।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मेरी पत्नी विनिता मेरे कहने सुनने से बाहर है। मेरे साथ दुर्व्यवहार करती है। विनिता को मेरे से दो बच्चे है। मेरी पत्नी विनिता 27 जुलाई 2025 को उसकी मौजूदगी में घर से कही चली गई है। दोनों बच्चे ईशानी व ईशान घर पर ही छोड गई है। मैने अपनी पत्नी विनिता को काफी समझाने का प्रयास किया और वह उसके साथ आने को तैयार नही है। मेरी पत्नी विनिता के साथ कोई अप्रिय घटना घटती है या भविष्य में वह किसी के साथ कोई लेन-देन करती है या कोई भी कृत्य करती है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदारी होगी। मैने विनिता से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है।

**कल्लू पुत्र राकेश**
**निवासी ग्राम व थाना फलावदा तहसील मवाना**
**जिला-मेरठ।**

# लोन दिलाने के नाम पर 250 लोगों को ठगा

## सेक्टर-16 में चला रहा था फर्जी कॉलसेंटर, 11 कर्मचारी गिरफ्तार, डायरेक्टर पति-पत्नी फरार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा में साइबर क्राइम, फेज-1 थाना और सर्विलांस टीम ने संयुक्त रूप से एक फर्जी कॉल सेंटर और 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग जीरो प्रतिशत ब्याज पर लोन देने का झांसा देकर लोगों से ठगी करते थे। इनके पास से मिली एक्सेल शीट पर देश के लाखों लोगों का डेटा मिला है। जिसे वेरिफाइ किया जा रहा है। ये लोग 250 से ज्यादा लोगों को ठग चुके हैं।

शहर के कॉरपोरेट एरिया में चल रहे कॉल सेंटर का डायरेक्टर गौरव जोशी और उसकी पत्नी नेहा है। दोनों ही मिलकर इस कंपनी को चला रहे थे। ये लोग डार्क वेब या अन्य माध्यमों से लोगों का डेटा लेते थे। जिसमें व्यक्ति का नाम, पता, मोबाइल नंबर, जन्म तिथि और भी जानकारी होती थी।

इसके बाद कस्टमर को कॉल करके उन्हें 0% ब्याज पर लोन देने का झांसा देते थे। फिर कस्टमर को अपने जाल में फंसाकर लोन, रजिस्ट्रेशन एवं जीएसटी जमा करने के नाम पर उनसे पैसे लेते थे।

उनसे बीमा पॉलिसी कराने के लिए भी प्रोसेसिंग फीस लेते थे। जिसके बाद उनको फर्जी दस्तावेज भेजते थे। इसके बाद कुछ बीमा कंपनियों को बीमा की राशि जमा करते और वहां से भी 40 से 60 प्रतिशत तक कमीशन लेते हैं।

**एक डेस्क फोन की शिकायत से खुलासा:** बैंगलोर से एनसीआरपी (नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल) पर लोन के नाम पर ठगी करने की शिकायत दर्ज हुई। पोर्टल द्वारा शिकायत का रिस्पॉन्स देने पर पता चला कि मामला नोएडा का है। जहां से साइबर ठगी की गई है। इसके बाद साइबर हेल्प 1930 पर मामला ट्रांसफर किया गया।

जिसमें पता चला कि पीड़ित के पास डेस्क फोन से कॉल आती थी। जिसकी आईएमआई लोकेशन ट्रैक की गई। तब इस कॉल सेंटर की जानकारी मिली। कई दिन तक नजर रखी गई, जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ।

**कॉल सेंटर में छापा मारा गया:** डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने बताया- जिस समय छापा मारा गया, उस दौरान ये कॉलसेंटर ऑपरेट हो रहा था। ये लोग 250 से ज्यादा लोगों को ठग चुके है।

डीसीपी ने बताया- पति-पत्नी कॉल सेंटर पर मौके पर मौजूद नहीं मिले। पुलिस टीम इनकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। वहीं मौके से 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें विक्रम सिंह, अमन, केशव कुमार झा, अरमान चौधरी, मोहित, राहुल सिंह, फिरोज खान, राहुल कुमार, अक्षय कुमार मिश्रा, पंकज सिंह और दिव्या वर्मा हुई है। आरोपियों के कब्जे से 43 लैंडलाइन फोन, 21 मोबाइल फोन, 05 लैपटॉप, 61 सिम कार्ड, 36 सिम कार्ड के खाली लिफाफे व कस्टमर्स का अनाधिकृत रूप से लिया गया डाटा की 10 फाइलें बरामद की गई हैं। इनके पास से 43 लैंडलाइन फोन, 21 मोबाइल फोन, 05 लैपटॉप, 61 सिम कार्ड, 36 सिम कार्ड के खाली लिफाफे मिले है।

**व्हाट्सऐप चौट से मिला लाखों का डेटा:** डीसीपी ने बताया- इनके व्हाट्सऐप चौट से अनधिकृत वेंडर की जानकारी मिली। ये डेटा फोन में एक्सल शीट के जरिए सेव किया गया था। जिसमें देश के लाखों लोगों का डेटा व निजी जानकारी थी।

इनके पास से 10 फाइल मिली है। जिसमें भी लोगों का डेटा है। वांछित लोगों की तलाश की जा रही है। इसी डेटा का प्रयोग करके ये लोग ठगी कर रहे थे। इनके बैंक खातों का फ्रीज कराया जा रहा है। साथ पीड़ितों से भी संपर्क किया जा रहा है।

# लोन ऐप में तकनीकी खराबी के कारण बैंक खाते में दिखे थे अरबों रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ऊंची दनकौर निवासी दिवंगत महिला गायत्री के यूपीआई के माध्यम से बैंक खाते में अचानक दिखाई देने वाली खरबों रुपये की रकम एक तकनीकी गड़बड़ी निकली। असल में उसके खाते का बैलेंस जीरो था। इस मामले में दनकौर पुलिस की ओर से की गई पड़ताल में पता चला कि एक लोन ऐप के कारण डिजिटल गड़बड़ी होने के चलते यूपीआई में गलत राशि दिखाई दे रही थी। मंगलवार को भी दनकौर में यह मामला लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा।

दो माह से दिवंगत महिला का खाता ग्रेटर नोएडा के कोटक महेंद्रा बैंक में है। महिला के खाते को यूपीआई के जरिए उसका बेटा दीपक चला रहा था। खाते में जीरो बैलेंस होने के कारण बैंक अधिकारियों ने उसके खाते को फ्रीज कर दिया था। मंगलवार को पुलिस ने युवक को बुलाकर जांच पड़ताल की। जांच में सामने आया है कि युवक ने मोबाइल में एक लोन ऐप इंस्टॉल कर रखा था। ऐप में कोई तकनीकी खराबी के कारण उसके खाते में गलत डिजिट दिखाई दे रही है।

> बैंक प्रबंधक से युवक के बैंक खाते की जानकारी जुटाई गई है, उसके खाते में कोई बैलेंस नहीं दिख रहा है, युवक के मोबाइल ऐप में तकनीकी खराबी के कारण मोबाइल पर रकम दिख रही है
> **-मुनेंद्र सिंह, कोतवाली प्रभारी**

> युवक की मां के खाते में जीरो बैलेंस है, 7 दिन पहले खाते को फ्रीज कर दिया गया था, उनके बैंक खाते में कोई रकम नहीं आई है, किसी ऐप से उसका खाता जुड़ा हुआ है, वहां 37 डिजिट की रकम दिखने की जानकारी मिली है
> **-अभय कुमार, शाखा प्रबंधक कोटक महिंद्रा बैंक, ग्रेटर नोएडा**

**कई तरह के चल रहे लोन एप:** डिजिटल बैंकिंग करने वाले विशेषज्ञों का कहना है कि इंटरनेट पर कई नामों से लोन ऐप चल रहे हैं। ऐप डाउनलोड कराने के लिए मोबाइल पर कैश बैक, बिना किसी कागजी कार्रवाई के लोन देने जैसे लालच लोगों दिए जाते हैं। ऐप डाउनलोड कर लोग यूपीआई से अटैच कर लेनदेन शुरू कर देते हैं। इस तरह का ऐप एक बैंक एजेंट की भूमिका का काम करता है। ऐप में गड़बड़ी के चलते दीपक की मां के खाते में यह 37 अंकों वाली डिजिट राशि दिखाई दे रही थी।

## एक नजर

### मकान की दीवार का निर्माण रोकने के आरोप में तीन लोगों पर केस दर्ज

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र के औरंगपुर गांव निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही 2 सगे भाइयों पर उसके मकान की दीवार का निर्माण रोकने व मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित को स्थानीय पुलिस से शिकायत करने के बाद भी मदद नहीं मिली तो कोर्ट की शरण ली। मंगलवार को पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर 3 आरोपियों पर केस दर्ज किया है। पीड़ित कृष्ण ने शिकायत में कहा है कि गांव में उसका पुश्तैनी मकान है, जिसमें वह 50 साल से परिवार के साथ रह रहा है। मई माह में तेज आंधी और बारिश से मकान की एक दीवार टूट गई थी। पीड़ित अपनी दीवार का फिर से निर्माण कराने लगा तो गांव के करन सिंह, करतार सिंह और जगवीर सिंह ने निर्माण कार्य रोक दिया। पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट कर दी और निर्माण करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई करवाई नहीं हो सकी। इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट में गुहार लगाई। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर तीनों आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है।

### निर्माणाधीन एसटीपी प्लांट में पानी भरा, लोग परेशान

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेनो वेस्ट स्थित इको विलेज एक सोसाइटी के निवासियों की समस्याएं खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। निवासियों का आरोप है कि सोसाइटी के निर्माणाधीन एसटीपी प्लांट में चार दिन से भरा बारिश का पानी भरा हुआ है। मेंटेनेंस प्रबंधन से कई बार पानी निकलवाने के लिए कहा गया लेकिन सफाई नहीं कराई गई। इससे मच्छरों के लार्वा पैदा होने का खतरा है।

निवासी समीर भारद्वाज ने बताया कि सोसाइटी में 8 साल से एसटीपी प्लांट का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। करीब एक साल पहले दो-तीन महीने के लिए निर्माण कार्य शुरू किया गया था लेकिन वह भी अब बंद है। इससे यहां अक्सर पानी भर जाता है। चार दिन पहले हुई बारिश का पानी अब तक यहां भरा हुआ है। लोगों ने मेंटेनेंस प्रबंधन से भी शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इस एसटीपी प्लांट के पास विभिन्न टावर भी बने हुए हैं। गंदा पानी की बदबू से लोग परेशान हैं। साथ ही, बीमारी फैलने का भी खतरा है।

### बिजली उपकेंद्रों पर फीडर मैनेजर तैनात होंगे

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जिले में बिजली उपकेंद्रों पर लगे फीडरों पर फीडर मैनेजर तैनात होंगे। इसके लिए पावर कॉरपोरेशन के चौयरमेन ने आदेश जारी किए हैं। फीडर मैनेजर की जिम्मेदारी यह देखना होगा कि फीडर से कितनी बिजली गई और कितनी बिजली के बिल तैयार हुए। उपभोक्ताओं को बिल मिल रहे हैं या नहीं। कहीं गलत बिल तो नहीं मिल रहे। फीडर क्षेत्र के उपभोक्ताओं के साथ नियमित संवाद भी बनाए रखेगा। फीडर मैनेजर क्षेत्र के उपभोक्ताओं के बिल जमा कराने का कार्य भी करेंगे। जिले के विद्युत निगम के अधिकारियों ने चेयरमैन के आदेश के बाद फीडर मैनेजर तैनात कर उनकी जिम्मेदारी तय कर दी है।

इनके कार्यों की निगरानी क्षेत्र के जेई और एसडीओ रखेंगे। इसी तरह जेई और एसडीओ के कार्यों की निगरानी अधीशासी अभियंताओं के जिम्मे होगी। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार जिले में विद्युत निगम के 106 बिजली उपकेंद्र है। इन उपभोक्ताओं पर करीब 810 फीडर लगे हैं। इसमें सर्किल वन में 357 फीडर और सर्किल-टू में 453 फीडर हैं। इन बिजली फीडर पर फीडर मैनेजर तैनात कर दिए हैं। कर्मचारियों की संख्या कम होने की वजह से एक व्यक्ति को एक से दो या दो से तीन फीडर का मैनेजर भी तैनात किया गया है।

### लावारिस कुत्तों ने बच्चे को घेरा, गिरकर घायल

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेनो वेस्ट स्थित पंचशील ग्रींस एक सोसाइटी में मंगलवार को लावारिस कुत्तों ने 12 साल के बच्चे को घेर लिया। कुत्तों से बचने के लिए बच्चा भागते समय नीचे गिरकर घायल हो गया। सोसाइटी निवासी शिखा ने बताया कि बेटा सुबह 6 बजे जॉगिंग के लिए नीचे गया था। इसी दौरान 4 से 5 लावारिस कुत्तों ने उसे घेर लिया। बच्चा जान बचाने के लिए भागने लगा। इस दौरान पैर फिसल गया जिससे पैर, हाथ व अन्य जगहों उसे चोट लग गई। आसपास के लोगों ने तुरंत पहुंचकर कुत्तों को वहां से भगाया। सोसाइटी में लावारिस कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। इस कारण लोगों ने बच्चों को बाहर अकेला भेजना भी बंद कर दिया है। वहीं, लोगों ने बताया कि सबसे अधिक समस्या लावारिस कुत्तों को खाना खिलाने की है। लावारिस कुत्तों को सोसाइटी के बेसमेंट, लिफ्ट के पास व अन्य स्थानों पर खाना डाला जाता है जिससे कुत्ते वहीं आकर बैठे रहते हैं। ऐसे में जब लोग वहां से निकलते हैं तो वह उन पर हमला कर देते हैं। इसे कई बार बिल्डर प्रबंधन से भी शिकायत की गई है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

# भंगेल एलिवेटेड रोड पर लगेंगे साउंड बैरियर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** अगाहपुर से एनएसईजेड सेक्टर-82 तक बने भंगेल एलिवेटेड रोड का निर्माण काम पूरा हो गया है। 4.5 किलोमीटर का यह एलिवेटेड रोड अगाहपुर, सेक्टर-40, 49, 48, 107 बरौला, भंगेल गांव की आबादी के आगे ट्रैफिक के लिए खोले जाने पर वाहनों का शोर आस-पास के सेक्टर और गांव के निवासियों को परेशान कर सकता है। इसको देखते हुए नोएडा प्राधिकरण ने साउंड बैरियर लगवाने का निर्णय लिया है। इसकी लागत के आकलन के लिए एस्टीमेट बनवाने के निर्देश वर्क सर्कल-8 को जारी कर दिए गए हैं। इसके बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी।

इस एलिवेटेड रोड का निर्माण जून-2020 को शुरू हुआ था। मौजूदा समय में परियोजना की निर्माण लागत 608 करोड़ 61 लाख रुपये है। काम पूरा होने की पहली तारीख दिसंबर-2022 प्रस्तावित थी। लेकिन अलग-अलग कारणों से कई तारीखें इस परियोजना में काम पूरा होने की बढ़ती रहीं। प्राधिकरण की इस परियोजना की निर्माण एजेंसी सेतु निगम है। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि ऊपर एलिवेटेड रोड और सड़क बनाने का काम पूरा हो गया है। सड़क पर लेन मार्किंग का काम चल रहा है जो अंतिम दौर में है। इसे भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। प्राधिकरण की तैयारी अब परियोजना के लोकार्पण की है। अभी तारीख प्रस्तावित होनी है।

**50 से ज्यादा घरों के सामने लगेगी फाइबर शीट:** एलिवेटेड के लिए सेक्टर-82 से भंगेल की तरफ आने वाली सड़क के लिए छज्जे तोड़े गए हैं। यहां पर दो इमारतें बीच में आ रही थीं। इनको बचाने के लिए 90 मीटर की दूरी में एलिवेटेड रोड की चौड़ाई आधा मीटर घटाई गई है। इन इमारतों का 2.5 मीटर का हिस्सा एलिवेटेड रोड के बीच में आ रहा था। इस तरह इन इमारतों की बालकनी और छज्जे तोड़कर काम चल गया है। लेकिन इन दोनों इमारतों के साथ करीब 50 इमारतों की एलिवेटेड रोड से दूरी बहुत ही कम है। इस वजह से बतौर सुरक्षा इस 90 मीटर के दायरे में प्राधिकरण फाइबर शीट (व्यू कटर) लगवाएगा। शीट की वजह से एलिवेटेड से घर नहीं दिखेंगे। इस काम के लिए सेतु निगम से राय ली गई है। निगम ने फाइबर शीट की लागत 2800 रुपये प्रति मीटर बताई है।

**उखड़ी पड़ी है नीचे की सड़क:** भंगेल एलिवेटेड रोड भले बनकर तैयार हो गई है। लेकिन नीचे की सड़क मौजूदा समय में सेक्टर-40 से लेकर 82 तक दोनों तरफ की बदहाल है। नोएडा प्राधिकरण का पक्ष है कि यह सड़क सेतु निगम को बनानी है, लेकिन निगम ने काम नहीं शुरू करवाया है। सड़क उखड़ी हुई है, जरा सी बारिश होने पर गड्ढों में पानी भर रहा है। जलभराव से बाकी सड़क भी उखड़ रही है।

# पुलिस और बदमाश की मुठभेड़

## 31 केस वाला शातिर आरोपी गोली लगने से घायल हुआ, दूसरा फरार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-20 थाना क्षेत्र में सोमवार रात पुलिस और एक शातिर बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। गिरफ्तार बदमाश की पहचान हरिश्चंद्र उर्फ हरिया के रूप में हुई है, जो दिल्ली के प्रताप नगर का रहने वाला है और उस पर 31 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं।

एडिशनल डीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि सेक्टर-20 पुलिस की टीम सोमवार रात क्रस्थ मॉल के पास नाले के किनारे चेकिंग कर रही थी। तभी एक पल्सर बाइक पर सवार दो युवक वहां से गुजरे। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया लेकिन वे रुके नहीं और तेजी से भागने लगे।पुलिस को दोनों पर शक हुआ और टीम ने उनका पीछा शुरू कर दिया। करीब 600 मीटर तक पीछा करने के बाद दोनों बदमाश सेक्टर-18 स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के पास जंगल की ओर भागे। खुद को घिरता देख उन्होंने पुलिस पर जानलेवा हमला करने की नीयत से फायरिंग कर दी।

जवाबी फायरिंग में एक बदमाश हरिश्चंद्र उर्फ हरिया के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश को तुरंत कस्टडी में लेकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। मौके से पुलिस ने उसके पास से एक अवैध तमंचा (.315 बोर), पल्सर बाइक और एक फर्जी नंबर प्लेट बरामद की है।

**दूसरा बदमाश फरार:** बदमाश का साथी मौका पाकर अंधेरे में फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश का लंबा आपराधिक रिकॉर्ड है। वह दिल्ली और एनसीआर के कई इलाकों में राह चलते लोगों से मोबाइल और चेन स्नैचिंग की वारदातों में शामिल रहा है।

पुलिस को संदेह है कि यह गैंग संगठित रूप से वारदातों को अंजाम देता है। बदमाशों की पहचान और अन्य राज्यों में उनके आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी के लिए अलग-अलग जिलों और राज्यों को सूचना भेजी गई है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि इनके गैंग में और कौन-कौन शामिल है।

एडीसीपी ने बताया कि जिस पल्सर बाइक पर दोनों बदमाश सवार थे, उसी से दिल्ली-एनसीआर में कई वारदातें अंजाम दी गई हैं। इस बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाई गई थी, जिससे पहचान में परेशानी हो।

फिलहाल घायल बदमाश अस्पताल में भर्ती है और पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। उम्मीद की जा रही है कि इस गिरफ्तारी से आसपास के इलाकों में हुई कई स्नैचिंग और लूट की घटनाओं के खुलासे में मदद मिल सकती है।

# बरसात से धान की फसल लहलहाई किसान खुश

**नोएडा।** एक सप्ताह की बारिश से धान की फसल को पर्याप्त पानी मिल गया है। इससे फसलें लहलहाने लगी हैं। सिंचाई के लिए अतिरिक्त व्यवस्था करने की जरूरत नहीं पड़ने से किसान खुश हैं। उन्हें उम्मींद है कि अगर ऐसे ही बारिश होती रही तो इस बार अच्छी फसल होगी। इससे उनका मुनाफा बढ़ जाएगा।

किसान सुनील प्रधान ने बताया कि एक सप्ताह से लगातार हो रही बरसात ने धान की फसल उगाने वाले किसानों के चेहरों पर रौनक ला दी है। खेतों में धान की फसल के लिए पर्याप्त पानी भरा है। ऐसे में किसानों को सिंचाई की कोई आवश्यकता फिलहाल महसूस नहीं हो रही है। जबकि पिछले सीजन में और कुछ समय पहले भी कम वर्षा के चलते नलकूप चलाने की जरूरत पड़ रही थी। किसानों का कहना है कि यदि पंद्रह दिन ओर बरसात होती है तो धान की फसल को पर्याप्त पानी मिल जाएगा। इससे उत्पादन भी बेहतर होगा। किसान सतपाल नागर ने बताया कि इस बारिश से न केवल फसल की गुणवत्ता में सुधार होगा। बल्कि उत्पादन भी बढ़ने की संभावना है। यह बारिश समय पर हुई है। जिला कृषि अधिकारी विवेक दुबे ने कहा कि एक सप्ताह से हो रही बरसात से धान की फसल को पर्याप्त पानी मिला है। अब किसानों को धान की फसल में सिंचाई की अलग से व्यवस्था करने की जरूरत नहीं होगी। इसका असर उत्पादन पर भी पड़ेगा।

# युवती ने दोस्त पर लगाया परेशान करने का आरोप

**नोएडा।** इकोटेक तीन कोतवाली में एक और युवती ने अपने दोस्त के खिलाफ केस दर्ज कराया है। आरोप है कि बातचीत बंद करने के बाद से युवक उसे परेशान कर रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की है।

पीड़िता का आरोप है कि वो दो वर्ष से एक युवक से बातचीत कर रही थी, लेकिन 31 जुलाई को उसने हल्दौनी मोड़ पर उसका पीछा किया। जिस कारण उसने बातचीत बंद कर दी। इस पर आरोपी युवक ने एक अगस्त को उसकी कंपनी के मालिक के पास फोन किया और मम्मी की तबीयत खराब बताकर उसे बाहर भेजने को कहा। जानकारी होने पर उसे पिता के पास फोन किया। पिता ने कंपनी से बाहर नहीं निकलने की हिदायत दी। आरोपी के डर के कारण उसकी पढ़ाई भी बर्बाद हो रही है।

# डिपो की बसें भीड़ के मुताबिक रूट बदल सकेंगी

## रक्षाबंधन पर रोडवेज बसों में भीड़ अधिक होने की संभावना: ईटीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** रक्षाबंधन पर नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो की बसें भीड़ के मुताबिक रूट बदल सकेंगी। चालकों की इलेक्ट्रॉनिक टिकटिंग मशीन (ईटीएम) में सभी रूट की बसों के विकल्प दर्ज कर दिए गए हैं। आम दिनों में यह व्यवस्था नहीं होती। नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो में 305 बसें हैं। दोनों डिपो से तमाम शहरों के लिए बसें चलती हैं। इनमें आगरा, मथुरा, लखनऊ, बरेली, कासगंज, एटा, बदायूं, हरिद्वार, कोटद्वार, बिजनौर, अलीगढ़, कालागढ़, सहारनपुर और फर्रुखाबाद समेत अन्य शहरों के लिए बस सेवा शामिल है। त्योहारों पर रोडवेज की बसों में बड़ी संख्या में यात्री सफर करते हैं।

ऐसे में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बसों के अतिरिक्त फेरों की सुविधा दी जाती है। इस बार रक्षाबंधन पर डिपो को 45 नई बसें मिल चुकी हैं। ऐसे में बसों की संख्या भी पहले के मुकाबले बढ़ गई है। 35 और बसें डिपो को मिलनी है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि रक्षाबंधन पर संभव है कि कुछ रूट पर अन्य शहरों के मुकाबले अधिक भीड़ हो। इसमें समीप के शहरों की संख्या अधिक हो सकती है, इसलिए ईटीएम में सभी रूट के विकल्प दर्ज कर दिए गए हैं। परिचालक जिस शहर के लिए ज्यादा यात्री होंगे, उस रूट के लिए बस में यात्रियों के टिकट बनाएगा। उदाहरण के तौर पर जैसे बदायूं रूट पर यात्रियों की संख्या कम है और फर्रुखाबाद के लिए ज्यादा है तो बस बदायूं के स्थान पर फर्रुखाबाद भेजी जाएगी। बदायूं के लिए दूसरी बस की व्यवस्था की जाएगी। बहनों को निशुल्क सफर की सुविधा क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि रक्षाबंधन पर सरकार की ओर से बहनों को निशुल्क सफर की सुविधा दी जाएगी। आठ अगस्त की सुबह छह बजे से दस अगस्त की रात 12 बजे तक बहनों को यात्रा के लिए किराया नहीं देना पड़ेगा। त्योहार के चलते यदि यात्रियों की रात में भी भीड़ रहेगी तो देर रात तक बसें चलाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि डिपो की सभी बसें साधारण और सीएनजी से चलने वाली है। डिपो की अपनी एसी बस नहीं है। अन्य डिपो की एसी बसें नोएडा होकर निकलती है। इन बसों में लोग पहले ही टिकट बुक कर लेते हैं। साधारण बसों में भी ऑनलाइन टिकट बुक करने की सुविधा है। लोग उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की वेबसाइट पर टिकट बुक कर सकते हैं। रक्षाबंधन के बाद जन्माष्टमी पर यात्रियों को बसों की बेहतर सुविधा देने पर जोर रहेगा।

# छठे फ्लोर से बेसमेंट तक गिरी लिफ्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एम्स ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी में सोमवार रात एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। सोसाइटी के एच टावर की लिफ्ट छठे फ्लोर से फ्री फॉल होकर सीधे बेसमेंट में जा गिरी।

घटना के समय लिफ्ट में सोसाइटी के दो निवासी विकास तोमर और गिरीश सवार थे। विकास ने बताया कि जब वे छठे फ्लोर से नीचे जा रहे थे, तभी लिफ्ट अचानक फ्री फॉल हो गई। गनीमत रही कि दोनों को कोई गंभीर चोट नहीं आई, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

निवासियों का आरोप है कि एच टावर की यह लिफ्ट कई दिनों से खराब चल रही थी। इसकी शिकायत बिल्डर प्रबंधन से कई बार की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। टावर में केवल एक ही लिफ्ट संचालित है और वह भी अक्सर खराब रहती है।

घटना के बाद पीड़ितों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मेंटेनेंस प्रबंधन से बात की। निवासियों का आरोप है कि मेंटेनेंस प्रबंधन की ओर से उन्हें धमकी दी जा रही है कि कुछ भी नहीं होगा।सोसाइटी में अन्य समस्याएं भी हैं। बेसमेंट में गंदे पानी के कारण रहवासियों को परेशानी हो रही है। निवासियों के अनुसार, सोसाइटी में कुल चार लिफ्ट हैं, लेकिन केवल एक ही चल रही है, जो कभी भी बंद हो जाती है।

# डीएम ने जेवर एयरपोर्ट का किया स्थलीय निरीक्षण





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मेधा रूपम ने आज जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सभागार में निर्माण कंपनी एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर निर्माण कार्यों की वर्तमान प्रगति की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान अपर जिलाधिकारी भू0/अ0 राजेश कुमार, उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, एसीपी जेवर सार्थक सेंगर, तहसीलदार जेवर ओमप्रकाश पासवान, जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ क्रिस्टोफ श्रेलमैन, सीओओ किरन जैन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ क्रिस्टोफ श्रेलमैन ने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से जिलाधिकारी को रनवे, टर्मिनल भवन सहित अन्य बुनियादी ढांचे की प्रगति से अवगत कराया गया।

जिलाधिकारी ने बैठक करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि शेष निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है और इसकी प्रगति में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

समीक्षा बैठक के उपरांत जिलाधिकारी ने कमांड सेंटर, टर्मिनल भवन एवं अन्य निर्माणाधीन स्थलों का भी स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने एयरपोर्ट निर्माण कार्यों में गति लाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

# पार्किंग की वसूली को लेकर झगड़ा, केयरटेकर को मारी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के सलारपुर गांव में सोमवार रात उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब दो युवकों ने पार्किंग की देखरेख करने वाले युवक पर गोली चला दी। गोली उसके घुटने में लगी और वो घायल होकर गिर पड़ा। उसे आनन-फानन में पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना सेक्टर 49 थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक खाली प्लॉट में हुई, जहां दीप हनुमान उर्फ दीपू नाम का युवक पार्किंग के केयरटेकर के रूप में काम करता है। सोमवार रात दीपू वहीं सो रहा था, तभी गांव के रहने वाले बीतेश भाटी और रवि भाटी वहां पहुंचे।

एडिशनल डीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि दीपू और दोनों युवकों के बीच पहले किसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जो जल्द ही बहस और फिर हिंसा में बदल गई। अचानक से बीतेश और रवि ने पिस्टल निकालकर दीपू पर फायरिंग कर दी, जिससे एक गोली दीपू के बाएं पैर के घुटने में जा लगी।

**पार्किंग के पैसे को लेकर विवाद:** सलारपुर गांव निवासी नितिन के मुताबिक उनकी पिलर संख्या 84 के पास पार्किंग है। पार्किंग की देखरेख दीपू नाम का युवक करता है। सोमवार रात दीपू पार्किंग पर था। तभी गांव को रहने वाले बीतेश और रवि आए। दोनों ने दीपू से रुपयों की मांग की। दीपू ने पैसा देने से मना किया तो दोनों युवक गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर युवकों ने फायरिंग कर दी।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन से बागपत में शोक की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद के गांव हिसावदा में जन्मे पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद दिल्ली के अस्पताल में निधन हो गया। जनपद में जैसे ही उनके निधन की सूचना मिली तो उनके पैतृक गांव हिसावदा समेत पूरे जनपद में शोक छा गया। पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक की तबियत पिछले 11 मई से गंभीर बनी हुई थी। संक्रमण के चलते उनको दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे उन्होंने अंतिम सांस ली।



मिली जानकारी के अनुसार, सत्यपाल मलिक का जन्म 24 जुलाई 1946 को उत्तर प्रदेश के बागपत ज़िले के हिसावदा गाँव में एक किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने मेरठ कॉलेज से बीएससी और एलएलबी की पढ़ाई की और 1968-69 में मेरठ विश्वविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष चुने गए, जहाँ से उनका राजनीतिक सफर शुरू हुआ। सत्यपाल मलिक ने 1974 में चौधरी चरण सिंह की भारतीय क्रांति दल से बागपत विधानसभा सीट से विधायक के रूप में राजनी. ति में कदम रखा। इसके बाद वे लो. कदल, कांग्रेस, जनता दल और भारतीय जनता पार्टी जैसे विभिन्न दलों से जुड़े रहे। 1980-1989 में उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सदस्य रहे। 1989 से 1991 जनता दल के टिकट पर अलीगढ़ से लोकसभा सांसद रहे। गए। वर्ष 2012 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए। राज्यपाल के रूप में उन्होंने बिहार (2017-2018), जम्मू-कश्मीर (2018-2019), गोवा (2019-2020) और मेघालय (2020-2022) में सेवाएँ दीं। जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल रहते हुए उन्होंने संविधान से अनुच्छेद 370 के हटाए जाने के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सत्यपाल मलिक ने हमेशा किसानों, छात्रों और आम जनता के हितों की आवाज़ उठाई है। उनकी बेबाकी और स्पष्टवादिता के लिए वे जाने जाते हैं।

.....पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक के निधन से पूरा बागपत जनपद शो. काकुल है, वो हमारे जनपद की आन बान शान थे, एक साधरण किसान परिवार मे जन्म लेकर उन्होंने राजनीतिक ऊंचाइयों को प्राप्त किया, किसान आंदोलन मे उन्होंने जिस तरह से किसानो की पैरोकारी की वह सदैव याद रहेगी, महान राजनीतिक हस्ती को हम भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

**ऐड.सोमेन्द्र ढाका, आप अध्यक्ष पश्चिम उत्तर प्रदेश**

.....जम्मू कश्मीर, बिहार, उडीसा गोवा मेघालय पूर्व राज्यपाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यपाल मलिक के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए और दिवंगत नेता को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए प्रदेश सचिव समा. जवादी शिक्षक सभा नगेंद्र सिंह ने कहा कि सत्यपाल मलिक एक स्पष्टवादी और जनहित के सवालों को निर्भीकता से उठाने वाले राजनेता थे वे किसान और कमेरों की आवाज थे उनके निधन से देश की राजनीति में एक रिक्तता का भाव उत्पन्न होगा जिसकी भरपाई संभव नहीं है छात्र राजनीति से राजनीतिक जीवन की शुरुआत कर उन्होंने राजनीतिक क्षेत्र में जो मुकाम हासिल किया वह नौजवानों के लिए सदैव दीपक का कार्य करेगा।

**नगेंद्र सिंह, प्रदेश सचिव समा. जवादी शिक्षक सभा उ.प्र.**

## गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने की मारपीट और पथराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के पुराने कस्बे में एक मजदूर परिवार पर दबंगों ने हमला कर दिया। गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने मारपीट और पथराव किया। इस घटना में मजदूर परिवार के दो लोग घायल हो गए।



पीड़ित मजदूर आरिफ ने बताया कि जब कुछ लोग गाली-गलौज कर रहे थे, तो उसने इसका विरोध किया। इसके बाद आधा दर्जन से अधिक लोगों ने उनके परिवार पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने मारपीट की और पथराव भी किया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में उपचार के लिए भेजा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## महिला ने लगाया धोखाधड़ी कर रुपये हड़पने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** चमरावल की एक महिला ने डौला की एक पति पत्नी पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए रूपये हड़पने का आरोप लगाया है और तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है।

चमरावल निवासी सुनिता पत्नी मनोज ने थाना चांदीनगर में तहरीर देते हुए बताया कि डौला निवासी सुधीर और उसकी पत्नी अनीता उसके घर आये थे और बताया था कि वह परिवार उत्थान समिति से है। उन्होंने बताया कि वह हर महिला को दस हजार रूपये दिलाते है जिससे वह अपने उपयोग में ले सके। इसके लिए पचास सदस्यों की एक टीम बनायी जाती है जिसमे प्रति टीम मेम्बर से ढाई हजार रूपये लेने होते है। उसके बाद दस हजार रूपये देना होता है। उसने पचास मेम्बर की एक टीम बनायी और पैसा इकट्ठा कर एक लाख पच्चीस हजार रूपये उन्हें दे दिया। उसके बाद से उन्होंने फोन उठाना बंद कर दिया और कोई सन्तुष्ट जवाब नही दे रहे है जिससे उन्हें धोखाधड़ी लग रही है। महिला ने थानें मे तहरीर देते हुए कार्यवाई की मांग की है। थाना प्रभारी अतर सिंह ने बताया की आरोपी महिला से बात हुई है उन्हें थानें बुलाया गया है दोनो पक्ष को आमने सामने बैठाकर बात की जायेगी। धोखाधड़ी का मामला हुआ तो कार्यवाही की जायेगी।

## सपाईयों ने जनेश्वर मिश्र की जयंती मना की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जनेश्वर मिश्र छोटे लोहिया की जयंती मनाई तथा उनके चित्र पर फूल माला चढ़ाकर उनके विचारों पर चलने का सभी ने संकल्प लिया। इसके बाद कार्यालय पर एक मानसिक बैठक का भी आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में उन्होने अब तक बूथ कमेटी बनी है उनकी समीक्षा की तथा आगे के लिए सभी पदाधिकारियों को पीडीए जनपंचायत करने की जिम्मेदारी सौपी गई। बैठक का संचालन महबूब ने किया। बैठक में प्रदेश सचिव संजीव त्यागी, सतीश गौड, बिल्लू प्रधान, ललित चौधरी, चिराग चौधरी, राजपाल शर्मा आदि



ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र देव यादव, राहुल यादव, जितेन्द्र भाटी, शाहरुख खान, देवेंद्र यादव, सुरेंद्र भाटी, मेहंदी हसन, कविता, सुरेंद्र त्यागी, डा.जितेंद्र यादव, जगपाल यादव आदि आदि मौजूद रहे।

## चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** कोतवाली पुलिस ने जनपद बागपत में अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक 12 बोर का तमंचा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है यह अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए शहर में घूम रहा था पकड़े गए अपराधी का नाम समीर पुत्र याकूब निवासी कस्बा बडौत है पुलिस ने से चालान कर जेल भेज दिया।

## दंपति के बैंक खातों में लाखों की हेराफेरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** बैंक मैनेजर समेत अन्य कर्मचारियों पर साठगांठ कर फर्जीवाड़ा कर लोन आदि लेकर रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। दंपति के बैंक खातों में करीब 30 लाख रुपये की हेराफेरी कर ली गई। बैंक स्टेटमेंट निकलवाने पर धोखाधड़ी की जानकारी मिली। थाना साइबर क्राइम पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना साइबर क्राइम में अरनियां खुर्द निवासी गुंजन कुमार गुप्ता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका एवं उसकी पत्नी अंजू देवी के बचत खाते अरनियां खुर्द की पीएनबी ब्रांच और उज्जीवन बैंक ब्रांच मुरारी नगर खुर्जा में हैं। 30 जनवरी 2024 को उनके द्वारा पीएनबी ब्रांच अरनियां खुर्द के मैनेजर दीपांशु के माध्यम से लोन लिया था, जो उज्जीवन बैंक ब्रांच मुरारी नगर में ट्रांसफर करा लिया गया था। इस लोन का निर्धारित अवधि में भुगतान कर दिया गया। इसके बाद पीड़ित और उसकी पत्नी द्वारा कोई लोन नहीं लिया गया। आरोप है कि पीएनबी अरनियां खुर्द शाखा के मैनेजर दीपांशु ने उज्जीवन बैंक के कर्मचारियों के साथ साठगांठ कर पीड़ित और उसकी पत्नी के खातों में करीब 30 लाख रुपये की हेराफेरी की है। कई तरह के लोन उनके खाते से लिए गए हैं। उन्हें झांसा देकर उनके खाते से रकम को दूसरे खाते में ट्रांसफर कराते रहे। 17 फरवरी 2025 को बैंक स्टेटमेंट देखकर उन्हें अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चल सका। इसके बाद उनके द्वारा उक्त दीपांशु से मिलकर रुपये वापस करने की मांग की। आरोप है कि रुपये वापस मांगने पर दीपांशु एवं उसके परिजनों द्वारा अभद्रता करते हुए झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई। साइबर थाना पुलिस ने संबंधितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## गंगा में बढ़ा जलस्तर, बाढ़ जैसे हालात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिले में बाढ़ जैसे हालात बन रहे हैं। पहाड़ी व मैदानी भागों में हो रही मूसलाधार बारिश से गंगा में बाढ़ ने विकराल रूप ले लिया है। नगर के तीन सड़कों पर बाढ़ का पानी घुस गया है। लगातार हो रही बारिश के चलते गंगा उफान ले रही हैं। गंगा बाढ़ का पानी तेजी के साथ नगर की सड़कों की ओर बढ़ रहा है। मोहल्ला गंगाद्वार में बाढ़ का पानी लगभग 40 फुट, जाहन्वी प्लेटफार्म पर 25 फुट, मोहल्ला मदार गेट स्थित कुंज घाट पर भी बाढ का पानी सड़क द्वारा काफी अंदर घुस चुका है। प्रशासन द्वारा बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया गया है। एसडीएम प्रियंका गोयल ने बताया कि अहार, मारकपुर, हसनपुर, कल्याणपुर, सिरोरा, तोरई, बच्ची खेड़ा आदि गंगा तटीय गांव के लेखपालों को चेतावनी दी गई है, कि वह ग्रामीणों को अलर्ट रहने का संदेश दें। बच्चों तथा पशुओं को गंगा तट की ओर न जाने दें। किसी भी स्थिति में सुरक्षित स्थान पर पहुंचे। नगर के गोताखोरों को भी अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। गंगा किनारे बसे गांव के खेतों में बाढ़ का पानी घुस गया है। जिससे सामान्य जनजीवन पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। अनूपशहर नगर में शाम को होने वाली गंगा आरती का स्थान बदलना पड़ा है।

## कोर्ट के आदेश पर एसएचओ पर मुकदमा

**बुलंदशहर।** जिले के ककोड़ में अपराधी को बचाकर दिव्यांग को जेल भेजने के मामले में काकोड़ थाना प्रभारी पर एफआईआर दर्ज की गई है। कोर्ट के आदेश पर चार और पुलिसकर्मियों पर भी केस दर्ज किया गया है। मामले को लेकर पीड़ित की पत्नी ने एसएसपी से न्याय की मांग की थी। थाने में दी गई शिकायत में बताया था कि सुनील कुमार, जो कि 70: मंदबुद्धि है, उसे 3 जनवरी 2023 को शाम करीब 5 बजे पुलिस जबरन उठा ले गई थी। पुलिस ने पीड़ित को दो दिन तक थाने में अवैध रूप से रखा और मारपीट की। इसके बाद 5 जनवरी 2023 को आर्म्स एक्ट के झूठे मुकदमे में फंसा दिया। मुकदमा संख्या 5-2023 था। जिसमें असल नाम बिन्टू पुत्र कलुआ दर्ज था, लेकिन उसकी जगह मंदबुद्धि सुनील कुमार को जेल भेज दिया गया। सुनील के पिता वीर सिंह का आरोप है कि पुलिस ने चालान करते वक्त परिवार वालों को कोई सूचना नहीं दी। वहीं असल आरोपी बिन्टू का उसी दिन मेडिकल भी सरकारी अस्पताल में करवाया गया था, जो पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज है। पुलिस पर आरोप है कि पुलिस ने राजनीतिक दबाव और पैसों के लालच में आकर बिन्टू को छोड़ दिया और उसके मंदबुद्धि बेटे को फर्जी तरीके से फंसा दिया।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने चैकिंग के दौरान मावे का कैंटर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने चैकिंग अभियान के दौरान पुसार गांव के पास एक कैंटर पकड़ा है। इस कैंटर से डेढ़ क्विंटल मावा मिला, जिसका सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

सहायक खाद्य आयुक्त डीपी सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत विभाग की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। आगामी त्योहारों को देखते हुए खाद्य विभाग पूरी सतर्कता बरत रहा है। टीम गांव-गांव में दूध की भट्ठियों पर भी अभियान चला रही है। लोगों को चेतावनी दी जा रही है कि खाद्य पदार्थों में मिलावट करने पर सख्त कार्रवाई होगी। डीपी सिंह ने बताया कि विभाग निरंतर चेकिंग अभियान चला रहा है। साथ ही गांवों में जाकर



लोगों को मिलावटी खाद्य पदार्थों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। मिलावट करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर में की 37 मरीजों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में लायंस क्लब बड़ौत चेतना के द्वारा राष्ट्रीय लोक. दल के नगर कार्यालय जिन्दल निवास पर आँखों का मासिक निशुल्क ऑपरेशन केम्प लगाया गया, जिसमें अभी तक 37 मरीजों की जाँच की गई तथा 12 मरीजों को आपरेशन के लिए चयनित किया गया।

क्लब के सचिव एंव रालोद नेता डा.योगेश जिन्दल ने अवगत कराया। यह केम्प हर महीने की 5 तारीख को लगाया जाता है जिसमे आँखों की मुफ्त जाँच और ऑपरेशन किये जाते हैं। इस मौके पर रालोद के नेता डा.योगेश जिंदल ने कहा कि गरीबों मजदूरों व्यापारियों की सेवा में यह शिविर लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि आंख है तो जहान है आंख नहीं तो दुनिया में कुछ नहीं है आपके बिना मनुष्य अंधा है। उसका जीवन भी अधूरा है इसलिए आंखों की देखभाल करना आंखों के लिए शि. विर लगाना ही हमारा कर्तव्य है। आपरेशन नगर की प्रसिद्ध नेत्र सृजन डा.शस्या तोमर के द्वारा नि:शुल्क किये जाते है। उन्होंने बताया कि अंधता निवारण लायंस क्लब का सबसे बड़ा कार्यक्रम है जिसको दूर करने कि हर मेंबर को शपथ दिलाई जाती है, आगे भी हर महीने कि 5 तारीख को ये केम्प लगते रहेंगे। आँखों कि जाँच अंकुर गुप्ता, सुजाता रिया, खुशी, आरजू मनीषा, महावीश, इशिका, सायन्न सैनी के द्वारा किया गया। केम्प मे लायन अंकुर जैन, डा.इरफ़ान मलिक अध्यक्ष खिदमत सोसाइयटी लायन ललित जैन, लायन मनोज गोयल चाँद, लायन अंकुर जिन्दल, लायन सरिता जिन्दल, लायन पूजा जिन्दल कृष्णा गोयल हर्ष, ओमकार कश्यप प्रधान आदि का विशेष सहयोग रहा।

## जलभराव से परेशान ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** खरक से डगरपुर को जाने वाले रास्ते पर जलभराव के चलते ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने प्रर्दशन करते हुए समस्या के समाधान कराने की मांग की है।

खरक से डगरपुर और विनयपुर को जाने वाले मार्ग पर जलभराव के चलते ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि मार्ग में जलभराव के चलते जहा चलना मुश्किल है वही आय दिन बाईक सवार गिरकर घायल होते रहते है। ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग अन्य गावों से भी जुड़ा है। जहा गांव मे आने वाले अन्य राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है जिससे ग्रामीण परेशान है और कई बार



उच्च अधिकारियों से शिकायत दर्ज करा चुके है लेकिन आज तक समस्या का समाधान नही हो पाया है जिससे परेशान होकर ग्रामीणों ने प्रर्दशन करते हुए उच्च अधिकारियों से समस्या के समाधान कराने की मांग की है। प्रर्दशन करने वालो में जगमाल, सोबिन्द्र, सजीव, प्रमोद, राहुल, किशन, राधे, प्रवीण आदि मौजूद रहे।

## नवनियुक्त अध्यक्ष को व्यापार मंडल ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में व्यापारी नेता रवि गर्ग बिटू को समस्त अग्रवाल समाज बड़ौत द्वारा निर्विरोध समाज का अग्रवाल महासंघ का अध्यक्ष बनाये जाने पर व्यापार मंडल जिला कार्यालय शिव शक्ति हौंडा शोरूम पर उ.प्र.उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल बड़ौत द्वारा अग्रवाल महासंघ बड़ौत अध्यक्ष का स्वागत किया। सम्मान समारोह मे बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरुण तोमर बॉबी एवं संचालन मुदित जैन ने किया। जिलाध्यक्ष अरुण तोमर बॉबी ने कहा कि समाज के अध्यक्ष का एक समाज में बहुत बड़ा महत्व है हमें रवि गर्ग से आशा है कि वह समाज को जिम्मेदारी के साथ ऊंचाइयों की ओर लेकर चलेंगे। सम्मान समारोह में गौरव चौधरी



बड़ौत ने कहा कि हम व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनकी समस्याओं का निस्तारण करने के लिए व्यापारियों के साथ है। नगर अध्यक्ष मुदित जैन ने नवनियुक्त अध्यक्ष रवि गर्ग के फूलों की माला पहनाकर मिठाई खिलाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया और व्यापार मंडल की ओर से शुभकामनाएं दी। मौके पर अरुण तोमर डा.गौरव बड़ौत, मुदित जैन, संदीप गर्ग टीटू प्रधान, नवनीत जैन, संजीव जैन, नीरज गुप्ता, आकाश बंसल, हर्ष आर्य चीनू, बृजमोहन अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, विनोद गोयल, विपिन प्रधान ढिकाना, विनोद कुमार, हैप्पी चौधरी आदि रहे।

## इंस्टाग्राम के जरिए युवती पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा थाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी इंस्टाग्राम के जरिए एक युवती पर धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहा था। आरोपी की पहचान बड़ागांव निवासी फानू पुत्र हसिमू के रूप में हुई है।

पीड़ित पक्ष की शिकायत पर थाना पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद आरोपी को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी युवती को इंस्टाग्राम पर बार-बार मैसेज कर मानसिक दबाव बना रहा था। पुलिस अधीक्षक बागपत ने इस मामले में बयान जारी किया है।

उन्होंने कहा जनपद में सां. प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने या जबरन धर्म परिवर्तन जैसी किसी भी साजिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कानून अपना काम करेगा। युवती के परिवार द्वारा विरोध जताने के बाद यह मामला थाने तक पहुंचा था। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## जैन समाज के लोगों ने पत्रकारों को पटका पहनाकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जैन समाज द्वारा चल रहे कार्यक्रम में मंगलवार को अतिथि भवन में बडौत के पत्रकारों को आचार्य गुरुवर परम पूज्य जागृतिकारी संत नयन सागर मुनि. राज ने समस्त पत्रकारों को अपना आशीर्वाद देकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित आचार्य श्री 108 जागृतिकारी संत नयन सागर मुनिराज ने कहा कि पत्रकार कलम का सिपाही होता है जो समाज को जागरूक करने का काम करता है। पत्रकार व सिपाही है जो अपनी कलम से सच्चाई और बुराई दोनों को लिखना है। उनकी लेखनी पर हम सब लोग निर्भर हैं। पत्रकार इंसाफ की तराजू में है जो सभी को न्याय दिलाने का काम करती है। इस मौके पर एचपी पेट्रोल पंप के डायरेक्टर एवं बडौत दिगंबर




जैन समाज समिति के मंत्री मनोज जैन मसाले वाले अनुराग जैन आदि जैन समाज के लोगों ने सभी सम्मानित पत्रकारों के गले में पटका डालकर उन्हें सम्मानित किया। अवसर पर राजीव पंडित अनिल शर्मा नरेश पाल तोमर अरुण राठी मुकेश पवार सुनील चौहान प्रमोद पवार संदीप दहिया पारस जैन सुरेंद्र मलानिया अमित सैनी आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सागर से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

कुसुम पत्नि अमरपाल निवासी ग्राम शिकोहपुर तहसील व जनपद बागपत।

**NOTICE**

My name has been recorded as Madhu in the school records of my son Daksh Chauhan which is wrong whereas my correct name is KM. Rekha Devi.

KM.Rekha Devi wife of Amit Kumar resident of Baghpat.

हेतु संर्दाशत करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय तहसीलदार स्थान बडौत

वाद संख्या 1425 सन् 2017 ई.

..वादी, सतीश चन्द जैन आदि बनाम प्रदीप जैन आदि,..प्रतिवादी, प्रदीप कुमार जैन पुत्र प्रवीण कुमार जैन, श्रीमति मीनू जैन पत्नी प्रवीन कुमा, निवासीगण कस्बा परगना व तह.बडौत जिला बागपत हाल नि.(गाजियाबाद), चूंकि ऊपरी नामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है अत: एवं आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जानी है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दशत करने के लिये बतारीख 18 माह 08 सन् 2025 बवक्त 10 बजे दिन में स्वयं या सम्यक् रूपेण अनदिष्ट अपने अभिवक्ता द्वारा उरसजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप में सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

# 14 महीने के मासूम के साथ दरिंदगी, मां के साथ भी किया दुष्कर्म

**भैंसा रोड पर फरीद कॉलोनी का है मामला, पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ हुआ मुकदमा दर्ज**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मवाना।** नगर की भैंसा रोड पर एक युवक ने दरिंदगी की सारी सीमाएं पार कर दी। युवक ने एक महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किया और उसके 14 महीने के बच्चे को भी नहीं बख्शा और उसके साथ भी दरिंदगी कर डाली। पीड़िता मंगलवार को थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी कर ली है।

मामला भैंसा रोड पर स्थित फरीद कॉलोनी का है। यहां रहने वाली एक महिला की शादी करीब छह वर्ष पूर्व बुलंदशहर निवासी युवक के साथ हुई थी। उसके 14 महीने का एक बेटा है। थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में महिला ने बताया कि वह 15-20 दिनों से मायके में आई हुई थी। मायके के पास ही में प्रोपर्टी डीलर के यहां गप्पी वाली गली निवासी सुहैल पुत्र यासीन नौकरी करता है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी युवक जबरन उसे डरा धमकाकर दो बार पूर्व में भी दुष्कर्म कर चुका है। बीती 29 जुलाई को सुहैल उसके घर पहुंचा और उसके 14 महीने के बच्चे को टहलाने के बहाने लेकर चला गया। आरोप है कि उसके बच्चे को ले जाकर दरिंदगी की सारी सीमाएं पार कर दी और उसके साथ कुकर्म कर बच्चे के मुख के साथ भी दरिंदगी की। वहशियाना तरीके से उसके शरीर के कई हिस्सों को दांत से काटा। पीड़िता ने बताया कि उस दिन से उसका बच्चा मेरठ के अस्पताल में भर्ती है, जिसके चलते वह रिपोर्ट दर्ज कराने नहीं आ पाई। मंगलवार को पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पोक्सो एक्ट सहित अन्य संगीन धाराओं में आरोपी सुहैल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीओ संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बुधवार को उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## छात्र-छात्राओं के लिए ओरिन्टेशन प्रोग्राम 'दीक्षारम्भ -2025' का आगाज

# इन्डस्ट्री की डिमांड के अनुरूप ट्रेंड प्रोफेशनल्स तैयार कर रहा है वेंक्टेश्वरा समूह: सुधीर गिरी



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर नव प्रवेशित यू.जी.पी.जी. के छात्र-छात्राओं के लिए ओरिन्टेशन प्रोग्राम दीक्षारम्भ 2025 का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान प्रबन्धन एवं प्रशासन ने नवागुन्तक छात्र-छात्राओं को स्वागत करते हुए उन्हे अपने अन्तर्राष्ट्रीय डिमांड के अनुरूप तैयार करने की शपथ दिलाते हुए देश सेवा में जुड़ने का आह्वान किया।

समूह चेयरमैन सुधीर गिरि ने सभी नवप्रवेशित यू.जी. पी.जी. पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्राओं को नये सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनसे शत्-प्रतिशत देते हुए देश सेवा में जुड़ने का आह्वान किया। वेंकटेश्वरा संस्थान के रविन्द्रनाथ टैगोर भवन में आयोजित दीक्षारम्भ 2025 कार्यक्रम का शुभारम्भ समूह अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति डॉ. कृष्ण कान्त दवे, सी.एस.ओ. भूपेश गुप्ता, आर्थर करिश्मा बाबूलाल, आचार्य अश्विनी, आचार्य सिद्धार्थ, डीन एकेडमिक्स डॉ. राजेश सिंह, कुलदीप सिंह आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। अपने सम्बोधन में संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि पूरी दुनिया में भारत की नयी शिक्षा नीति बहुत ही शानदार है, जिसमें सभी क्षेत्रों के युवाओं के लिए ढेरो रोजगार की सम्भावनाएं निहित है, लेकिन इसके लिए आपको इसके अनुसार खुद को अपग्रेड करना होगा। वेंक्टेश्वरा समूह पिछले एक दशक में विभिन्न क्षेत्रों में हजारो स्किल्ड नर्सिंग मैनेजमेंट फार्मेसी इंजीनियरिंग लॉ लिबरल आर्टस एग्रीकल्चर एलाईड साईसेस प्रोफेशनल्स तैयार कर चुका है।

ये बड़े गौरव की बात है कि संस्थान के प्रोफेशनल्स युवा आज देश एवं दुनिया के विभिन्न शीर्ष संस्थानो में कार्य कर रहे है। लेकिन बदलते परिवेश में हमें युवाओं को नयी शिक्षा नीति के अनुरूप राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय जरूरतों के हिसाब से प्रशिक्षित करना होगा ताकि ये युवा राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय मंचो पर अपनी प्रभावी उपस्थित दर्ज कर सके। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि पिछले एक दशक में भारतीय युवाओं ने नर्सिंग मैनेजमेंट फार्मेसी इंजीनियरिंग लॉ लिबरल आर्टस एग्रीकल्चर एलाईड साईसेस पैरामेडिकल एवं मेडिकल प्रोफेशनल्स में शानदार तरीके से काम करके भारत का गौरव बढ़ाने का काम किया है। दीक्षारम्भ 2025 कार्यक्रम को कुलपति डॉ. कृष्ण कान्त दवे ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर कुलसचिव पीयूष पाण्डेय, डीन एकेडमिकस डॉ. राज. `श सिंह, डायरेक्टर आई.क्यू.ए.सी. डॉ. नीतू पवांर, डॉ. एस.एन. साहू, डॉ. अश्विन सक्सेना, डॉ. एस.के. श्रीवास्तव, डॉ. राजवर्धन, डॉ. ऐना ऐरिक ब्राउन, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. दर्पण कौशिक, डॉ. अनिल जायसवाल, लीगल डायरेक्टर देवप्रताप, मेरठ परिसर से प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# पेट्रोल पंप के कंट्रोल रूम में घुसकर युवक पर हमला

**सीसीटीवी में कैद हुई घटना, पीड़ित ने थाने में दी तहरीर**

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरूरपुर।** थाना क्षेत्र के जसड सुल्तान नगर निवासी युवक को पेट्रोल पंप के कंट्रोल रूम में घुसकर की मारपीट घटना की वीडियो लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित सगुन पुत्र महिपाल निवासी जसड सुल्तान नगर ने तहरीर में बताया कि मंगलवार को अपने परिवार के साथ बटजेवा हनुमान मन्दिर पर भंडारा करा कर अपने घर वापस आ रहा था। जैसे ही वह सरूरपुर बिजली घर के सामने पहुंचा तो, पीछे से बाइक पर सवार होकर आए अज्ञात लोगों ने गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी। जैसे ही गांव के दो लड़कों ने मारपीट करते हुए देखा, तो बीच बचाव में आए दोनों लड़कों के साथ भी आरोपियों ने मारपीट करनी शुरू कर दी, किसी तरह जान बचा कर नजदीकी पेट्रोल पंप के कंट्रोल रूम में जा घुसे तो आरोपियों ने कंट्रोल रूम में जाकर मारपीट कर दी। घटना की वीडियो लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई। इस सम्बन्ध में पीड़ित ने थाने में पहुंच कर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई कि मांग कि है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच चल रही है जांच के बाद कार्रवाई होगी।

# गंगा पुल की अप्रोच रोड को लील गया पीडब्ल्यूडी का भ्रष्टाचार

## निर्माण के दो महीने में ही सड़क हुई क्षतिग्रस्त, भीकुंड मोड़ से चांदपुर जाने वाली रोड का मामला



शाह टाइम्स संवाददाता

**मवाना/हस्तिनापुर।** हस्तिनापुर को सीधे चांदपुर को जोड़ने वाले गंगा पुल की अप्रोच रोड भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। भीकुंड मोड़ से गंगा पुल तक पहुंचने वाली इस सड़क का निर्माण हुए अभी दो महीने भी पूरे नहीं हुए है कि सड़क जगह-जगह गड्ढा ग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने इस मामले में अफसरों द्वारा गड़बड झाला करने का आरोप लगाया है। खादर क्षेत्र के किसान एवं आरटीआई कार्यकर्ता सुरेश कुमार ने विभागीय अफसरों ने सड़क निर्माण संबंधी एमबी की जानकारी मांगी है। इस मामले में उन्होंने कमिश्नर से शिकायत करने की बात कही है।

### नाकारा सिस्टम: दो महीने भी नहीं चली सड़क

हस्तिनापुर को चांदपुर से जोड़ने वाले इस शॉर्टकट रोड पर गंगा पुल का स्थाई निर्माण होने के बाद वाहन बड़ी संख्या में यहां से गुजरते हैं। भारी वाहनों की भी आवाजाही रहती है। दो महीने में ही सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बनने से वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लतीफपुर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता एवं किसान सुरेश कुमार ने बताया कि अभी तक दो महीने भी पूरे नहीं हुए हैं। सड़क निर्माण में पूरी तरह घटिया सामग्री का इस्तेमाल हुआ है और इसमें मानकों का ध्यान नहीं रखा गया है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारी इसके लिए पूरी तरह से जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा सड़क निर्माण के संबंध में बजट व एमबी आदि के बारे में उन्होंने आरटीआई से जानकारी मांगी है, लेकिन उन्हें पूरा विश्वास है कि उन्हें कोई जानकारी नहीं दी जाएगी। क्योंकि विभाग में भ्रष्टाचार बुरी तरह फैला हुआ है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

इस बाबत पूछे जाने पर पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन सतेंद्र कुमार ने कहा कि सड़क पूरी तरह से गुणवत्ता पूर्वक बनाई गई है। भारी बारिश के चलते रेन कट हुआ है। सड़क किनारे रेत के कट्टे लगाए जा रहे हैं। इस बार सड़क नहीं कटेगी।

## एक नजर

### पशुपतिनाथ महादेव मंदिर के किए दर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** सावन मास के अंतिम सोमवार के पावन अवसर पर नेपाल की राजधानी काठमांडू स्थित विश्वप्रसिद्ध श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर के दर्शन का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह मंदिर न केवल एशिया के प्रमुख शिव मंदिरों में से एक है, बल्कि यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल के रूप में भी मान्यता प्राप्त है। बागमती नदी के किनारे स्थित यह प्राचीन मंदिर श्रद्धा, आस्था और आध्यात्म का केंद्र है, जहां दूर-दूर से श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने आते हैं। सावन के इस विशेष दिन पर भगवान शिव की भव्य आराधना और मंत्रोच्चार वातावरण को पूर्ण रूप से आध्यात्मिक ऊर्जा से भर रहे थे। इस शुभ अवसर पर परिवार और अपनों की सफलता, सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। दर्शन के दौरान दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला के साथ प्रताप चौधरी, राहुल ठेकेदार, विनीत सिंह, मोहित तंवर आदि भी उपस्थित रहे, और सभी ने मिलकर भगवान पशुपतिनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया।



### परीक्षितगढ़ में जनेश्वर मिश्र की जयंती मनाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**परीक्षितगढ़।** मंगलवार को नगर के मवाना बस स्टैंड पर सपा नेता पूर्व प्रदेश सचिव किशोर वाल्मीकि के नेतृत्व में समाजवादी आंदोलन के प्रखर नायक, महान चिंतक एवं विचारक छोटे लोहिया स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र के चित्र पर पुष्प अर्पित कर जयंती मनाई गई। सपा नेता किशोर वाल्मीकि ने कहा छोटे लोहिया के नाम से विख्यात जनेश्वर मिश्र को आज पूरा भारत उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर कोटि-कोटि नमन कर रहा है। जनेश्वर मिश्र के बताये रास्ते पर चलकर समाजवाद की नींव रखी जा सकती है, तथा प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व में 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी मधुशाला बंद कर पीडीए पाठशाला का निर्माण किया जाएगा। प्रदेश में विनाश की राजनीति पर लगाम लगेगी विकास और भाईचारे की भावना से काम किया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश सचिव सरदार नरवैर सिंह खालसा, संदीप जाटव, नौशाद सैफी, देवेंद्र गुर्जर, भूरे खान, गोलू पाल, निर्दोष त्यागी, डॉ. जाकिर हुसैन, रमण मित्तल, डॉ. आदेश कुमार, डॉ. राहुल कुमार, अर्जुन जाटव, नरेंद्र जाटव आदि मौजूद रहे।



### गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** वेस्ट एण्ड रोड स्थित गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में रक्षा बंधन के पावन त्यौहार के उपलक्ष्य में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में नन्हें मुन्ने बच्चों ने चावल, दाल, रुई, फल, सितारे, गोटे आदि का प्रयोग करके आकर्षक और सुंदर राखियां तैयार की। इसके अलावा अनेक प्रकार की दालों, प्राकृतिक घास-फूस, फूलों, पत्तियों से राखी बनाकर उन पर सुंदर-सुंदर स्लोगन भी लिखे। वर्षो की सुरक्षा का संकल्प लेते हुए पेड़ों को भी राखी बांधी तथा प्रण लिया कि जैसे वह अपने परिवार की रक्षा करते हैं उसी तरह से ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगायेंगे। बच्चों में अपनी खुशी का इजहार व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्य को राखी बांधी। प्रधानाचार्य ने बच्चों की रचनात्मकता और कल्पनाशीलता की प्रशंसा की और उन्हें रक्षा बंधन के महत्व के बारे में बताया और भाई-बहन के रिश्ते के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रक्षा बंधन का त्यौहार न केवल भाई-बहन के प्यार का प्रतीक है, बल्कि यह हमें अपने रिश्तों की सुरक्षा और सम्मान के महत्व को भी सिखाता है।



# पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन पर शोक सभा कर दी श्रद्धांजलि



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** पूर्व राज्यपाल एवं प्रखर जननेता सत्यपाल मलिक के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद एवं स्तब्धकारी है। उनके निधन से भारतीय जनजीवन, विशेषकर किसान समाज, बौद्धिक जगत और लोकतांत्रिक चेतना के एक निर्भीक प्रहरी को अपूरणीय क्षति हुई है।

मलिक का सार्वजनिक जीवन सादगी, स्पष्टवादिता और सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता का आदर्श उदाहरण रहा। वह न केवल एक अनुभवी सांसद और प्रशासक रहे, बल्कि उन्होंने संवैधानिक पदों पर रहते हुए भी सदैव जनहित और लोकचेतना को सर्वोपरि रखा। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उन्होंने राज्यपाल जैसे संवैधानिक पद से निवृत्त होने के बाद भी निष्कलंक, निर्भीक और निष्पक्ष रूप से किसानों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई। चाहे वह तीन कृषि कानूनों का विरोध हो या किसानों के साथ अन्याय के विरुद्ध जनजागरण, सत्यपाल मलिक सदैव किसानों की आवाज बने रहे। राष्ट्रीय लोक दल परिवार विशेष रूप से उनके योगदान को सादर नमन करता है। किसान आंदोलन और सामाजिक न्याय की लड़ाई में उनका नैतिक समर्थन सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहा है। पूर्व महासचिव राष्ट्रीय लोक दल के सत्येन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि वह ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवारजनों को यह असीम दु:ख सहन करने की शक्ति दें।

# कार से शराब की दो पेटी पुलिस ने पकड़ी

शाह टाइम्स संवाददाता

**जानीखुर्द।** थाना क्षेत्र के मदन गढ़ी गांव के पास भोला झाल चौकी इंचार्ज आदेश कुमार ने एक वैगनआर गाड़ी में दो पेटी शराब पकड़ी है। भोला गांव में कल होने वाले एक चुनाव में बांटने के लिए जा रही थी पुलिस ने अज्ञात में कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए कार मालिक की तलाश में जुटी है। भोला जिला सहकारी चुनाव बुधवार को होने वाला है। चुनाव में शराब दिये जाने की बात सामने आ रही है। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मदन गढ़ी गांव के पास लावारिस हालत में खड़ी एक वैगनआर कार से दो पेटी शराब बरामद की है। पुलिस के अनुसार अभी तक जांच में कार एक शिक्षक की बताई जा रही है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# बारिश से मकान की छत गिरी, हादसा टला



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहसूमा।** नगर के मोहल्ला बंसी में एक मजदूर का मकान की छत अधिक बारिश होने से गिर गई। छत के नीचे खाने-पीने का सामान तथा लकड़ी का बेड भी टूट गया। गनीमत यह रही की जब छत गिरी उसके नीचे कोई नहीं बैठा हुआ था नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। मकान मालिक शौकीन मलिक पुत्र घसीटा ने बताया कि तीन दिनों से हो रही बारिश से उसकी छत ने पानी अधिक पी लिया था। जिसमें मिट्टी का वजन लकड़ी के गोले झेल नहीं पाए थे। जिससे छत नीचे की ओर गिर गई। जिसमें बर्तन भांडे तथा लकड़ी का बेड टूट गया। गनीमत यह रही की उसके नीचे उसे वक्त कोई नहीं बैठा हुआ था। पीड़ित ने शासन प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। पीड़ित मजदूरी का काम करता है। सभासद मोनू जाटव ने कहा कि पीड़ित की हर संभव मदद करने के लिए तहसील प्रशासन यानी एसडीएम से मुआवजे की गुहार लगाएंगे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्याओं ने सीएचसी रोहटा का किया निरीक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** सदस्या राज्य महिला आयोग मीनाक्षी भराला तथा डॉ. हिमानी अग्रवाल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रोहटा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र में साफ-सफाई का कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की तथा तत्काल साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने भर्ती मरीजो से वार्ता की। मरीजो द्वारा चश्मे बनवाये जाने के लिए अधिक शुल्क लेने के संबंध में अवगत कराया गया, जिस पर उन्होंने संबंधित को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बुजुर्ग मरीज द्वारा बताया गया कि उसके बेटे द्वारा उसे पीटा गया, जिसको संज्ञान में लेते हुये थानाध्यक्ष रोहटा को तुरन्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। डिलीवरी रूम में दो गर्भवती महिलायें मिली, जिन्होंने नवजात बच्चों को जन्म दिया, सदस्या द्वारा दोनों महिलाओं से बात की गयी तथा उनके कुशल मंगल की जानकारी ली गयी। महत्वपूर्ण योजनाओं से सम्बन्धित बैनर नहीं पाये जाने पर नाराजगी जताई।

# डॉ. हिमानी छह को सर्किट हाउस व सात को सरधना में करेंगी सुनवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि महिलाओं के प्रति भेदभाव मूलक व्यवस्था स्थिति और प्रावधानों को समाप्त करने, महिलाओं की गरिमा व सम्मान सुनिश्चित करने, हर क्षेत्र में उन्हें विकास के समान अवसर दिलाने, महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों एवं अपराधों पर त्वरित कार्यवाही करने एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम करने के उद्देश्य से राज्य महिला आयोग का सदस्या डॉ. हिमानी अग्रवाल द्वारा 6 अगस्त को पूर्वान्ह 11 बजे सर्किट हाउस मेरठ में तथा 7 अगस्त को पूर्वान्ह 11 बजे तहसील सरधना मेरठ में महिला जनसुनवाई की जाएगी। पीड़ित महिलाए अपनी समस्या के समाधान हेतु उक्त जनसुनवाई में लिखित शिकायत के साथ उपस्थित हो।

# जमीयत उलेमा-ए-हिंद कर रहा है गरीब निर्धन अहसाय लोगों की मदद: मुफ्ती सैय्यद असजद अली



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहसूमा।** नगर के मोहल्ला सड़कवाला में मंगलवार को जमीयत उलेमा-ए-हिंद की एक मीटिंग समा. जसेवी अनीस राईन के आवास पर आयोजित हुई। जिसमें समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने पर जोर दिया, और संगठन मजबूत करने का आह्वान किया गया।

जमीयत उलेमा ए-हिंद के बताए रास्ते पर चलने एवं उनके नियमों का पालन करने का आह्वान किया। इस दौरान नगर की एक कमेटी बनाई गई। इस मीटिंग में मुफ्ती सैय्यद असजद अली को सदर तथा कारी सलीम एवं फखरुद्दीन सैफी को नायब सदर, हाफिज इमरान मलिक जनरल सेक्रेटरी, अब्दुल सुब्हान सेक्रेटरी, आस मोहम्मद कोषाध्यक्ष, अनीस राईन को उप कोषाध्यक्ष, मोबीन सलमानी को मीडिया प्रभारी तथा आस मोहम्मद अल्वी, शरीफ अहमद, कारी आजम, दिलशाद अल्वी, मोहम्मद गुलफाम, रियाजुद्दीन, शराफत राजप. ूत, मौलाना दानिश, कारी मुशर्रफ आदि को मेंबर इंतेजामिया के पद पर नियुक्त किया गया। इस मौके पर सदर मुफ्ती असजद अली ने कहा कि जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने हमेशा गरीब, निर्धन, अहसाय लोगों की मदद करने से पीछे नहीं हटता है। उन्होंने कहा कि हर मुसलमान को कुरान के बताएं रास्ते पर चलना चाहिए हक और हलाल की रोजी कमानी चाहिए। अपने बच्चों को दीन के साथ-साथ दुनिया भी पढ़ाई भी जरूरी है। अपने बच्चों को अच्छी तालीम देकर ऊंचे मुकाम पर पहुंचने का काम करना चाहिए। तभी हमारा समाज आगे बढ़ेगा।

# सुभारती के छात्र दक्षिण कोरिया में सिखा रहे योग



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्व. विद्यालय, के महर्षि अरबिंदो सुभारती कॉलेज एवं हॉस्पिटल ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज के बीएनवाईएस और एमडी पाठयक्रमों के छात्र वैश्विक मंच पर भारत की समृद्ध योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा परंपरा का परचम लहरा रहे हैं। इन छात्रों ने हाल ही में दक्षिण कोरिया के प्रतिष्ठित डेगू हनी विश्वविद्यालय में छात्र विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत योग प्रशिक्षण देना प्रारंभ किया है। इस पहल के माध्यम से न केवल भारतीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचार-प्रसार हो रहा है, बल्कि कोरियाई पारंपरिक चिकित्सा पद्धति और भारतीय पद्धतियों के बीच ज्ञान का गहरा आदान-प्रदान भी हो रहा है। कॉलेज के डीन डॉ. अभय शंकरगौड़ा ने इस अंतरराष्ट्रीय सहयोग को लेकर जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि यह छात्र विनिमय कार्यक्रम महज एक शैक्षणिक आदान-प्रदान नहीं, बल्कि दो समृद्ध चिकित्सा परंपराओं का मिलन है, जो वैश्विक स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांतिकारी योगदान देगा। डॉ. शंकरगौड़ा ने बताया कि योग और प्राकृतिक चिकित्सा अब केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि इसकी अंतरराष्ट्रीय मांग दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को वैश्विक मंच पर करियर बनाने के नये अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं, खासकर तब जब यह पद्धति विश्व भर में वैकल्पिक चिकित्सा के रूप में तेजी से स्वीकार की जा रही है। सुभारती विश्व. विद्यालय के महर्षि अरबिंदो सुभारती कॉलेज एवं हॉस्पिटल ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज द्वारा इस दिशा में प्रमुखता से कार्य किये जा रहे है।

# ट्रूकॉलर ने बुजुर्गों को धोखाधड़ी से बचाने के लिए ख्याल के साथ की साझेदारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** देश और दुनिया के बुजुर्ग धीरे-धीरे डिजिटल युग के तौर-तरीकों को अपना रहे हैं, और इसी वजह से वे पहले से कहीं ज्यादा जोखिम में हैं। वे टेक्नोलॉजी से अच्छी तरह वाकिफ नहीं हैं साथ ही धोखाधड़ी की तरकीबें भी लगातार बदल रही हैं, लिहाजा इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है कि साइबर अपराध का शिकार बनने वाले ज्यादातर लोग 50 साल से अधिक उम्र के हैं। बल्कि उनके बीच सुरक्षा और भरोसे की भावना भी कम हो रही है। सीईओ, रिशित झुनझुनवाला ने कहा, डिजिटल युग हमारे बुजुर्गों के लिए आपसी जुड़ाव, सहूलियत और अपनी कम्युनिटी जैसी बहुत सी संभावनाएं लेकर आता है।

# भाकियू टिकैत मांगों को लेकर 11 को घेरेगी कमिश्नरी

## स्मार्ट मीटर व ट्यूबवैल मीटर का करेंगे विरोध, 150 से ज्यादा हैं किसानों की शिकायत

**जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने आधा दर्जन गांवो का किया दौरा**

**छोटा मवाना से ट्रैक्टर तिरंगा मार्च पहुंचेगा कमिश्नरी**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन मेरठ 11 अगस्त को मंडलायुक्त कार्यालय का घेराव करेगी जिसमें किसानों की स्मार्ट मीटर, ट्यूबवेल मीटर, गन्ना भुगतान, गन्ना मूल्य आदि किसान संबंधी 150 मांगो को उठाया जाएगा इस घेराव के लिए जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने किसानों से संपर्क करना शुरू कर दिया मंगलवार को जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने मुबारकपुर नरेश मवाना के आवास पर ग्रामवासियों के साथ बैठकर कर सभी से एकजुट होकर मेरठ चलने का आह्वान किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने बताया कि किसान किसी भी सूरत में स्मार्ट मीटर नहीं लगवाएंगे और किसान संबंधी जनपद मेरठ की सभी 150 समस्याओं का समाधान कराकर ही रहेंगे। इस दौरान नरेश मवाना ने सभी से मजबूती के लिए चलने का आह्वान किया। इस दौरान सैकड़ों किसान मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने भैंसा में तहसील अध्यक्ष बबलू तालियांन के आवास पर भी किसानों के साथ बैठक कर सभी से कमिश्नरी घेराव में चलने का आह्वान किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने पहाड़पुर, निलोहा, पिलोना, रानी नंगला आदि में किसानों से संपर्क करके सभी से एकजुट होकर घेराव में शामिल होने का आह्वान किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी, हर्ष चहल, अनूप यादव, नरेश मवाना, बबलू तालियांन, मनोज खत्री, सहेंद्र, मदनपाल, कपिल, मोहित आदि शामिल रहे।





# हर कप्तान चाहता है मोहम्मद सिराज जैसा गेंदबाजः शुभमन गिल

- **ओवरकास्ट परिस्थितियों में सिराज और प्रसिद्ध दोनों को गेंद से भरपूर मदद हो रही थी, सिराज को तीन और प्रसिद्ध को एक सफलता मिली**

**लंदन, वार्ता।** ओवल टेस्ट में भारत की इंग्लैंड के ऊपर छह रनों की रोमांचक जीत के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि जब मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे गेंदबाज गेंदबा. जी कर रहे होते हैं तो बतौर कप्तान उन्हें अधिक सोचने की जरूरत नहीं पड़ती।

गिल ने कहा कि हमारे पास सिराज और प्रसिद्ध जैसे गेंदबाज हैं, जब यह दोनों गेंदबाजी करते हैं तो कप्तानी आसान प्रतीत होने लग जाती है। दोनों गेंद को भरपूर हरकत कराते हैं। जिस तरह से आज सुबह दोनों ने गेंदबाजी की वह काबिले-तारीफ है। विशेषकर जिस तरह से सिराज ने हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की, हर कप्तान अपनी टीम में उनके जैसा गेंदबाज चाहता है। अंतिम दिन इंग्लैंड को जीत के लिए 35 रन जबकि भारत को जीत के लिए चार विकेट चाहिए थे। ओवरकास्ट परिस्थितियों में सिराज और प्रसिद्ध दोनों को गेंद से भरपूर मदद प्राप्त हो रही थी और सिराज के तीन और प्रसिद्ध को एक सफलता की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को जीत से छह रन दूर रख दिया। गिल ने कहा कि दिन का खेल शुरू होने से पहले उन्हें और उनकी टीम को इस बात का एहसास था कि इंग्लैंड का खेमा दबाव में होगा। गिल ने कहा कि हमें पता था कि इंग्लैंड के खेमे में दबाव है और हम इसी सोच के साथ आए थे कि उनके ऊपर से दबाव कम नहीं होने देना है। क्योंकि दबाव टीमों को वो चीजें करने पर मजबूर करता है जो वे नहीं करना चाहतीं। इस प्रदर्शन से मैं काफी खुश हूं। बतौर कप्तान के साथ ही बतौर बल्लेबाज ही यह सीरीज गिल के लिए खुशी के अवसर लेकर आई। गिल ने इस सीरीज में चार शतकों की बदौलत 75-40 की औसत से सर्वाधिक 754 रन बनाए, जिसमें एजबेस्टन में लगाया दोहरा शतक भी शामिल था। गिल को उनके इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया। हालांकि इंग्लैंड दौरा शुरू होने से पहले गिल के सामने बतौर बल्लेबाज भी कई चुनौतियां थीं। इस दौरे से पहले विदेशी सरजमीं पर गिल का बल्लेबाजी औसत 35 से अधिक था। हालांकि गिल ने बल्ले के साथ बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने आलोचकों को जवाब दिया। गिल ने कहा कि इस सीरीज से पहले उन्होंने काफी मेहनत की थी। गिल ने कहा कि इस सीरीज से पहले मैंने काफी मेहनत की थी। बतौर बल्लेबाज कई ऐसे पहलू थे जिन पर मुझे काम करना था और मैं इस सीरीज में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बनकर उभरना चाहता था।



# टिम डेविड पर आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन में लगा जुर्माना

**दुबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी टिम डेविड पर 28 जुलाई को सेंट किट्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ पांचवें टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। डेविड को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-8 का उल्लंघन करते पाया गया, जो अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताने से संबंधित है। इसके अलावा, डेविड के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जो 24 महीने की अवधि में उनका पहला अपराध था। यह घटना ऑस्ट्रेलियाई पारी के पांचवें ओवर में हुई, जब अल्जारी जोसेफ ने डेविड को लेग साइड में एक गेंद फेंकी जिसे वाइड नहीं कहा गया। डेविड ने अपनी बाहें फैलाकर और गेंद को वाइड करार देने का इशारा करके असहमति जताई और फिर अपनी बाहें फैलाए ही अंपायर की ओर चल पड़े।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### नीदरलैंड तीन टी-20 मैचों के लिए बांग्लादेश का दौरा करेगा

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश पहली बार द्विपक्षीय श्रृंखला में नीदरलैंड्स की मेजबानी करेगा, जिसमें दोनों टीमें तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला खेलेंगी। यह श्रृंखला 30 अगस्त से शुरू होगी और तीनों मैच सिलहट में खेले जाएंगे। नीदरलैंड की टीम 26 अगस्त को बांग्लादेश पहुंचेगी और श्रृंखला शुरू होने से पहले तीन दिन प्रशिक्षण लेगी।

पहला टी-20 मैच 30 अगस्त को, दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः 1 और 3 सितम्बर को होगा - ये सभी मैच सिलहट के एसआईसीएस स्टेडियम में खेले जाएंगे। यह श्रृंखला 9 सितम्बर से शुरू होने वाले एशिया कप से पहले बांग्लादेश के लिए महत्वपूर्ण तैयारी का काम करेगी।

### 2026 टेटे टीम विश्व चैंपियनशिप में पुरुष और महिला वर्ग में प्रत्येक में 64 टीमें होंगी

**बीजिंग, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ ने आज घोषणा की कि लंदन में होने वाले 2026 विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप फाइनल में पुरुष और महिला वर्ग में 64-64 टीमें भाग लेंगी। यह विस्तारित प्रारूप 1926 में लंदन में आयोजित पहली टेबल टेनिस विश्व चैंपियनशिप और उसी वर्ष आईटीटीएफ की स्थापना, दोनों की शताब्दी का प्रतीक है। यह टूर्नामेंट हाल के संस्करणों में इस्तेमाल किए गए 40-टीम प्रारूप से आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम के अनुसार, कॉपर बॉक्स एरिना में 28 अप्रैल से 1 मई, 2026 तक शुरुआती दौर के मुकाबले खेले जाएंगे।

# युवा मुक्केबाजी प्रतिभाएं चौथी सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी

- **इस आयोजन में 700 से ज्यादा मुक्केबाज भाग लेंगे जिनमें 400 लड़के और 300 लड़कियां होंगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ 7 से 13 अगस्त, 2025 तक उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा स्थित गलगोटिया विश्वविद्यालय में चौथी सब-जूनियर (अंडर-15) बालक एवं बालिका राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप का आयोजन करेगा।

इस आयोजन में 700 से ज्यादा युवा मुक्केबाज भाग लेंगे, जिनमें 13 से 14 वर्ष की आयु के 400 लड़के और 300 लड़कियां शामिल हैं, जो 15 भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। बीएफआई के व्यापक दृष्टिकोण के तहत, जो जमीनी स्तर से लेकर उच्च स्तर तक के लिए एक मजबूत मार्ग तैयार करना चाहता है, सब-जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप युवा प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने हेतु एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती है। यह आयोजन इस वर्ष की शुरुआत में आयोजित पुरुष, महिला और जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के बाद हो रहा है, जिनसे पहले ही अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता और भविष्य के सितारे निकल चुके हैं। हरियाणा व चंडीगढ़ इस संस्करण में तीसरे सब- जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के गत विजेता के रूप में प्रवेश कर रहे हैं। बीएफआई के कार्यकारी निदेशक और अंतरिम समिति के सदस्य, कर्नल अरुण (सेवानिवृत्त) ने कहा कि 'सब-जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता ही वह जगह है जहां से भारत की मुक्केबाजी यात्रा वास्तव में शुरू होती है।

# बेंगलुरु एफसी ने पहली टीम के वेतन पर रोक लगाई

- **क्लब ने आगामी आईएसएल सीजन के बारे में चल रही स्पष्टता की कमी को कठोर कदम बताया**

**बेंगलुरु, वार्ता।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के भविष्य को लेकर बढ़ती चिंताओं को रेखांकित करते हुए, बेंगलुरु फुटबॉल क्लब ने अपनी पहली टीम के खिलाड़ियों और कर्मचारियों के वेतन को अनिश्चित काल के लिए निलंबित करने की घोषणा की है। क्लब द्वारा जारी एक आधिका. रिक विज्ञप्ति में, बेंगलुरु एफसी ने कहा कि इंडियन सुपर लीग सीजन के भविष्य को लेकर अनिश्चितता को देखते हुए, बेंगलुरु फुटबॉल क्लब ने पहली टीम के खिलाड़ियों और कर्मचारियों के वेतन को अनिश्चित काल के लिए निलंबित करने का एक बहुत ही कठिन निर्णय लिया है।

क्लब ने आगामी आईएसएल सीजन के बारे में चल रही स्पष्टता की कमी को इस कठोर कदम का कारण बताया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत में एक फुटबॉल क्लब को चलाना और उसे बनाए रखना हमेशा से एक कठिन काम रहा है, जिसे हमने हर सीजन में एक तरफ रखकर पूरा किया है। हालांकि, लीग के भविष्य को लेकर स्पष्टता की कमी के कारण हमारे पास यह कदम उठाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। इस फैसले से खिलाड़ियों और कर्मचारियों पर काफी असर पड़ने की उम्मीद है। बेंगलुरु एफसी ने उनकी भलाई के लिए अपनी चिता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे खिलाड़ियों, कर्मचारियों और उनके परिवारों का भविष्य और कल्याण हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, और हम समाधान की प्रतीक्षा में उनके संपर्क में हैं। हालांकि, क्लब ने पुष्टि की है कि उसके जमीनी स्तर और युवा विकास कार्यक्रम निर्बाध रूप से जारी रहेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि क्लब खेल और हमारे संच. ालन को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें हमारी युवा टीमें पुरुष और महिलाएं- शामिल हैं, और बीएफसी सॉकर स्कूल इस निर्णय से अप्रभावित रहेंगे। क्लब ने फुटबॉल अधिका. रियों से एआईएफएफ और एफएसडीएल से इस गतिरोध को शीघ्र समाप्त करने का आग्रह करते हुए एक कड़ा आग्रह किया।

# क्वांटबॉक्स चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स आज से, 19 ग्रैंडमास्टर्स उतरेंगे

- **क्लासिकल इवेंट माने जाने वाले इस टूर्नामेंट में विश्व स्तरीय खिलाड़ी शामिल होंगे**

**चेन्नई, वार्ता।** भारत का प्रमुख क्लासिकल शतरंज टूर्नामेंट, क्वांटबॉक्स चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स, 6 से 15 अगस्त तक अपने तीसरे संस्करण के लिए वापसी कर रहा है। देश के सबसे मजबूत क्लासिकल इवेंट माने जाने वाले इस टूर्नामेंट में विश्व स्तरीय खिलाड़ी शामिल होंगे, जिसमें 19 शीर्ष ग्रैंडमास्टर शामिल होंगे, जो सभी एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि और महत्वपूर्ण फिडे सर्किट पॉइंट्स के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस टूर्नामेंट की एक महत्वपूर्ण विरासत है। 2023 का पहला संस्करण ग्रैंडमास्टर गुकेश डी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर था। उनकी जीत ने फिडे सर्किट पॉइंट्स प्रदान किए जिससे उन्हें कैंडीडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने में मदद मिली, जिसे उन्होंने अंततः विश्व चैंपियन बनने की राह पर जीत लिया। 2024 मास्टर्स का खिताब अरविद चितंबरम ने जीता, जिन्होंने एक रोमांचक टाईब्रेक में जीत हासिल की। जिन खिलाड़ियों के साथ उन्होंने बराबरी की, उनमें से एक, अर्जुन एरिगैसी, इस साल शीर्ष दावेदार के रूप में वापसी कर रहे हैं क्योंकि वह पहले भी एलीट 2800 फिडे रेटिंग क्लब में जगह बना चुके हैं, जो शतरंज की दुनिया में एक दुर्लभ उपलब्धि है। इस साल, दांव पहले से कहीं ज्यादा ऊंचे हैं, क्योंकि यह टूर्नामेंट महत्वपूर्ण फिडे सर्किट पॉइंट प्रदान करता है जो 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह पक्की करने के लिए जरूरी हैं, जिससे हर मैच महत्वपूर्ण हो जाता है। 2025 का संस्करण एक महत्वपूर्ण विस्तार का प्रतीक है।

# सर्जरी के बाद सूर्या ने किया अभ्यास



**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपनी स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी के बाद बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में पहली बार बल्लेबाजी अभ्यास किया। यह सत्र पिछले हफ्ते के अंत में हुआ और अभी वह बीसीसीआई की मेडिकल टीम की निगरानी में रिहैब की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं।

सर्जरी जर्मनी में हुई थी और उसके बाद से सूर्यकुमार की रिकवरी धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है। अगले कुछ हफ्तों में उनका वर्कलोड बढ़ाया जाएगा ताकि वे मैच फिटनेस की ओर लौट सकें।

- **बीसीसीआई की मेडिकल टीम की निगरानी में रिहैब की प्रक्रिया से गुजर रहे है सूर्यकुमार यादव**

ऐसा माना जा रहा है कि सूर्यकुमार नौ सितंबर से यूएई में शुरू हो रहे एशिया कप के लिए समय पर वापसी कर लेंगे। ईएसपीएन क्रिकइंफो के मुता. बिक, शुरुआती योजना उन्हें अगस्त के अंत में बांग्लादेश दौरे पर होने वाली टी-20 सीरीज के लिए फिट करने की थी, लेकिन वह सीरीज बाद में रद्द कर दी गई। सूर्यकुमार की आखिरी पेश. ेवर क्रिकेट भागीदारी जून में मुंबई टी-20 लीग में ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्टर्न के लिए थी, जहां उन्होंने चार पारियों में 122 रन बनाए।

उन्हें वेस्ट जोन की दलीप ट्रॉफी टीम में भी शामिल किए जाने की चर्चा थी, लेकिन संभावना है कि वह टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेंगे। वेस्ट जोन को सीधे सेमीफाइनल में एंट्री मिली है, जो 4 सितंबर से शुरू होंगे, जबकि भारतीय टीम के पहले हफ्ते में यूएई रवाना होने की उम्मीद है।

सूर्यकुमार के लिए अंतिम रिहैब चरण में कुछ प्रैक्टिस मैच और सिमुलेशन अभ्यास आयोजित किए जा सकते हैं ताकि उन्हें टूर्नामेंट से पहले मैच अभ्यास मिल सके। एशिया कप भारत के लिए 2026 टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारी का शुरुआती चरण होगा, जिसे भारत और श्रीलंका मिलकर होस्ट करने वाले हैं।

# एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप क्वालीफायर में भारत का सामना इंडोनेशिया से

- **भारत चौथी बार अंडर-20 महिला एशिया कप के लिए क्वालीफाई करने का लक्ष्य रखेगा**

**म्यांमार, वार्ता।** भारत 6 अगस्त को थुवुन्ना स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शाम 6 बजे इंडोनेशिया के खिलाफ ग्रुप डी में अपने एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप थाईलैंड 2026 क्वालीफायर अभियान की शुरुआत करेगा। भारत चौथी बार अंडर-20 महिला एशिया कप के लिए क्वालीफाई करने का लक्ष्य रखेगा, जो फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप का भी क्वालीफायर है।

स्वीडिश मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन के नेतृत्व में, यंग टाइग्रेसेस प्रतियोगिता से 20 साल की अनुपस्थिति को समाप्त कर सकती है, जिसने आखिरी बार 2006 में क्वालीफाई किया था। 2024 के क्वालीफायर में, भारत पहले दौर में वियतनाम से गोल अंतर के आधार पर सबसे कम अंतर से बाहर हो गया था। संयोग से, भारत ने उन क्वालीफायर में इंडोनेशिया से भी मुकाबला किया था, और 6-0 से शानदार जीत दर्ज की थी।

से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, एलेक्जेंडरसन ने प्रतिस्पर्धी ग्रुप में भारत के क्वालीफाई करने की संभावनाओं के बारे में अपनी सकारात्मकता व्यक्त की। स्वीडिश खिलाड़ी ने कहा कि हमने इन क्वालीफायर के लिए बेंगलुरु में अच्छी सुविधाओं और एक अच्छे प्रशिक्षण मैदान में दो महीने से अधिक के शिविर के साथ तैयारी की। हमारी उम्मीदें निश्चित रूप से क्वालीफाई करने की हैं।

# जैकब्स को इंग्लैंड में एसए20 अंपायर एक्सचेंज प्रोग्राम के तीसरे प्राप्तकर्ता के रूप में चुना गया

**जैकब्स, हैरिस और लुबाबालो दोनों के नक्शेकदम पर चलेंगे, जिन्हें 'द हंड्रेड' में अंपायरिंग का अवसर मिला है**



**जोहान्सबर्ग, वार्ता।** पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर अर्नो जैकब्स को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के द हंड्रेड के साथ एसए20 और क्रिकेट एसए (सीएसए) अंपायर एक्सचेंज प्रोग्राम के तीसरे दक्षिण अफ्रीकी प्राप्तकर्ता के रूप में चुना गया है।

जैकब्स, स्टीफन हैरिस और लुबाबालो 'बैब्स' गकुमा, दोनों के नक्शेकदम पर चलेंगे, जिन्हें द हंड्रेड में अंपायरिंग का अवसर मिला है। इस पारस्परिक समझौते के तहत इंग्लैंड के रसेल वॉरेन एसए20 सीजन 2 में और जेम्स मिडलब्रुक सीजन 3 में अंपायरिंग करेंगे। जैकब्स 11 अगस्त को यूनाइटेड किंगडम के लिए रवाना होंगे, जहां वे दो पुरुष मैचों और एक महिला मैच में अंपायरिंग करेंगे और लॉर्ड्स, द ओवल और एजबेस्टन जैसे प्रतिष्ठित वैश्विक स्थलों पर चौथे अंपायर के रूप में अंपायरिंग करेंगे। एसए20 के क्रिकेट संचालन प्रमुख स्टीफन कुक ने कहा कि 'एसए20 को अंपायर एक्सचेंज प्रोग्राम पर बहुत गर्व है। यह एक ऐसा तत्व बन गया है जिसकी हमारे सभी मैच अधिकारी आकांक्षा रखते हैं। इससे न केवल लीग में, बल्कि दक्षिण अफ्रीका में क्रिकेट में भी मैच अधिकारियों की गुणवत्ता में सुधार होगा। उन्होंने आगे कहा कि हम एक बार फिर ईसीबी के साथ सहयोग के लिए आभारी हैं, जो इस कार्यक्रम के हमारे लक्ष्यों के साथ पूरी तरह से जुड़े हुए हैं। हम अर्नो को द हंड्रेड में उनके समय के लिए शुभकामनाएं देते हैं और हमें विश्वास है कि वह समृद्ध होकर लौटेंगे। जैकब्स ने 16 साल के एक प्रतिष्ठित खेल करियर का आनंद लिया, जिसमें उन्होंने अंपायरिंग में आने से पहले 300 से ज्यादा प्रथम श्रेणी, लिस्ट ए और टी-20 मैचों में हिस्सा लिया। यह जैकब्स के लिए अपने साथी पेशेवरों के नेटवर्क को बढ़ाने, विभिन्न पिचों और खेल परिस्थितियों के साथ तालमेल बिठाने और वैश्विक अनुभव प्राप्त करने का एक अवसर होगा। जैकब्स का मानना है कि यह जीवन भर का करियर का अवसर होगा कि यह अनुभव मुझे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की चुनौतियों के लिए तैयार करेगा और साथ ही मैं यूके में अपने सहयोगियों से मिलूंगा और उनके साथ अनुभव साझा करूंगा। मैं इस अद्भुत अवसर के लिए एसए20 प्रबंधन को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं दुनिया के कुछ सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट मैदानों पर मैदान पर कदम रखने के लिए उत्साहित हूं। मैं सम्मानित और आभारी हूं। यह एक ऐसा सम्मान है जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा। 48 वर्षीय यह खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीकी घरेलू क्रिकेट के सबसे सम्मानित अधिकारियों में से एक बन गया है, जिन्हें हाल ही में क्रिकेट एसए अवार्ड्स में अंपायरों के सर्वश्रेष्ठ अंपायर और वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अंपायर दोनों के लिए नामांकित किया गया।

# सीडब्ल्यूएबी के चुनाव 4 सितम्बर को निर्धारित

- **सीडब्ल्यूएबी ने इफ्तिखार रहमान मिट्ठु की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय चुनाव आयोग का गठन किया है**

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन (सीडब्ल्यूएबी) ने घोषणा की है कि उसके चुनाव 4 सितम्बर को होंगे, जिसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। जैसा कि क्रिकबज ने सबसे पहले बताया था, सीडब्ल्यूएबी ने इफ्तिखार रहमान मिट्ठू की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय चुनाव आयोग का गठन किया है, जिसमें पूर्व राष्ट्रीय कप्तान हबीबुल बशर और पूर्व विकेटकीपर नासिर अहमद नासू सदस्य होंगे।

यह आयोग सीडब्ल्यूएबी के नियमों के अनुसार पूरी प्रक्रिया की देखरेख करेगा। यह घोषणा शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय स्टेडियम में एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद की गई, जिसमें कई वर्तमान और पूर्व क्रिकेटरों ने भाग लिया, जिसका उद्देश्य खिलाड़ियों के निकाय को पुनर्जीवित और पुनर्गठित करना था। सीडब्ल्यूएबी की तदर्थ समिति के सदस्य सलीम शाहेद ने कहा कि 'हमने सीडब्ल्यूएबी की एक बैठक की है और तय किया है कि चुनाव 4 सितम्बर को होंगे। उन्होंने आगे कहा कि बैठक में सदस्यता नामांकन से लेकर नामांकन पत्र एकत्र करने और जमा करने तक की पूरी प्रक्रिया पर भी चर्चा हुई। सभी चुनाव कार्य जल्द ही शुरू हो जाएंगे। सेलिम ने आगे कहा कि लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए अब सीडब्ल्यूएबी का एसबीएनएस में एक स्थायी कार्यालय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह स्थान एनएससी द्वारा आवंटित किया गया था, न कि सीधे बीसीबी द्वारा। यह नया स्थान सभी परिचालन और पंजीकरण संबंधी कार्यों के लिए सीडब्ल्यूएबी के आधिकारिक पते के रूप में काम करेगा। उन्होंने युवा एवं खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय खेल परिषद और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि हमने एसबीएनएस के अंदर सीडब्ल्यूएबी के लिए एक स्थायी स्थान सुनिश्चित कर लिया है, जो वर्षों से गायब था। यह कार्यालय युवा एवं खेल मंत्रालय के अधीन एनएससी द्वारा आवंटित किया गया था। सीडब्ल्यूएबी स्वतंत्र रूप से काम करना जारी रखेगा। इसके अलावा, सीडब्ल्यूएबी कोई ट्रेड यूनियन नहीं है - यह क्रिकेटरों के लिए एक कल्याणकारी संघ है। सेलिम ने पुष्टि की कि 1975 से ढाका मेट्रोपो. लिस क्रिकेट समिति (सीसीडीएम) में पंजीकृत सभी खिलाड़ी मतदान के अधिकार के साथ आजीवन सदस्य बनने के पात्र होंगे। इसके अलावा, स्थायी सीडब्ल्यूएबी सदस्यों के रूप में सूचीबद्ध वर्तमान और पूर्व राष्ट्रीय और प्रथम श्रेणी के खिलाड़ी भी मतदान कर सकेंगे। हालांकि, हितों के टकराव से बचने के लिए, बीसीबी में औपचारिक पद धारण करने वाले किसी भी सीडब्ल्यूएबी सदस्य को मतदान से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। सेलिम ने कहा कि बीसीबी के निदेशक या कर्मचारी मतदान नहीं कर सकते। यदि कोई सीडब्ल्यूएबी सदस्य बाद में बीसीबी में शामिल होता है, तो उसे दोनों में से किसी एक पद से इस्तीफा देना होगा।

शाह टाइम्स
सम्पादकीय
बुधवार , 6 अगस्त 2025

# टिप्पणी पर राजनीति

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी यह आरोप बराबर लगाते रहते हैं कि चीन ने बड़े पैमाने पर हमारी भूमि पर कब्जा किया हुआ है। वह यह भी कहते हैं कि चीन ने हमारी दो हजार वर्गकिमी की जमीन चुरा ली है। उनकी इन विवादित बातों का मामला सुप्रीम कोर्ट की दहलीज पर भी पहुंच गया है। सोमवार को इस तरह की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय पीठ ने उनको इस बात को लेकर आड़े हाथों लिया कि आपकी बातें गैर जिम्मेदाराना हैं। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने तो खुलकर राहुल गांधी को गैर जिम्मेदाराना व्यवहार के लिए फटकार भी लगाई और कहा कि विपक्ष का एक जिम्मेदार नेता होने के नाते राहुल गांधी को ऐसा नहीं कहना चाहिए था। उनका कहना था कि आप को कैसे पता चला कि दो हजार वर्गकिमी जमीन पर चीन ने कब्जा कर लिया। क्या आप वहां थे, क्या आपके पास कोई विश्वसनीय जानकारी है।

पीठ ने उनसे यह भी पूछा कि बिना किसी सबूत के आप ऐसा बयान क्यों दे रहे हैं और बड़ी बात जो कही वह यह है कि अगर आप सच्चे भारतीय हैं तो आप ऐसी बातें नहीं कहिए। इस पर हालांकि राहुल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि अगर विपक्ष के नेता मुद्दे नहीं उठा सकते, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति होगी। वहीं सत्ता पक्ष गदगद दिखाई दे रहा है और सुप्रीम कोर्ट की इस फटकार को जो उसने राहुल गांधी को दी है बेहद खुश नजर आ रहा है। संसद की कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा भी कि सर्वोच्च अदालत की ओर से लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल के बारे में जो टिप्पणी की गई वह सबके लिए सबक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी राष्ट्रीय जनजांत्रिक गठबंधन की बैठक में सदस्यों से कहा कि गलत बात बोलने पर न्यायालय भी चुप नहीं बैठेगा। पीएम का भी यह कहना था कि सबके लिए यह एक सबक है कि आप एक जिम्मेदार नागरिक हैं और कुछ भी अनाप-शनाप बोलकर बच नहीं सकते।

वहीं मंगलवार को विपक्षी दलों की बैठक में भी यह मुद्दा उठा। राहुल गांधी ने खुद इसकी जानकारी दी। इस बैठक में जहां यह सहमति बनी कि सभी जनता के मुद्दों को मिलकर उठाएंगे, वहीं एक न्यायाधीश की टिप्पणी जो राहुल गांधी पर की गई, चर्चा हुई। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि इंडिया गठबंधन के सभी दलों के नेता इस पर बात पर सहमत हुए कि वर्तमान न्यायीधीश ने एक ऐसी टिप्पणी की है जो राजनीतिक दलों के लोकतांत्रिक अधिकारों के खिलाफ है। कांग्रेस मानती है कि राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर टिप्पणी करना राजनीतिक दलों विशेषकर विपक्ष के नेताओं की जिम्मेदारी है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी टिप्पणी पर नाराजगी यह कहकर जताई कि वह माननीय जजों का पूरा सम्मान करती हैं, लेकिन साथ ही वह कहना चाहती हैं कि वह यह तय नहीं करेंगे कि सच्चा भारतीय कौन है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की बातों का गलत मतलब निकाला गया है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि राजनेता एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहते हैं और व्यवहारिक मुद्दों के सबूतों को जुटाना तुरंत संभव भी नहीं होता। इससे उन्हें बचना चाहिए।

## जज तय नहीं करेंगे, कौन सच्चा भारतीय



सुप्रीम कोर्ट के माननीय जजों का पूरा सम्मान रखते हुए मैं ये कहना चाहती हूं कि वे यह तय नहीं करेंगे कि सच्चा भारतीय कौन है, सरकार से सवाल पूछना विपक्ष के नेता का कर्तव्य है, मेरा भाई राहुल गांधी कभी भी भारतीय सेना के खिलाफ नहीं बोलेगा, उनके प्रति सम्मान रखता है, भाई की बातों का गलत मतलब निकाला गया, राहुल गांधी के एक सच्चे भारतीय और राष्ट्रवादी नेता हैं। सुप्रीम कोर्ट के माननीय जज इस तरह के मुद्दों पर गंभीरता से विचार करें कि सरकार से सवाल उठाना विपक्ष के नेता का कर्तव्य है।

**-प्रियंका गांधी**
**कांग्रेस महासचिव**

# अपनी स्पष्टवादिता के लिए याद रहेंगे सत्यपाल मलिक



**वीरेश तरार**



भारतीय राजनीति में आज एक युग का पटाक्षेप हो गया। विचारधारा, ईमानदारी और जनसंवेदनशीलता की प्रतीक छवि बन चुके सत्यपाल मलिक अब हमारे बीच नहीं रहे। आज दोपहर एक बजकर तीस मिनट पर दिल्ली के एक अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। वे लगभग छह महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे, और लंबे समय से जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे थे। एक दौर ऐसा भी आया जब उनके निधन की अफवाहों ने जोर पकड़ा, लेकिन तब वे जीवन की लौ बचाए रहे। आज वह लौ बुझ गई . और साथ ही भारतीय लोकतंत्र का एक मुखर, निर्भीक और नैतिक स्वर ओझल हो गया।

सत्यपाल मलिक का जीवन केवल एक राजनीतिक यात्रा नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र के भीतर जनता की आवाज को पहुंचाने का जीवंत प्रयास था। छात्र राजनीति से उन्होंने अपना आरंभ किया और मेरठ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने अपने साहस, तर्क और संगठन क्षमता का परिचय दिया। उनके जीवन का निर्णायक मोड़ तब आया जब वे चौधरी चरण सिंह के सानिध्य में आए। उन्होंने आपातकाल के काले दौर में न केवल विरोध का स्वर उठाया, बल्कि जमीनी संगठन को उस अंधकार में नई रोशनी देने का कार्य किया।

साल 1977 का जनादेश केवल चुनावी परिवर्तन नहीं था, वह एक क्रांति थी और उस क्रांति को गांव-गांव, गली-गली पहुंचाने वालों में सत्यपाल मलिक का नाम अग्रणी था। जब विपक्ष बिखरा हुआ था, तब मलिक ने अपने संगठन कौशल से लोगों को जोड़ा। जनता पार्टी को मजबूती देने में, न केवल युवाओं को साथ लाने में बल्कि उन लोगों को भी जो उस समय तक सत्ता से असहमत होकर किनारे बैठ गए थे, उन्होंने जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया। यह उनकी सांगठनिक दृष्टि का ही परिणाम था कि उन्होंने अलग-अलग धाराओं को एक मंच पर लाने में भूमिका निभाई। स्वयं चौधरी चरण सिंह ने उन्हें राजनीतिक पुत्र की उपाधि दे रखी थी, लेकिन बाद में परिस्थितियां बदली और मलिक को विरासत ही नहीं पार्टी से भी बाहर होना पड़ा। यहां तमाम दावे और प्रतिदावे उन हालात को लेकर सियासी गलियारों मे किए जाते रहे, लेकिन सत्यपाल मलिक स्वयं इस मुद्दे पर खामोश ही रहे। जीवन भर चौ चरणसिंह को वे अपना आदर्श मानते रहे।

सत्यपाल मलिक का चौधरी चरण सिंह से जुड़ाव केवल अवसरवादी नहीं था। वह वैचारिक था, जीवनपर्यंत बना रहा। वे जब भारतीय जनता पार्टी में रहे तब भी 'किसान', 'गांव' और 'गांधी-लोहिया-चरण' के मूल्यों को अपने वक्तव्यों और आचरण में प्रमुखता देते रहे। वे जब समाजवादी पार्टी से राज्यसभा पहुंचे, तब भी उन्होंने चरण सिंह के नाम और विचारों को कभी पीछे नहीं छोड़ा।

बाद के वर्षों में जब राजनीति ने विचारों की जगह सत्ता समीकरणों को वरीयता देनी शुरू की, तब भी मलिक अलग दिखते थे। वे कभी मीडिया में 'फ्लैश' नेता नहीं रहे, लेकिन संसद और सार्वजनिक मंचों पर उनकी बात गूंजती थी। उनके भीतर का छात्र नेता, वक्ता और सिद्धांतवादी। इन तीनों का समन्वय उन्हें विशिष्ट बनाता रहा।

संवैधानिक पद पर पहुंचने के बाद भी वे सत्ता से प्रश्न पूछते रहे। जम्मू-कश्मीर में राज्यपाल रहते हुए जब पीडीपी-भाजपा सरकार टूटी, तब उन्होंने विधानसभा भंग की। बाद में यह खुलासा किया कि उन्होंने ऐसा राजनीतिक खरीद-फरोख्त को रोकने के लिए किया था। पुलवामा हमले के संदर्भ में उन्होंने वह बात कही जो कोई अन्य नहीं कह सका कि अगर वायुसेना ने सुरक्षा के लिए मांगे गए विमान दे दिए होते, तो हमारे चालीस जवान शहीद न होते। यह केवल साहस नहीं था, बल्कि संवैधानिक ईमानदारी की पराकाष्ठा थी।

जब केंद्र सरकार ने कृषि कानून लाए और देशभर के किसान आंदोलित हुए, तब वे उस समय मेघालय के राज्यपाल थे। इसके बावजूद उन्होंने किसानों के पक्ष में खड़ा होना चुना। कहा कि यह सरकार किसान नहीं, पूंजीपतियों की है। अडानी-अंबानी के कहने पर फैसले हो रहे हैं। सत्ता में रहते हुए सत्ता से टकराने वाला यह साहस आज के दौर में दुर्लभ है। वह जीवन के अंतिम वर्षों में किसी दल विशेष से नहीं जुड़े रहे, लेकिन विचारों की राजनीति में उनका स्थान ऊपर रहा। वे सार्वजनिक मंचों पर, विश्वविद्यालयों में, किसान सम्मेलनों में लगातार सक्रिय रहे। पत्रकारों से बात करते हुए या जनसभाओं में, वे वैचारिक गिरावट और जनविरोधी राजनीति के खिलाफ अपने स्वर को कभी मंद नहीं होने देते थे। उनकी सबसे बड़ी खासियत थी स्पष्टवादिता। वे न तटस्थ रहते थे, न मौन। उन्हें सत्ता की चुप्पी से चिढ़ थी और जनता की चुप्पी से डर। इसीलिए वे हमेशा बोले कभी किसान के लिए, कभी सैनिक के लिए, कभी विश्वविद्यालय के छात्र के लिए। आज जब वे नहीं रहे, तो केवल एक राजनेता का जाना नहीं हुआ। यह भारत की लोकतांत्रिक चेतना में एक सच्चे प्रहरी का वियोग है। वह जो सत्ता में रहकर भी सत्ता की आलोचना करता था, जो राज्यपाल होकर भी किसानों के साथ खड़ा होता था, जो पद से नहीं विचार से बड़ा था।

सत्यपाल मलिक का जीवन हम सबके लिए एक प्रश्न है। क्या राजनीति अब भी विचारों के लिए बची है? क्या हम ऐसे लोगों की बात सुनना चाहते हैं जो बोलने का जोखिम उठाते हैं? शायद उनके निधन के बाद हम यह प्रश्न खुद से ज्यादा ईमानदारी से पूछ सकें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# स्मार्टफोन बना बैक्टीरिया का घर

**विशेषज्ञों का कहना है कि सामान्य परिस्थितियों में हफ्ते में कम से कम एक बार फोन की सफाई की जानी चाहिए। यदि आप फोन को अस्पताल, सार्वजनिक परिवहन या जिम जैसे जोखिमपूर्ण स्थानों पर ले जाते हैं, तो सफाई की आवृत्ति बढ़ा देनी चाहिए। अगर आप स्वच्छता को लेकर गंभीर हैं, तो न सिर्फ अपने हाथों की बल्कि उन चीजों की भी सफाई करना जरूरी है जिन्हें आप रोजाना सबसे ज्यादा छूते हैं। गलत तरीके से सफाई करने पर आपका फोन धीरे-धीरे खराब हो सकता है। लेकिन इसे सही तरीके से साफ करना आसान, किफायती है और इसमें ज्यादा समय भी नहीं लगता।**

हम अपने हाथ धोते हैं, शॉपिंग ट्रॉलियों को कीटाणु मुक्त बनाने के लिए सैनिटाइज करते हैं और कैफे की टेबल को पोंछते हैं, लेकिन क्या हम अपने मोबाइल फोन की सफाई पर उतना ध्यान देते हैं, जबकि दिन के 24 घंटे में ज्यादातर समय यह हमारे हाथ में होता है। साफ-सफाई केवल हाथों की ही नहीं, बल्कि उस वस्तु की भी होनी चाहिए जिसे आप दिन में सबसे अधिक बार छूते हैं।

### आपका मोबाइल फोन

विशेषज्ञों के अनुसार, मोबाइल फोन हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन चुके हैं, जिन्हें हम दिनभर कई बार छूते हैं और रसोई, भोजन कक्ष, यहां तक कि शौचालय तक ले जाते हैं। ऐसे में इन पर तरह-तरह के कीटाणु जमा हो सकते हैं।

### फोन पर जमा हो सकते हैं सैकड़ों प्रकार के सूक्ष्मजीव

अध्ययनों में पाया गया है कि जब मोबाइल फोन की सतहों से नमूने लेकर जांच की जाती है, तो उनमें सैकड़ों प्रकार के बैक्टीरिया और वायरस पाए जाते हैं। हालांकि, सभी सूक्ष्मजीव बीमारियां नहीं फैलाते, लेकिन संक्रमण का खतरा बना रहता है। लोग बाथरूम में फोन का इस्तेमाल करते हैं और उससे स्वयं बातचीत करते हैं या दूसरों के साथ साझा करते हैं, जिससे संक्रमण फैलने की आशंका रहती है।

### गलत सफाई से फोन को हो सकता है नुकसान

विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि फोन की सफाई के लिए यदि गलत उत्पादों या औजारों का इस्तेमाल किया गया, तो इससे उसके वाटरप्रूफ सील, टच सेंसिटिविटी और सतही कोटिंग को नुकसान पहुंच सकता है। एप्पल और सैमसंग जैसी कंपनियां ब्लीच, हाइड्रोजन परॉक्साइड, सिरका, एयरोसोल स्प्रे, विंडो क्लीनर या 70 प्रतिशत से अधिक अल्कोहल वाले वाइप्स के उपयोग की सलाह नहीं देतीं, क्योंकि यह फोन की ओलेयोफोबिक कोटिंग को हटा सकते हैं। ओलेयोफोबिक कोटिंग एक बेहद पतली फिल्म होती है जो उंगलियों के निशान और धूल से स्क्रीन की रक्षा करती है। अल्कोहल, एसीटोन या अमोनिया आधारित क्लीन इस कोटिंग को नुकसान पहुंचा सकते हैं । सिरका जैसे घरेलू उपाय भी एल्युमिनियम या प्लास्टिक को नुकसान पहुंचा सकते हैं, जबकि ब्लीच और हाइड्रोजन परॉक्साइड जैसे रसायन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए अत्यधिक कठोर माने जाते हैं।

### कैसे करें फोन की सही सफाई

फोन को प्रभावी और सुरक्षित तरीके से साफ करने के लिए कुछ सुझावों का पालन करें। सफाई से पहले फोन को चार्जर और कवर से अलग करें। सफाई के लिए 70 फीसदी आइसोप्रोपिल अल्कोहल वाले वाइप्स या माइक्रोफाइबर कपड़े का उपयोग करें। चार्जिंग पोर्ट, स्पीकर ग्रिल जैसे नाजुक हिस्सों की सफाई के लिए एंटी-स्टैटिक ब्रश (नायलॉन, हॉर्सहेयर या गोट हेयर) का उपयोग करें। सीधे फोन पर किसी भी प्रकार का तरल न छिड़कें।



इससे नमी फोन के अंदर जा सकती है और शॉर्ट सर्किट या जंग लगने का खतरा हो सकता है। टिशू पेपर या खुरदरे कपड़े का प्रयोग न करें, यह स्क्रैच छोड़ सकते हैं। एप्पल और सैमसंग दोनों ही कंपनियों ने कोविड-19 महामारी के दौरान साफ-सफाई के दिशानिर्देशों में कुछ संशोधन किए थे और 70 फीसदी अल्कोहल वाले वाइप्स के उपयोग की अनुमति दी थी, लेकिन हल्के हाथों से पोंछने की सलाह दी थी।

# एक उम्मीद: टूटते हुए रिश्ते में भी बन सकती है बात

हर रिश्ता अपनी एक खास कहानी कहता है, कुछ मीठे पल, कुछ उलझनें, और कई बार वो सवाल जो मन में चुपचाप घर कर जाते हैं। चाहे प्यार नया हो या सालों पुराना, कुछ दुविधाएं ऐसी होती हैं जो लगभग हर जोड़े को छूती हैं। वजहें भले ही अलग हों, लेकिन परेशानियां अक्सर एक जैसी लगती हैं। इसी सोच के साथ हमने कुछ अनुभवी कपल्स थेरेपिस्ट से बातचीत की और जानने की कोशिश की, ऐसे कौन से जज्बात हैं, कौन-से सबक हैं, जिन्हें वो हर जोड़े को बार-बार समझाते हैं? क्या ऐसा कोई सच है जो वे चाहते हैं कि हर रिश्ता समय रहते समझ जाए?

### मतभेद तो होंगे ही, उन्हें संभालना आना चाहिए

हर रिश्ते में टकराव आता है लेकिन बात यह नहीं कि मतभेद हैं या नहीं, असली बात यह है कि हम उन्हें कैसे संभालते हैं। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के फैमिली इंस्टिट्यूट से जुड़े मनोवैज्ञानिक डॉ. एंथनी चेम्बर्स मानते हैं कि एक खुशहाल रिश्ता वो नहीं होता जिसमें कभी झगड़ा न हो, बल्कि वो होता है जिसमें दोनों साथी झगड़े को समझदारी से हैंडल करना जानते हों। उनके मुताबिक, रिश्ते में मतभेद चाहे छोटे-छोटे रोज के झंझटों को लेकर हों या गहरी उम्मीदों और अलग सोच से जुड़े हों, उन्हें सुलझाने के लिए तीन चीजें जरूरी हैं- लचीलापन, जिज्ञासा, और विनम्रता।

डॉ. चेम्बर्स कहते हैं, अगर आप बातचीत में इस इरादे से जाते हैं कि आप ही सही हैं और आपका पार्टनर गलत, तो समाधान मुश्किल होगा, लेकिन अगर आप यह मानते हैं कि हम अपने मतभेदों को कई तरीकों से सुलझा सकते हैं, तो रिश्ता मजबूत बनता है। मतभेद तो हर किसी के होते हैं, लेकिन जो जोड़े उन्हें समझदारी से संभालते हैं, वहीं रिश्ते में सच्ची संतुष्टि पाते हैं।

### टूटने के बाद जुड़ना भी एक कला है

हर झगड़े के बाद जो सबसे जरूरी चीज होती है, वो है वापसी यानी फिर से एक-दूसरे से जुड़ना। मिनेसोटा की सेक्स थेरेपिस्ट डॉ. लॉरेन फोगेल मर्सी के मुताबिक, रिश्ते की असली ताकत इस बात में होती है कि आप किसी मतभेद के बाद दोबारा कैसे जुड़ते हैं। मरम्मत कोई जादू नहीं, बल्कि एक सीखने लायक स्किल है। माफी कैसे मांगनी है, किस पल बात करनी है, कब चुप रहना है, यह सब समझदारी और अभ्यास से आता है।

हर इंसान की जुड़ने की भाषा अलग होती है। कोई गले लगने से शांत होता है, तो किसी को थोड़ा वक्त चाहिए होता है। कोई खुलकर बात करना पसंद करता है, तो कोई बस एक सॉरी सुनना चाहता है। रिश्ते में यही समझ जरूरी है कि हम सिर्फ बहस से नहीं, बल्कि बहस के बाद भी एक-दूसरे को समझने की कोशिश करें।

### सही-गलत से ज्यादा जरूरी है, क्या महसूस हो रहा है

कई बार जब बहस होती है, तो हमें लगता है कि हमें अपनी बात साबित करनी है, लेकिन यही सोच हमें ऐसे मोड पर ला देती है जहां बातचीत की जगह बहस होने लगती है और बहस से दूरी। मनोवैज्ञानिक और लेखिका डॉ. एलेक्जेंड्रा सोलोमन कहती हैं, जब हम सिर्फ तथ्यों पर अटक जाते हैं, तो वो बातचीत नहीं रह जाती, वो मुकाबला बन जाती है, मैं बनाम तुम, लेकिन अगर हम रुककर यह सोचें कि सामने वाला क्या महसूस कर रहा है? क्यों वो उस हालात को हमसे अलग देख रहा है? तो वहीं से रिश्ते में गहराई आती है। जब आप भावना को समझते हैं, तो आप सुलह की ओर बढते हैं। रिश्ते में सही होने से कहीं ज्यादा जरूरी होता है साथ रहना।

### रिश्ते में बारी-बारी की अहमियत मत भूलिए

बचपन में हमें सिखाया गया था, बारी-बारी से बोलो, खेलो, समझो, लेकिन बड़े होकर हम अक्सर यही भूल जाते हैं। थेरपिस्ट जूली मेनानो कहती हैं कि कई कपल्स बातचीत के दौरान एक-दूसरे को सुनने के बजाय एक-दूसरे पर बोलने लगते हैं। कोई नहीं सुन रहा, सब माइक थामे हुए हैं। रिश्ते में सच्चा संवाद तब होता है जब आप शांत होकर सुनें, समझें और जवाब दें, न कि सिर्फ अपनी बात कहें।

### बह जाना और तय करना, एक जैसा नहीं होता

रिश्ते में बहुत कुछ बस होता चला जाता है। लेकिन क्या वो आपके फैसले थे? थेरपिस्ट गैलेना रोड्स कहती हैं कि जिंदगी में बहने की बजाय सोच-समझकर फैसले लेना रिश्ते को मजबूत बनाता है फिर चाहे वो सेक्स से जुडा हो या साथ रहने के तरीके से। जो जोडे इस फर्क को समझते हैं, वही अपने रिश्ते की दिशा खुद तय करते हैं।

### साथ खेलना सिर्फ बच्चों का काम नहीं है

हंसी-मजाक, मस्ती, और खेल, यह रिश्ता निभाने के बॉन्डिंग टूल्स हैं। डॉ. स्टीफन मिशेल कहते हैं, खुश जोडे वो हैं जो मस्ती करना कभी नहीं छोड़ते। एक



मजेदार मैसेज, कोई पुराना जोक, या अचानक की गई डेट प्लानिंग ,ए छोटी-छोटी चीजें रिश्तों में जान डाल देती हैं।

### ज्यादातर जवाब आपके अंदर ही होते हैं

थेरपिस्ट जेफ गुएंथर कहते हैं, आप पहले से जानते हैं कि क्या ठीक है और क्या नहीं। आप किन बातों से बच रहे हैं, कहां समझौता कर रहे हैं, आप जानते हैं। सवाल बस इतना है कि क्या आप वो कदम उठाने को तैयार हैं? कभी खुद से पूछिए, अगर मेरा सबसे अच्छा दोस्त मेरी जगह होता, तो मैं क्या सलाह देता? जवाब शायद वहीं मिल जाए।

### आपका तनाव, आपके रिश्ते को भी तोड सकता है

जब आप खुद तनाव में होते हैं, तो प्यार करना भी मुश्किल हो जाता है। थेरपिस्ट एल्ट्जबेथ अर्नशॉ कहती हैं कि अनजाना तनाव रिश्तों में चुपचाप घुसकर दूरी बढ़ा सकता है। अगर आप अपने तनाव को पहचानें, समझें और बेहतर तरीके से हैंडल करें, तो आप अपने पार्टनर के लिए एक बेहतर साथ बन सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## ट्रम्प ने कहा, भारत अच्छा बिजनेस पार्टनर नहीं

# रूस से तेल खरीदने का मतलब युद्ध मशीन को ईंधन देना

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वे भारत पर 24 घंटे के भीतर और ज्यादा टैरिफ लगाएंगे। ट्रम्प ने मंगलवार को बिजनेस चैनल सीएनबीसी को दिए टेलीफोनिक इंटरव्यू में कहा कि भारत अच्छा बिजनेस पार्टनर नहीं है। ट्रम्प के मुता. बिक, भारत के टैरिफ दुनिया में सबसे ज्यादा हैं और यह बात लोग खुलकर नहीं कहते हैं।

ट्रम्प का कहना है कि भारत अमेरिका से बहुत ज्यादा व्यापार करता है, लेकिन अमे. रिका को भारत से उतना फायदा नहीं मिलता। इसीलिए उन्होंने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया है, यह 7 अगस्त 2025 से लागू हो जाएगा, लेकिन वे इस टैरिफ को अगले 24 घंटों के भीतर और बढ़ाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापार संतुलन नहीं है और भारत, रूस के साथ व्यापार करके यूक्रेन के खिलाफ रूसी वॉर मशीन को ईंधन देने का काम कर रहा है। इस वजह से अमेरिका को सख्त कदम उठाने की



जरूरत है। ट्रम्प ने कहा कि भारत के टैरिफ किसी भी देश की तुलना में सबसे ज्यादा हैं। इससे पहले ट्रम्प ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा था कि भारत रूस से भारी मात्रा में तेल सिर्फ खरीद ही नहीं रहा है, बल्कि उस तेल के बड़े हिस्से को खुले बाजार में ऊंचे दामों पर बेचकर भारी मुनाफा भी कमा रहा है। इसके साथ ही ट्रम्प ने कहा भारत को इस बात की कोई परवाह नहीं है कि यूक्रेन में रूस की युद्ध मशीन कितने लोगों की जान ले रही है। इसी वजह से मैं भारत से अमेरिका को दिए जाने वाले शुल्क को काफी बढ़ाने जा रहा हूं। इस मुद्दे पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद! 2 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने उन देशों से आयात पर 50 प्रतिशत तक पारस्परिक कर लगाने और लगभग सभी अन्य देशों पर 10 प्रतिशत आधारभूत कर लगाने की घोषणा की, जिनके साथ अमे. रिका का व्यापार घाटा है। उन्होंने व्यापार घाटे को राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करने के लिए 1977 के एक कानून का हवाला दिया, जिसके जरिए उन्होंने अपने व्यापक आयात करों को उचित ठहराया।

## अमेरिका में ट्रांसजेंडर महिलाओं को महिला खेलों के लिए नहीं मिलेगा वीजा, ट्रम्प का बड़ा फैसला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार रूप से अमेरिकी वीजा को लेकर नए और सख्त कानून लाने की प्रक्रिया तेज कर चुके है। जहां अब वीजा ओवरस्टे के बाद ट्रम्प प्रशासन ने खेल वीजा को लेकर भी एक नया नियम लागू करने का फैसला किया है। इसके तहत बताया गया है अब ट्रांसजेंडर महिलाओं को महिलाओं के खेलों में हिस्सा लेने के लिए वीजा नहीं मिलेगा। प्रशासन के अनुसार इस नियम का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि महिलाओं के खेलों में केवल महिला खिलाड़ी ही भाग लें। इस नए नियम को अमेरिकी की नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईसी) ने जारी किया है। बता दें कि यह नया नियम अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के आदेश कीप मेन आउट वूमेन स्पोर्ट्स (पुरुषों को महिलाओं के खेलों से बाहर रखें) के अनुसार बनाया गया है।



नई दिल्ली। हैदराबाद में बैठक से पहले फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## फिलीपींस को पहलगाम हमले की निंदा के लिए मोदी ने दिया धन्यवाद

**नई दिल्ली।** भारत और फिलीपींस ने अपने संबंधों को सामरिक साझेदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। दोनों देशों ने इस साझेदारी से अधिक से अधिक परिणाम हासिल करने के लिए एक व्यापक कार्य योजना बनाने पर भी सहमति व्यक्त की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की यात्रा पर आए फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद प्रेस वक्तव्य में कहा कि दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही राष्ट्रपति की यह यात्रा विशेष महत्व रखती है। उन्होंने कहा कि हमारे राजनयिक संबंध भले ही नए हैं, लेकिन हमारी सभ्यताओं के संपर्क बहुत प्राचीन काल से

■ **भारत-फिलीपींस संबंधों को सामरिक साझेदारी का दर्जा देंगे**

हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति मार्कोस के साथ आपसी सहयोग, क्षेत्रीय मुद्दों और अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान दोनों देशों ने अपने संबंधों को सामरिक भागीदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि आज हमने अपने संबंधों को साम. रिक साझेदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। इस साझेदारी से पैदा होने वाले अवसरों को परिणामों में परिवर्तित करने के लिए एक व्यापक कार्य योजना भी बनाई गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### संदीप आर्य भूटान में भारत के नए राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** संदीप आर्य को भूटान में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक वक्तव्य जारी कर यह जानकारी दी। आर्य भारतीय विदेश सेवा के 1994 बैच के अधिकारी हैं। वह अभी वियतनाम में भारत के राजदूत हैं। उन्हें वर्ष 2022 में वियतनाम का राजदूत नियुक्त किया गया था। आर्य को सुधाकर दलेला की जगह यह जिम्मेदारी दी गई है। मंत्रालय के अनुसार आर्य के शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है।

### अफगानिस्तान में ड्रग्स तस्करी में सात लोग गिरफ्तार

**काबुल।** पुलिस ने पूर्वी अफगानिस्तान के लघमान प्रांत में मादक पदार्थों की तस्करी और स्थानीय लोगों को मादक पदार्थ बेचने के जुर्म में 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रांतीय पुलिस की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक कि आरोपी तस्कर कई प्रकार के मादक पदार्थों की तस्करी और उनकी बिक्री में लिप्त थे। इनमें मैथमफेटामाइन, स्टीमुलेंट टैबलेट जैसे मादक पदार्थ शामिल हैं।

### जापान के गुनमा में रिकॉर्ड-तोड़ गर्मी, पारा 41.6 डिग्री हुआ

**टोक्यो।** जापान में इसेसाकी शहर के गुनमा क्षेत्र में मंगलवार दोपहर 41.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया जो अब तक का एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, आधिकारिक आंकडों में ये देश में अब तक का सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया है।

## ब्राजील देगा अमेरिकी आयात शुल्क को चुनौती

**ब्रासीलिया।** ब्राजील विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में नए लगाए गए अमेरिकी आयात शुल्क को औपचारिक रूप से चुनौती देने की तैयारी कर रहा है, साथ ही बातचीत के रास्ते भी खुले रखे हुए है।

ब्राजील के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा बुधवार से लागू होने वाले कॉफी, बीफ और पेट्रोकेमिकल्स सहित ब्राजील के कई वस्तुओं के निर्यातों पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा के बाद आया है। यह ब्राजील के अमे. रिका को होने वाले लगभग 35 प्रतिशत निर्यात को प्रभावित करता है, हालांकि ऊर्जा उत्पादों और कुछ खनिजों जैसे प्रमुख उत्पादों को इससे बाहर रखा गया है। ब्राजील के विदेश व्यापार चैंबर ने कल डब्ल्यूटीओ के साथ

■ **सरकार प्रभावित क्षेत्रों के साथ बातचीत भी जारी रखेगी**

औपचारिक परामर्श शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी, जो विवाद निपटान प्रक्रिया का पहला कदम है। चैंबर की मंत्रिपरिषद ने इस निर्णय को राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा को भेज दिया है, जो यह तय करेंगे कि व्यापार निकाय के समक्ष शिकायत 'कैसे और कब' प्रस्तुत की जाएं। उपराष्ट्रपति गेराल्डो अल्कमिन ने कहा कि उनका देश नए आयात शुल्क के प्रभाव को कम करने के लिए काम कर रहा है और रणनीतियों के समन्वय के लिए कृषि व्यवसाय प्रतिनिधियों से पहले ही मिल चुका है। सरकार प्रभावित क्षेत्रों के साथ बातचीत भी जारी रखेगी।

## अमेरिका में कच्चे दूध में जीवाणु संक्रमण से 21 लोग बीमार

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका में फ्लोरिडा के एक फार्म से प्राप्त कच्चे दूध में जीवाणु संक्रमण से कम से कम 21 लोगों के बीमार पड़ने के बाद राज्य प्रशासन ने स्वास्थ्य चेता. वनी जारी की है। अमेरिकी मीडिया ने सोमवार को बताया कि दक्षिण-पूर्वी राज्य फ्लोरिडा के इस फार्म से प्राप्त कच्चे दूध में ई- कोलाई और कैम्पिलोबैक्टर बैक्टीरिया से संक्रमित 21 लोगों की पुष्टि हुई है, जिनमें 10 साल से कम उम्र के छह बच्चे भी शामिल हैं। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने अपाश्चुरीकृत दूध नहीं पीने की चेतावनी दी है। रिपोर्ट के अनुसार बैक्टीरिया संक्रमित सात लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से दो की हालत गंभीर हैं। फ्लोरिडा के स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को कच्चा दूध नहीं पीने की सलाह दी है।

# अमेरिका भी तो रूस से यूरेनियम-खाद ले रहा

## ट्रम्प की टैरिफ बढ़ाने की धमकी पर भारत बोला, जयशंकर ने कहा: एक देश का दबदबा नहीं चलेगा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को भारत पर 'और ज्यादा टैरिफ' लगाने की धमकी दी जिसके बाद भारत ने पहली बार अमेरिका का नाम लेकर खुलकर जवाब दिया। डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को सोशल मीडिया पर लिखा था कि भारत को परवाह नहीं है कि रूस के हमले में कितने लोग मारे जा रहे हैं। इसलिए, मैं भारत पर टैरिफ को बढ़ाने जा रहा हूं।

इसके जवाब में भारत ने रूस से अमेरिका और यूरोपीय यूनियन (ईयू) को होने वाले निर्यात का आंकड़ा जारी कर कहा कि अमे. रिका अपने परमाणु उद्योग के लिए रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, ईवी उद्योग के लिए पैलेडियम, उर्वरक और रसायन का आयात जारी रखे हुए है। यही हाल ईयू का है। ऐसे में भारत को निशाना बनाना अनुचित और तर्कहीन है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत को निशाना बनाना गलत है। हम अपने राष्ट्रीय हितों के लिए हर जरूरी कदम उठाएंगे। इसके अलावा विदेश मंत्री जयशंकर ने भी एक कार्यक्रम में कहा कि दुनिया की व्यवस्था में



■ **भारत के आयात का मकसद भारतीय उपभोक्ताओं के लिए किफायती ऊर्जा मुहैया कराना**

अब किसी एक का दबदबा नहीं चलेगा। भारत ने कहा कि यूक्रेन संघर्ष के बाद अमे. रिका ने ग्लोबल एनर्जी मार्केट की स्थिरता को मजबूत करने के लिए रूस से भारत के तेल आयात को प्रोत्साहित किया था। भारत के आयात का मकसद भारतीय उपभोक्ताओं के लिए किफायती ऊर्जा मुहैया कराना है। भारत की आलोचना करने वाले वही देश खुद रूस के साथ व्यापार में कर रहे हैं। 2024 में यूरा. पीय संघ का रूस के साथ वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार 67.5 बिलियन यूरो था। यह रूस के साथ भारत के कुल व्यापार से काफी अधिक है। यूरोप-रूस व्यापार में न केवल ऊर्जा, बल्कि उर्वरक, खनन उत्पाद, रसायन, लोहा और इस्पात, मशीनरी और परिवहन उपकरण भी शामिल हैं। जहां तक अमेरिका का सवाल है वो खुद अपने परमाणु उद्योग के लिए रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, अपने इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के लिए पैलेडियम, उर्वरक और रसायनों का आयात कर रहा है। इस लिहाज से भारत को निशाना बनाना गलत है। भारत अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर और ज्यादा टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। उन्होंने सोमवार को कहा कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर उसे खुले बाजार में मुनाफे के साथ बेच रहा है। ट्रम्प ने कहा कि भारत को इस बात की कोई परवाह नहीं है कि रूस के हमले से यूक्रेन में कितने लोग मारे जा रहे हैं। इस वजह मैं भारत पर लगने वाले टैरिफ में भारी इजाफा करूंगा।

## बांग्लादेश सरकार हसीना के घर को बनाएगी म्यूजियम

### 15 साल से इस घर में रहीं पूर्व पीएम, पिछले साल यहां तोड़फोड़-लूटमार हुई थी

**ढाका।** बांग्लादेश सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पुराने आधिकारिक घर 'गणभवन' को म्यूजियम में बदलने का फैसला किया है। इसे 'जुलाई क्रांति स्मारक संग्रहालय' कहा जाएगा। शेख हसीना के पिता और बांग्लादेश के पहले राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान ने इस घर को फिर से बनवाया था।

इससे पहले इस जगह को एस्टेट राजबाड़ी के नाम से जाना जाता था। गणभवन राजधानी ढाका के शेर-ए-बांग्ला नगर में है, जो संसद भवन के पास है। बांग्लादेश सरकार इसे देश के नेता के आधिकारिक घर के तौर पर इस्तेमाल करती थी। शेख हसीना 2010 में यहां रहने आई थीं और 5 अगस्त 2024 तक यानी 15 साल यही उनका घर रहा। पिछले साल उनके तख्तापलट के कुछ देर बाद ही यहां तोड़फोड़ और लूटमार शुरू हो गई थी। प्रदर्शनकारी शेख हसीना के घर पर चढ़



**शेख हसीना 2010 में यहा रहने आई थी और पांच अगस्त 2024 तक रही**

गए थे। भीड़ ने यहां से साड़ियां, सजावटी सामान, घड़ियां, सोफे, लग्जरी हैंडबैग, टेलीविजन, मछलियां और यहां तक कि महिलाओं के कपड़े तक लूट लिए थे। सोशल मीडिया पर लूट की तस्वीरें वायरल हो गईं थीं। बाद में अधिकारियों ने दावा किया कि लूटा गया सामान वापस कर दिया गया। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस की लीडरशिप वाली अंतरिम सरकार ने गणभवन को शेख हसीना के कुशासन की निशानी बताते हुए इसे म्यूजियम बनाने की घोषणा की। यह म्यूजियम पिछले साल की हिंसा में मारे गए प्रदर्शनकारियों की याद में बनाया जा रहा है। बांग्लादेश के संस्कृति मंत्रालय ने इस म्यूजियम के मैनेजमेंट के लिए 200 पदों का प्रस्ताव दिया है। बांग्लादेश में बीते एक साल से लगातार शेख हसीना और उनके पिता से जुड़ी कई निशानियों पर हमला किया जा रहा है। बीते 12 महीने में शेख मुजीब की मूर्ति को तोड़ा गया और कई सार्वजनिक स्थानों पर लगी नेमप्लेट को भी हटा दिया गया। इसके अलावा स्कूल की किताबों में उनसे जुड़े कई चैप्टर को बदला गया और नोट पर लगी तस्वीरों को भी हटा दिया गया। अंतरिम सरकार ने आजादी और संस्थापक से जुड़े दिनों की 8 सरकारी छुट्टियां भी कैंसिल कर दी थी।

## ट्रम्प से गाजा युद्ध समाप्त करने को मांगी मदद

**यरूशलम।** इजरायल के लगभग 600 सेवानिवृत्त सुरक्षा अधिकारियों के एक समूह ने अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को पत्र लिखकर इज़रायल गाज़ा युद्ध तुरंत समाप्त करने की अपील की है। बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से कहा कि 'हमारा पेशेवर दृष्टिकोण है कि हमास अब इज़रायल के लिए कोई रणनीतिक खतरा नहीं है।

उन्होंने पत्र में लिखा कि अधिकांश इज़रायलियों के बीच आपकी विश्वसनीयता पीएम नेतन्याहू और उनकी सरकार को सही दिशा में ले जाने की आपकी क्षमता को बढ़ाती है: युद्ध समाप्त करें, बंधकों को वापस करें और पीड़ा को रोकें। रिपोर्ट में कहा गया कि शीर्ष पूर्व इज़रायली अधिका. रियों की यह अपील हमास और

**इजरायल के लगभग 600 सेवानिवृत सुरक्षा अधिकारियों के एक समूह ने लिखा पत्र**

इस्लामिक जिहाद के उग्रवादियों द्वारा दो इज़रायली बंधकों के वीडियो जारी किए जाने के बाद आई है। इज़रायल और पश्चिमी नेताओं ने इन वीडियो की व्यापक निंदा की। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इज़रायल में हमास के हमले के बाद इज़रायल ने गाज़ा में युद्ध छेड़ दिया। हमास के हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए और 251 लोगों को बंधक बनाकर गाज़ा ले जाया गया। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि तब से गाज़ा में इज़रायल के सैन्य अभियान के कारण 60,000 से जयादा लोग मारे गए हैं।


ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311


# कोई भी टैरिफ युद्ध इतिहास नहीं बदल सकता

## 'जो होना है वो होगा', अमेरिकी धमकी पर रूस का बयान

**मॉस्को।** रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए अमेरिका द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया गया है। अब सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर टैरिफ की दर बढ़ाने की धमकी दी।

अब इस पर रूस की सरकार का बयान भी आ गया है। रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जाखारोवा ने अमेरिका द्वारा रूस के सहयोगी देशों पर लगाए जा रहे टैरिफ और प्रतिबंधों की तीखी आलोचना की। रूसी विदेश मंत्रालय ने इसे नव-उपनि. वेशवादी एजेंडा करार दिया है। उन्होंने कहा कि राजनीति के चलते आर्थिक दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। जब मारिया जाखारोवा से पूछा गया कि अमेरिका ने वैश्विक दक्षिण के रूस के सहयोगी देशों पर टैरिफ दर बढ़ा दी है तो अमेरिका की इस नीति को आप कैसे देखते हैं? इस पर मारिया



**लैटिन अमेरिका में हमारे रणनीतिक साझेदार देश ब्राजील इस नीति का प्रमुख पीड़ित है**

जाखारोवा ने कहा कि दुर्भाग्य से प्रतिबंध आज के समय की हकीकत है, जिसका असर पूरी दुनिया के देशों पर पड़ा है। अमे. रिका अपने घटते प्रभुत्व को स्वीकार नहीं कर पा रहा है और अब दुनिया में बहुपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था उभर रही है, लेकिन इसके बावजूद अमेरिका नव-उपनिवेशवाद एजेंडा चला रहा है। राजनीति से प्रेरित होकर उन देशों पर आर्थिक दबाव बना रहा है, जो अंतर्राष्ट्रीय मंच पर स्वतंत्र होकर फैसले ले रहे हैं।श्रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने कहा कि श्यह कदम मुक्त व्यापार के उन सिद्धांतों का ही उल्लंघन है, जिसकी वकालत पश्चिमी देश ही करते थे। अब संरक्षणवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है और मनमाने तरीके से टैरिफ और प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। लैटिन अमेरिका में हमारे रणनी. तिक साझेदार देश ब्राजील इस नीति का प्रमुख पीड़ित है। अमेरिका की यह कार्रवाई दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में दखल की कोशिश है। इन चिंताओं के अलावा वैश्विक आर्थिक विकास के भी धीमा होने, आपूर्ति श्रृंखला के बाधित होने का भी खतरा है। रूस ने कहा कि हमारा विश्वास है कि कोई भी टैरिफ युद्ध या प्रतिबंध इतिहास के प्राकृतिक घटनाक्रम को नहीं रोक सकता।


प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स | Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104



अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com



यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108